e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 202
गुरुवार
25.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
आज जो आप कर रहे हैं, वही आपके भविष्य का निर्माण करेगा।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### गया के शेरघाटी कोर्ट में फायरिंग, हत्याकांड के आरोपी सहित एक पुलिसकर्मी को लगी गोली

**पटना :** शेरघाटी कोर्ट में अपराधियों ने लोक जनशक्ति पार्टी (पारस गुट) के नेता अनवर अली खान हत्याकांड के मुख्य आरोपी फोटो खान को गोली मार दी। इतना ही नहीं पुलिसकर्मी ने अपराधियों को पकड़ने की कोशिश की तो एक पुलिसकर्मी को भी अपराधियों ने गोली मार दी। पुलिसकर्मी के हाथ में गोली लगी है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और घायलों पुलिसकर्मी और हत्यारोपी को अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस के अनुसार,अनवर अली खान हत्याकांड के मुख्य आरोपी फोटो खान की कोर्ट में पेशी होनी थी। इसी दौरान पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने गोलीबारी कर दी। इसमें फोटो खान और एक पुलिस जवान घायल हो गए। दोनों का इलाज चल रहा है।

### रिटायर अग्निवीरों को सीआईएसएफ व आरपीएफ की नौकरी में मिलेगा 10 प्रतिशत का रिजर्वेशन

**नई दिल्ली :** बीएसएफ ने रिटायर अग्निवीरों के लिए बड़ा ऐलान किया है। गृह मंत्रालय ने जानकारी दी है कि पूर्व अग्निवीरों को बीएसएफ, सीआईएसएफ और आरपीएफ की नौकरी में 10 प्रतिशत की रिजर्वेशन दिया जाएगा। साथ ही आयु सीमा में भी छूट दी जाएगी।गृह मंत्रालय ने एक्स पर ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। गृह मंत्रालय ने लिखा कि बीएसएफ ने रिटायर या कहें पूर्व अग्निवीरों को 4 साल का अनुभव प्राप्त करने के बाद फोर्स में शामिल करने के लिए अनुकूल माना है। इस कारण महानिदेशक ने कहा कि उन्हें (पूर्व अग्निवीरों) 10त्न रिजर्वेशन और आयु सीमा में छूट का लाभ दिया जाए। गृह मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य बीएसएफ को मजबूत करना है।

### केंद्रीय चुनाव आयोग से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

**रांची :** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय निर्वाचन आयोग के आयुक्त से मिला और एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने झारखंड में बदलते डेमोग्राफी के विषय में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही इस विषय पर आयोग से सघन जांच कराने का आग्रह किया।मौके पर पत्रकारों से बातचीत में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में संथाल परगना के कई जिलों सहित कई अन्य जिले में डेमोग्राफी बदल गई है। यह एक गंभीर समस्या है। हाल के दिनों में जिस तरह से राज्य में बांग्लादेश घुसपैठ की घटनाएं बड़ी है, उसे यदि जल्द ही नहीं रोका गया तो बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है।प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा एवं राजमहल के विधायक अनंत ओझा भी शामिल थे।

### हाई कोर्ट से सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में 11 अप्रैल, 2023 को रांची में सचिवालय मार्च मामले में सांसद निशिकांत दुबे की ओर से धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने संबंधी याचिका पर अब 31 जुलाई को सुनवाई होगी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई 31 जुलाई तक जारी रखी है।झारखंड भाजपा के कार्यक्रम के तहत सचिवालय की ओर मार्च कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई थी। मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 107/ 2023 दर्ज किया गया था। इसमें सांसद निशिकांत दुबे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक अमित मंडल, समीर उरांव सहित 41 नामजद एवं कई अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इनमें से बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा सहित अधिकांश आरोपितों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर हाई कोर्ट से रोक लगी हुई है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30⁰ |
| न्युनतम | 24⁰ |

### ताज होटल निर्माण हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीएम रहे मौजूद

# ताज होटल से पर्यटन विकास को मिलेगा बढ़ावा : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने कहा ऐसी व्यवस्था खड़ा करना चाहते हैं, जहां सभी की भागीदारी से झारखंड को एक नई पहचान दे सके**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में एक ऐसी व्यवस्था खड़ा करना चाहते हैं, जहां सभी की भागीदारी से झारखंड को एक नई पहचान दे सकें।

इसके लिए सरकार गठन के साथ ही आंतरिक संसाधनों का बेहतर से बेहतर सदुपयोग और यहां की प्रतिभाओं को तराशने के लिए एक-एक कड़ी को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि राज्य में विकास का नया आयाम दे सकें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड मंत्रालय सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा द टाटा इंटरप्राइजेज की अनुषंगी इकाई द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के बीच ताज होटल निर्माण हेतू एमओयू को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके लिए लंबे समय से प्रयास जारी था, जो अब साकार हो रहा है।

आज का दिन काफी ऐतिहासिक और सुखद अनुभव देने वाला है। इस सुखद अनुभव में और भी इजाफा उस वक्त होगा जब ताज होटल राज्यवासियों को समर्पित किया जाएगा। ताज होटल के स्थापित होने से पर्यटन विकास को बढ़ावा मिलेगा, जिससे झारखंड को वैश्विक पहचान मिलेगी।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री हफीजुल हसन, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल, टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी श्री टी वी नरेंद्रन,आईएचसीएल के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट ऑपरेशन्स के मोहन चंद्रन, वाईस प्रेसीडेंट डेवलपमेंट अनिका गुप्ता एवं वाईस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट अफेयर्स, टाटा स्टील चाणक्य चौधरी मौजूद थे।

### दूसरे राज्यों और देश के बेहतर चीजों को ग्रहण करना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अक्सर सरकारी कार्यक्रमों और निजी वजह से भी अन्य राज्यों का भ्रमण करता रहता हूं। वहां कई कार्यक्रमों और गतिविधियों में भी शामिल होता हूं। वहां काफी कुछ जानने-समझने का मौका मिलता है । मेरा मानना है कि दूसरों की अगर अच्छी चीज हमारी व्यवस्था के लिए बेहतर होगी तो उसे जरूर ग्रहण करना चाहिए। इससे राज्य और राज्यवासियों बेहतर व्यवस्था देने और आगे ले जाने का राह प्रशस्त होगा।

### टाटा समूह के साथ झारखंड का रिश्ता काफी पुराना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा समूह के साथ झारखंड का रिश्ता काफी पुराना है। इस रिश्ते के 100 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं। इस दौरान टाटा समूह ने औद्योगिक और अन्य माध्यमों से झारखंड के विकास में अहम रोल निभाती आ रही है। इस रिश्ते को हम और भी मजबूत कर सकते हैं, जब राज्य के लोगों के साथ भी इस रिश्ते को और मजबूत कर सकें । मैं वर्षो पुराने इस रिश्ते को लेकर टाटा समूह से पूरे अधिकार से कर सकता हूं कि वह राज्य की जनता के हितों को प्राथमिकता दें। टाटा समूह भी इस बात से भली- भांति वाकिफ है और वह इसमें पूरा सहयोग करेगी।




**100 वर्ष से ज्यादा पूराना है टाटा समूह का झारखंड से रिश्ता : सीएम**

### देश को आगे बढ़ाने में झारखंड का अहम योगदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह देश को आगे बढ़ाने में टाटा का है। उसी तरह झारखंड के बिना भी देश आगे नहीं बढ़ सकता है। झारखंड अगर अपने हाथ रोक ले तो देश की अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव देखने को मिल सकता है। लेकिन हमारी सरकार सभी के साथ देश को आगे ले जाने की सोच रखती है और इसमें यह राज्य पूरा योगदान दे रही है।

**आज का दिन काफी ऐतिहासिक और सुखद अनुभव देने वाला है हेमंत सोरेन**

### सिर्फ खनिज नहीं, अन्य संसाधनों से भी धनी है झारखंड

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को खनिज संसाधनों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है, लेकिन यहां खनिज के अलावे अन्य कई संसाधन हैं, जो इस राज्य को आगे ले जाने के लिए काफी है। लेकिन, शायद नीतियां ऐसी नहीं बनी जो इन संसाधनों के जरिए झारखंड में विकास को गति दे सके। इस बात का हमें शुरू से अफसोस रहा है, लेकिन अब सरकार इससे आगे बढ़कर राज्य को नई दिशा देने के लिए पूरी ताकत के साथ कार्य कर रही है और उसके उत्साहवर्धक परिणाम देखने को भी मिल रहे हैं।

### नीतियां अच्छी हो तो रोजगार के लिए पलायन की जरूरत नहीं पड़ेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार की खातिर झारखंड से बड़ी संख्या में लोगों का पलायन देश और विदेश के लिए होता है। अगर कोई बेहतर रोजगार और बेहतर जीवन के लिए बाहर जाता है तो इसमें कोई बुराई नहीं है । लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि अगर इस राज्य में रोजगार से संबंधित नीतियों को बेहतर तरीके से बनाकर अमल में लाया जाए तो यहां से युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारी सरकार अपने ही राज्य में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### काठमांडू में क्रैश हुआ विमान,18 की मौत



**काठमांडू :** नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन कंपनी सौर्य एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 19 लोग सवार थे। इनमें 18 लोगों की मौत की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार, विमान पोखरा जा रहा था और सुबह करीब 11 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हवाई अड्डे पर तैनात एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विमान के पायलट को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि विमान में लगी आग को बुझा दिया गया है। पुलिस और दमकलकर्मी दुर्घटनास्थल पर बचाव अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार, पोखरा जाने वाले सौर्य एयरलाइंस के विमान के उड़ान भरने के दौरान रनवे से बाहर निकल जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 19 लोग सवार थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटनास्थल से पांच शव बरामद हुए थे। जहाज के कैप्टन एमआर शाक्य को अस्पताल ले जाया गया है। हवाई अड्डे पर धुएं का घना गुबार देखा गया। हादसे के बाद काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एहतियातन बंद कर दिया गया है।बीते साल भी नेपाल ने एक विमान हादसे में 72 लोगों की मौत हो गई थी। साल 2023 में यति एयरलाइंस का विमान नेपाल में हादसे का शिकार हो गया था। यति एयरलाइंस के हादसे में जान गंवाने वालों में पांच भारतीय भी शामिल थे।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों को मिली मंजूरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बुधवार को हुई हेमंत सरकार के कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों पर मुहर लगी.जिसमें मंत्री सहित सचिव स्तर के अफसरों को 60 हजार रुपए का मोबाइल सेट मिलेगा. साथ ही प्रतिमाह तीन हजार रूपए का रिचार्ज कूपन भी दिया जाएगा.

वहीं विशेष सचिव रैंक के अफसरों को 45 हजार रुपए का मोबाइल सेट पर प्रतिमाह दो हजार रुपए का रिचार्ज कूपन दिया जाएगा. अवर सचिव सहित गजेटेड रैंक के अफसरों को 30 हजार रुपए का मोबाइल सेट और प्रतिमाह 750 रुपए प्रतिमाह का रिचार्ज कूपन दिया जाएगा.

कैबिनेट के अन्य फैसले-शेख अधिकारी अस्पताल एवं नरसिंहपुर के लिए 42 पदों का सृजन होगा.विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी 20 सूत्री की ग्रामीण समिति के उपाध्यक्ष हुए मनोनीत।

नई नियुक्ति नहीं होने तक विभिन्न विद्यालयों में अनुबंध पर होंगे शिक्षक बहाल।ग्राम गाड़ी योजना के लाभुकों को परिचय पत्र दिया जाएगा।राज्य के सरकारी अस्पतालों के ऑपरेशन मेंटेनेंस और रखरखाव के लिए प्रतिवर्ष मिलेंगे 5 करोड रुपए।झारखंड राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड का विघटन

इसके सभी कर्मियों को दूसरे विभाग में समायोजित किया जाएगा।रांची शहर के सभी सरकारी भवनों से निकलने वाले कूड़ा कचरा को रीसायकल करने के लिए डीपीआर तैयार किया जाएगा।एक नया थाना और तीन ओपी बनेगा।राजकीय सरकारी कर्मचारियों को डीए में बढ़ोतरी।पीजीटी और घर विद्युतीकरण एरिया को विद्युतीकरण किया जाएगा। ऑनलाइन ग्रेड के तहत 317 और ऑफ हिट के तहत 114 दोनों का होगा विद्युतीकरण। फरक्का ललमटिया ट्रांसमिशन लाइन का होगा पुर्नस्थापन।

## बजट में भेदभाव को लेकर विपक्ष ने संसद परिसर में किया विरोध प्रदर्शन



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत इंडी ब्लॉक के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्ष शासित राज्यों के साथ कथित भेदभाव को लेकर बुधवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, यह यह अन्याय है। हम इसका विरोध करेंगे। वहीं कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, यह बजट भारत सरकार के बजट जैसा नहीं लगता। इस बजट में संघीय ढांचे को तोड़ा गया है। विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्य बजट से गायब हैं। यह सरकारी बजट नहीं बल्कि सरकार बचाओ बजट है। यह सिर्फ सबको खुश करने के लिए है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा,समर्थन मूल्य किसान को ना देकर गठबंधन के साथियों को दे रहे हैं।

उत्तर प्रदेश को बड़े सपने दिखाए थे, क्या मिला उत्तर प्रदेश को डबल इंजन की सरकार है तो डबल लाभ मिलना चाहिए था। बाढ़ अगर बिहार की रोकनी है तो नेपाल और उत्तर प्रदेश की बाढ़ रोके बिना आप बिहार की बाढ़ कैसे रोकेंगे? आप पहले उत्तर प्रदेश और नेपाल की बाढ़ रोके तो बिहार की बाढ़ अपने आप रुक जाएगी।बजट के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। वहीं लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय बजट के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की।

### लोकसभा में स्पीकर व टीएमसी सांसद के बीच हुई तीखी नोकझोंक

**नई दिल्ली-** तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा में पिछली लोकसभा में लाए गए किसान बिल और किसानों के आंदोलन को लेकर सवाल उठाए. लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी के बीच तीखी नोकझोंक हुई. अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि सदन में तीन कृषि कानूनों पर चर्चा नहीं हुई. स्पीकर ने जोर देकर कहा कि चर्चा हुई थी. यह कानून बाद में वापस ले लिए गए थे.पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर लोकसबा क्षेत्र के सांसद अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि इन बिलों को लेकर न तो विपक्ष से न ही किसान संगठनों से सलाह ली गई थी और इन्हें सदन में बिना चर्चा के पारित कर दिया गया था. इसको लेकर सत्ता पक्ष की ओर से हंगामा किए जाने पर बनर्जी ने उसे बहस की चुनौती दी. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें टोका और कहा कि सदन में चुनौती नहीं, अपनी बात कहें.इससे पहले बनर्जी ने अपने संबोधन में बजट को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा जिस पर सत्ता पक्ष, विशेषकर बंगाल के बीजेपी सांसदों की ओर से प्रतिक्रिया आई. तृणमूल कांग्रेस के महासचिव ने कहा कि बजट में दृष्टिकोण की स्पष्टता का अभाव है और इसका उद्देश्य देश के 140 करोड़ लोगों को राहत प्रदान करने के बजाय भाजपा के गठबंधन सहयोगियों को संतुष्ट करना है.

## दक्षिण अफ्रीका में फंसे झारखण्ड के 27 कामगारों की हुई घर वापसी

**मुख्यमंत्री ने मोबाइल की जरिए श्रमिकों से किया संवाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश एवं श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग की त्वरित पहल पर दक्षिण अफ्रीका के कैमरून के याउंडे में विनायक कंस्ट्रक्शन,फेस जेंडरमेरी, अप्रेस ऑडिटोरियम और जीन पॉल टू मबांकलो कंपनी में कार्यरत झारखंड के 27 श्रमिकों की आज सवेरे सुरक्षित अपने घर वापसी हो गई। मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बैद्यनाथ राम, मंत्री बेबी देवी, विधायक कल्पना सोरेन और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने श्रमिकों के गिरिडीह पहुंचने पर उनका स्वागत किया। उन्होंने श्रमिकों से बात कर उनकी पूरी व्यथा को जाना। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी मोबाइल की जरिए श्रमिकों से संवाद किया और उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग मदद करने का आश्वासन दिया।



श्रमिकों ने विकट परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका से वापस अपने घर झारखंड लौटने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए गए पहल को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।दक्षिण अफ्रीका में फंसे 27 श्रमिकों में बोकारो के 18, गिरिडीह के 4 और हजारीबाग-5 श्रमिक हैं। ये सभी श्रमिक इस वर्ष 29 मार्च से वहां काम कर रहे थे। उन्होंने 16 जुलाई को एक्स हैंडल पर 4 महीने से पारिश्रमिक बकाया रहने और वापस भारत लौटने की इच्छा जताई थी।मुख्यमंत्री ने इसकी जानकारी प्राप्त होते ही श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग को आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। श्रम विभाग की ओर से मामले पर संज्ञान लेने हेतु पत्र भेजा गया। पत्र के माध्यम से कामगारों को उनका बकाया पारिश्रमिक और उनके सुरक्षित झारखंड वापसी किस दिशा में पहल करने को कहा था।

### दिल्ली सरकार पीयूसी जांच केंद्रों की संख्या बढ़ाएगी

**नई दिल्ली (एजेंसी):** दिल्ली वासियों की सुविधा के लिए पीयूसी जांच केंद्रों की संख्या बढ़ाने के प्रयास में दिल्ली सरकार शहर के भीतर नए पीयूसी जांच केंद्र स्थापित करने के लिए अतिरिक्त स्थानों को चिन्हित कर रही है। इस सिलसिले में परिवहन विभाग ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड से अपनी साइटों पर नए पीयूसी जांच केंद्र खोलने का अनुरोध किया है।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# अब विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

## 10 करोड़ की लागत से होगा तीन पुलों का निर्माण, झारखंड सरकार ने दी स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका व रमकंडा प्रखंड में लगभग 10 करोड़ रूपये की लागत से तीन पुलों का निर्माण किया जाएगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत रमकंडा में दो तथा रंका में एक पुल का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत रमकंडा प्रखंड के पंचायत चेटे में ग्राम चेटे, टेढ़ाकहुआ और बोड़ी के बीच हाठु नदी पर तीन करोड़ 94 लाख 48 हजार 700 रूपये की लागत से 96.8 मीटर लंबा उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा। साथ ही इसी प्रखंड के पंचायत रक्सी में ग्राम रक्सी देवी



मंडप से ढुलवा सीमा के समीप हड़बड़िया नाला पर दो करोड़ 78 लाख 94 हजार 500 रूपये की लागत से 58.08 मीटर लंबा उच्च स्तरीय पुल तथा रंका प्रखंड में ग्राम बाहाहारा एवं जासोबार (पानापोठी) के बीच हाठु नदी पर दो करोड़ 96 लाख 42 हजार 400 रूपये की लागत से 67.08 मीटर लंबा उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा।जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि उक्त पुलों के निर्माण की स्चीकृति झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है। शीघ्र ही इसकी निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि एक समय था जब गढ़वा विधानसभा क्षेत्र एवं गढ़वा जिले के गिनती राज्य के सबसे पिछड़े जिले में होती थी। परंतु पिछले साढ़े चार वर्षों में स्थिति पूरी बदल गई है। गढ़वा की बदहाली अब बीते दिनों की बात हो गई है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा विकास के पथ पर काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब गढ़वा पीछे मुड़कर नहीं देखने वाला है। विकास की गति में निरंतर तीव्रता ही आयेगी। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र के दर्जनों गावों के ग्रामीणों को बरसात के मौसम में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। लंबे समय से ग्रामीण पुल निर्माण की मांग कर रहे थे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान वहां की स्थिति को देखकर उन्होंने ग्रामीणों से उच्च स्तरीय पुल निर्माण कराने का वादा किया था। वह वादा अब पूरा हो चुका है।

# वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट गरीबों के लिए वरदान साबित : शर्मिला वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की ईकाई कपड़ा बैंक 2018 से पूरे पलामू जिले में अपनी सेवा दे रही है। जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क कपड़ा बैंक वरदान साबित हो रहा है।यह एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां जनसहयोग से कपड़े इकठ्ठे होते हैं और स्थानीय स्तर के अलावा सुदूरवर्ती गांव तक लोगों के बीच रोजमर्रा के कपड़े, गर्म कपड़े ,कंबल वगैरह मुहैया कराए जाते हैं।हमारी इन गतिविधियों से प्रभावित होकर आज सुदना स्थित नटखट प्ले स्कूल के निदेशक श्री रामाकांत पांडे ने हमारी टीम को अपने स्कूल में आमंत्रित किया और नन्हें मुन्ने बच्चों के हाथों नई साड़ियां, धोती, पैंट शर्ट के पीस और छोटे बच्चों के सैकड़ों नये कपड़े डोनेट किए और वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की पूरी टीम का इस पुनीत कार्य के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शर्मिला वर्मा, कंचन गुप्ता, फरहा नाज, ज्योति भाटिया, मयूरेश द्विवेदी, शुभम बिहारी और स्कूल की शिक्षिकाएं रौशनी शर्मा, ममता सिंह, रूपांजली, प्रिया सिंह, तनु, सेजल आदि उपस्थित थीं।

# पशुधन को लेकर पंचायत सचिवालय में हुआ ग्राम सभा



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत मुकदपुर पंचायत सहित पांच पंचायतो में पशुधन विकास योजना के तहत संबंधित मुखिया के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया इस दौरान स्थानीय ग्रामीण पशुपालन में रुचि रखकर गाय, बैल, भैंस, बकरी, मुर्गी का फॉर्म भरा गया। इस मौके पर मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह, केतार मुखिया प्रमोद कुमार, बलीगढ़ पंचायत के मुखिया ललिता कुमारी, लोहरगड़ा पंचायत के मुखिया नीलम देवी, पचाडूंमर पंचायत के मुखिया श्याम सुंदर बैठा, मुकुंदपुर बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, शंभू साह, अशोक पासवान, अंगद कुमार गुप्ता, राजेंद्र साह, प्रेमलाल गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

# कुआं में जहरीला गैस के कारण दम घुटने से अधेड़ की हुई मौत



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पचायत लोहरगाड़ा निवासी 50 वर्षीय अखिलेश्वर चौधरी पिता स्व0 गरीबा चौधरी की मृत्यु बुधवार को अपनी ही कुआं में उतरने के पश्चात जहरीले गैस के कारण दम घुटने से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अखिलेश चौधरी अपने ही पुराने कुआ में चापाकाल के पाइप लगाने के लिए उतरे थे परंतु कुआं में जहरीला गैस होने के कारण वह बेहोश हो गए इसी दौरान बचाव करने पास के ही कृष्णा चंद्रवंशी कुआ में उतरे तो वह भी बेहोश हो गए। ग्रामीणों के सूचना पर संबंधित मुखिया पति सीताराम शर्मा एवं समाजसेवी रामाकांत भारती वहां पहुंच लोगों को सहयोग करते हुए कुआं में पंखा लगाकर कृष्णा चंद्रवंशी को सुरक्षित निकाला गया परंतु गैस से दम घुटने के कारण अखिलेश्वर चौधरी की मृत्यु हो गई। खबर सुनते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था वही आस-पड़ोस में मातम सा महौल है। स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शव को पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# सहायक निर्वाचन पदाधिकारी ने की विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी नंद जी राम के अध्यक्षता में बुधवार को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी योग्य मतदाताओं को शत प्रतिशत नाम जोड़ने एवं मृत मतदाता का नाम हटाने को लेकर विभिन्न राजनीतिक दल के अध्यक्ष, सचिव के साथ प्रखंड कार्यालय में बैठक किया। इस दौरान बीडीओ सह सीओ विकास कुमार उपस्थित रहे। उक्त पदाधिकारी ने बताया कि झारखंड राज्य में 25 जुलाई से सोशल मीडिया अभियान के तहत नाम जांचों के सफल संचालन हेतु विभिन्न दल के अध्यक्ष,सचिव के साथ बैठक आहूत किया गया। उक्त अध्यक्ष सचिव को बताया गया की अपने ओर से प्रचार प्रसार करने में सहयोग करें और नाम जांचों अभियान के तहत अपने निकटतम बूथ में जाएं वहां जांच करें की वोटर लिस्ट में मेरा नाम फोटो स्थान सब सही है या नही अगर किसी तरह की त्रुटि है तो संबंधित बीएलओ को आपत्ति देकर सुधार करवा लें।साथ ही लैमिनेटेड फोटो वालों को रंगीन फोटो किया जाना है। वहीं नए मतदाताओ को जोड़ने हेतु प्रपत्र 6 का फॉर्म भरवाये। बैठक में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, भाजपा के मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष जगनारायण यादव, भाकपा माले के दिलीप कुमार गुप्ता, बहुजन समाज पार्टी के गौतम कुमार राम,सहित अन्य लोग शामिल थे।

# पिरामल फाउन्डेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सीएस कार्यालय में एमडीए/आईडीए के सफल क्रियान्वयन के लिए सिविल सर्जन अनिल कुमार की अध्यक्षता में पिरामल फाउन्डेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण सफल रूप से संपन्न कराया गया ।इस बैठक में भी0. बी0. डी0. पदाधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार व सलाहकार अरविंद द्विवेदी साथ में पिरामल टीम से अनिल कुमार, विजय पांडेय, सृजनी चक्रवर्ती, किशन मौर्य और अभिनव तथा सचिव नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस/एनसीसी के कार्यक्रम प्रबंधक, भिन्न भिन्न विभाग के जिला स्तरीय तथा विभिन्न प्रखंड स्तरीय अधिकारी जैसे बीडीओ, बीईईओ, बीपीआरओ, आईसीडीएस, जेएसएलपीएस एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थिति रहे। विभिन्न विभागों से आए हुए पदाधिकारियों को एमडीए आईडीए कार्यक्रम के बारे में बताते हुए उसकी महत्ता को समझाया गया, विश्व में दिव्यंगता का सबसे बड़ा दूसरा कारण फाइलेरिया है जिसे



आम बोलचाल की भाषा में लोग हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। लोग इससे प्रभावित तो है लेकिन इसके बारे में जागरूक नहीं है। ऐसी स्थिति में आप सभी पदाधिकारियों से आग्रह है कि आप सभी लोग अपनी टीम और अपने आस पास मौजूद लोगो के बीच में इसके बारे में चर्चा करें और लोगो के बीच में फाइलेरिया की सही जानकारी दें तथा सभी को एमडीए आईडीए कार्यक्रम के तहत खिलाई जाने वाली दवाओं का सेवन करने के लिए प्रोत्साहित करें। इस प्रोग्राम में खिलाए जाने वाली सभी दवाएं भारत सरकार द्वारा प्रमाणित व विश्वसनीय है। कभी कभी ऐसा होता है कि कुछ लोगों को कुछ समस्याएं सकती है जैसे की हल्का बुखार, सिरदर्द, उल्टी, चक्कर और खुजली जैसी छोटी मोटी समस्याएं हो सकती है, ऐसी स्थिति में घबराएं नहीं ये समस्याएं 24 घंटे के अंदर समाप्त हो जाती है यदि आप चाहें तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। दवा खाते व खिलाते हुए हमे कुछ मानकों का ध्यान देना है और खाली पेट दवा नही खानी है।ये रोग मच्छर के काटने से फैलता है, और ये अपना प्रभाव तुरंत नही दिखाता बल्कि ये 5 से 15 साल में इसका प्रभाव देखने को मिलता है और एक बार फाइलेरिया हो जाने के बाद इसका कोई इलाज नहीं है इसलिए इसके रोक थाम के लिए हम सभी लोगों दवा खाना जरूरी है।

# सत्य कर्मों को करने के बाद मिलता है मोक्ष : जीयर स्वामी



**पंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** निगम क्षेत्र में सिंगरा अमानत नदी तट चातुर्मास व्रत कथा में जीयर स्वामी जी ने श्रीमद्भागवत कथा-प्रवचन के दौरान कहा कि मोक्ष की पांच गतियां हैं। प्रथम सालोक्य मुक्ति यानी प्रभु लोक में निवास करना. द्वितीय सार्षि्ट-मुक्ति इसमें भगवान् के सानिध्य में सृष्टि करना. तृतीय सामीप्य मुक्ति यानी प्रभु के समीप में वास करना. चतुर्थ सारूप्य मुक्ति यानी प्रभु रुप पाना एवं पांचवीं मुक्ति है। सायुज्य मुक्ति जो सबसे सर्वश्रेष्ठ है। मोक्ष सत्य कर्मों को करने के बाद मिलता है। घर में बुजुर्गों की सेवा नहीं होगी तो परलोक क्या इस लोक में भी सम्मान नहीं मिलेगा। श्री शुकदेव जी महाराज राजा परीक्षित से कहते हैं कि जो मनुष्य अपनी मन, वाणी, इन्द्रियों की पवित्रता पूर्वक दिनचर्या को करके भगवान् के नामों का उच्चारण, नामों का गुणगान, भगवान् के चरित्रों की कथाओं को जो पीता, सुनता है उसकी मुक्ति सम्भव है. अमृत को पीने वाला साधक दिर्घायु, चिरंजीवी हो सकता है, लेकिन मुक्त नहीं हो सकता, मोक्ष को नहीं प्राप्त कर सकता। लेकिन भगवान् की भगवत कथा रूपी अमृत को पीने से या पान करने से हमारी मुक्ति निश्चित है।

# सड़क पर फेके गए मिट्टी के कारण लोगों में आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नगर निगम वार्ड नंबर 19 के निवाशी विश्वनाथ सिंह ने अपने घर में खोदे गए मिट्टी को पीसीसी सड़क पर ही फेंक कर सड़क को नरक बना दिया है। जिसके कारण सड़क पर चलने वाले राजगीरों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।अभी बरसात का मौसम है, पानी बरसने के बाद लोग इस मिट्टी में फिसल कर चोटिल हो रहे हैं।वही नगरनिगम के सफाई कर्मी एक बार भी इस मोहल्ले में साफ सफाई के लिए नहीं आते हैं। जिसके कारण यहां आस-पास के क्षेत्र में काफी गंदगी फैली हुई है। गंदगी के कारण लोगों में संक्रमण होने का खतरा बना हुआ है।वही विश्वनाथ सिंह के द्वारा सड़क पर मिट्टी फेक जाने को लेकर आसपास के लोगों में आक्रोश उत्पन्न है। सड़क पर फैले मिट्टी के कारण कभी भी यहां पर झगड़ा होने की संभावना है। लोगों ने नगर आयुक्त से आग्रह किया है कि विश्वनाथ सिंह के द्वारा सड़क पर फेके गए मिट्टी को जल्द से जल्द हटाया जाए और विश्वनाथ सिंह के को फाइन किया जाए।

# कुआं में गिरने से बचाने गए युवक की मौत, दो हुए घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** थाना अंतर्गत केतार के नवाडीह गांव में मंगलवार की रात्रि करीब 10बजे मुमताज अंसारी के 26 वर्षीय पुत्र मकसूद अंसारी की मृत्यु कुआं में गिरकर हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पड़ोस के ही वकील अंसारी के 18 वर्षीय पुत्र कैफ राजा अपने पिता से नोंकझोंक कर कुआ में छलांग लगा दी थी। परिजन के सूचना पर लोग वहां एकत्रित हुए इसी दौरान उक्त को बचाने के वास्ते 26 वर्षीय मकसुद अंसारी व पड़ोस के ही एक और युवक नजाबुदिन अंसारी के 24 वर्षीय पुत्र मकसूद अंसारी कुआं के नीचे उतर पड़े इसी क्रम में शिडी के सहारे मृतक मकसूद अंसारी कैफ राजा को लेकर रस्सी के सहारे ऊपर चढ़ रहा था कुआ की लास्ट उपर भाग में जैसे ही पहुंचा शिडी मोटर के सेक्सन के रस्सी में फस गया। रस्सी टूटने पर निकल रहे युवकों को झटका मिला और लोगों का बैलेंस बिगड़ने पर हाथ से रस्सी छूट गया नीचे गिरते ही मकसूद अंसारी की स्पॉट पर ही मृत्यु हो गई और कैफ राजा एवं




मकसूद अंसारी को गंभीर छोट लगी। सूचना पाकर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से लोगों को बाहर निकाला तत्पश्चात इलाज हेतु निजी वाहन से स्वास्थ्य उपकेंद्र भवनाथपुर भेजा गया चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया जहां दोनों घायल युवक खबर लिखे जाने तक खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। वही मृतक मकसूद अंसारी को सदर अस्पताल गढ़वा में बुधवार को पोस्टमार्टम के पश्चात शव घर पहुंचा शव देख परिजनों ने चीत्कार मारकर रोने लगे वहीं पूरे गांव का माहौल गमगीन सा हो गया। मृतक मकसूद अंसारी अविवाहित था एवं समाज से लगाव रखने वाला मिलनसार व्यक्ति था। मौके पर बीडीओ सह सीओ विकास कुमार परिजनों से मिलकर ढाढ़स बढ़ाया साथ ही आपदा से मिलने वाला सरकारी राहत की राशि तत्काल दिलाने एवं हर संभवतः शवजनों को मदद करने की बात कही। इस मौके पर केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार, मुकुंदपुर पंचायत मुखिया मूंगा साह, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम, झामुमों के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, सदर शमीम अंसारी, अल्ताफ अंसारी, जसमुद्दीन अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, अली हुसैन अंसारी, अजीम अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# संसद में बजट को लेकर कांग्रेस सांसदों का प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कांग्रेस के सांसदों ने वेट को लेकर संसद में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत शामिल हुए। इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि यह बजट सत्ता के लिए है। अपने सहयोगी दल को खुश करने का यह बजट है। केंद्र सरकार अनेक राज्यों के साथ बजट में भेदभाव किया है। केंद्र सरकार संघीय ढांचा पर प्रहार किया है जो न्याय संगत नहीं है। इसके विरोध कांग्रेस के सांसदों ने प्रदर्शन किया है।लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया।

**झारखण्ड सरकार**

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, उद्यान निदेशालय, झारखण्ड कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची**

**आम सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के स्वीकृत्यादेश सं0 40 दिनांक 16.07.2024 द्वारा स्वीकृत ष्राज्य उद्यान विकास योजनाष अन्तर्गत उपयोजना उद्यान विकास की योजना के कार्यान्वयन हेतु स्वीकृत **भौतिक लक्ष्य** के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि राँची एवं खूँटी जिला में निम्नांकित रूप से उद्यान विकास की योजना का कार्यान्यवन किया जाना है, जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक / स्वयं सहायता समूह / कृषक उत्पादक समूह (FPO)/ सहकारी समिति / सखी मंडल जो योजना अवयव का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुशंसित कराकर 05.08.2024 तक कार्यालय अवधि में कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची में जमा कर सकते हैं।

**उद्यान विकास योजना स्वीकृत भौतिक लक्ष्य (सं0 / इकाई / हे0 / एकड़ एवं वर्गमीटर में)**

| क0 | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य (सं0 / हे0 / इकाई में) | |
|---|---|---|---|
| | | जिला– राँची | जिला– खूँटी |
| 1. | बागवान मित्रों / कृषकों को 05 दिवसीय प्रषिक्षण | 1100 सं0 | 300 सं0 |
| 2 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण | 60 सं0 | 15 सं0 |
| 3 | मिर्चा की खेती | 120 हे0 | 30 हे0 |
| 4 | ओल की खेती | 110 हे0 | 30 हे0 |
| 5 | अदरख की खेती | 80 हे0 | 20 हे0 |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 60 इकाई | 25 इकाई |
| 7 | खुले वातावरण में फूलों की खेती | 180 हे0 | 50 हे0 |
| 8 | टिशु कल्चर केला की खेती | 40 हे0 | 5 हे0 |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमील) | 150 इकाई | 35 इकाई |
| 10 | सब्जी की खरीफ एवं रबी खेती | 900 हे0 | 400 हे0 |
| 11 | मशरूम कीट वितरण | 12000 सं0 | 4200 सं0 |
| 12 | मशरूम पर 5 दिवसीय प्रषिक्षण | 400 सं0 | 140 सं0 |
| 13 | संरक्षित फूलों की खेती | 3 हे0 | – |
| 14 | पपीता की खेती | 70000 सं0 | 20000 सं0 |
| 15 | टिशू कल्चर स्ट्रोवेरी की उन्नत खेती | 50 हे0 | 16 हे0 |
| 16 | पॉली हाउस प्रति इकाई 1000 वर्ग मीटर | 3 इकाई | – |
| 17 | गुणवत्तायुक्त सब्जी, फूल, फल, पौध बिचड़ा उत्पादन इकाई | 110 इकाई | 55 इकाई |
| 18 | परवल की खेती | 2.8 हे0 | 1.6 हे0 |

नोट–

1. प्रत्येक लाभुक का आधार नं0 एवं मो0 नं0(जो प्रयोग में हो) आवश्यक है।
2. योजना के क्रियान्वियन में लाभुकों के चयन हेतु पहले आओ, पहले पाओ प्रणाली से की जायेगी।
3- ST, SC एवं लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला स्वयं सहायता समूह (JSLPS), कृषक उत्पादक समूह (FPO) को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
5. माली प्रशिक्षण हेतु ऐसे लाभुकों का चयन किया जायेगा जिनकी उम्र न्यूनतम 20 से 45 वर्ष के बीच हो, मैट्रीक उतीर्ण अथवा समकक्ष (प्रमाण पत्र), कृषि उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र में अनुभव हो।
6. आवेदन कार्यालय में 05.08.2024 तक जमा किया जाना है उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
7. आवदेन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
8. कार्यालय अवधि में ही आवेदन पत्र प्राप्त किया जायेगा।
9. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
10. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर **BAO/BTM/ATM/VLW**/उद्यान मित्र / कृ"ाक मित्र एवं जिला स्तर पर राँची में कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची तथा खूँटी में कार्यालय, जिला कृ"ा पदाधिकारी –सह– परियोजना निदेशक, आत्मा, खूँटी से सम्पर्क किया जा सकता है।

**जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची**

**PR 330567 Agriculture(24-25)#D**

# संवेदक के द्वारा कराया जा रहा घटिया सड़क का निर्माण कार्य, ग्रामीणों में आक्रोश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव में संवेदक के द्वारा घटिया सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। संविदा के द्वारा निर्माण कार्य में तनिक भी गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया। जैसे तैसे महज औपचारिकता पूरी कर निर्माण कार्य का स्वरूप दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों के द्वारा निर्माण कार्य का विरोध किया गया। लोगों का शिकायत है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य से योजना स्वीकृत है। जो तोलरा तीन मुहान से पंचायत सचिवालय होते निमिया टिकर तक पीसीसी पथ व कालिकरन कराया जाना है। संवेदक के द्वारा कुछ भागों में पीसीसी पथ की ढलाई कराई गई। वही अवशेष भागों में कालीकरण किया जाना है। जहां घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय धीरन तिवारी ने बताया कि कालीचरण पत्र निर्माण बरसात के मौसम में किसी भी



स्थिति में नहीं कराया जा सकता। बरसात होने के कारण सड़क पर नमी बनी है। जहां कालीकरण किया जाना मजबूत स्थिति में नहीं हो सकता है। नमी व बरसात होने के कारण उपयोग में लाया गया अलकतरा बेकार साबित हो जाएगा। सड़क पर डाली गई गिट्टी की पकड़ कमजोर हो जाएगा। बताया कि सड़क निर्माण पूर्व जीएसबी आदि डालकर तैयार किया जाना है। जिस पर कालीकरण या पीसीसी पथ की ढलाई की जानी है। लेकिन संवेदक के द्वारा गुणवत्तापूर्ण कोई भी कार्य नहीं किया गया। मिट्टी व गिट्टी डालकर तैयार किए गए बेड पर कालीकरण किया जा रहा है। जो किचड़ में तब्दील है। धीरन तिवारी के द्वारा रोड को हाथ से खोदकर घटिया निर्माण की पोल खोल दिया गया। सड़क के किनारे कल भट्ट, नाली आदि का निर्माण किया जाना है। ? लेकिन संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य नहीं कराया गया। संवेदक की कार्य पद्धति व लापरवाही को देखते हुए स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पूरी मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित विभागीय अधिकारी, पलामू सांसद व स्थानीय विधायक से शिकायत किया जाएगा। साथ ही संवेदक पर कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य करने की मांग की जाएगी। सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कराया जा रहा है।

# नावाबाजार थाना ने टेंपो चोर को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** नावाबाजार पुलिस ने टेंपो चोरी की घटना में संलिप्त दीप रंजन पांडेय को गिरफ्तार किया है। साथ हीं उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के राजहारा गांव से दो दिन पूर्व एक टेंपो की चोरी हुई थी। टेंपो मालिक के द्वारा नावाबाजार थाना में घटना की जानकारी देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई। थाना प्रभारी चिंटू कुमार मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। जिसमें संलिप्त गांव के हीं एक युवक दीप रंजन पांडेय को बुधवार को गिरफ्तार किया। साथ हीं युवक ने अपनी संलिप्तता भी स्वीकार किया है। नावाबाजार थाना चोरी के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### खेल में अच्छा प्रदर्शन नहीं करने पर शिक्षक ने छात्रों को पीटा

**रांची।** गोंदा थाना क्षेत्र के डीएवी गांधीनगर स्कूल के एक टीचर आयुष कुमार के द्वारा छात्रों को पीटाई करने का मामला थाना पहुंचा। बताया जा रहा है कि 22-23 जुलाई को बोकारो में आयोजित महात्मा हंस राज अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में असफल रहे स्कूल के छात्रों को टीचर ने बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। छात्रों के परिजनों ने मीडिया को बताया कि टूर्नामेंट में बच्चों के द्वारा अच्छा परफॉर्मेंस नहीं करने के बाद कमरा को बंद करके पीटा गया। सीसीटीवी कैमरा को रुमाल से ढंककर बच्चों को डंडा व बेल्ट से बुरी तरह पीटा गया। परिजन स्कूल में जाकर जमकर हंगामा किए। इस संबंध में गोंदा थाना में टीचर आयुष कुमार के खिलाफ मामले की जानकारी थाने को दी गई।

### झारखंड के कराटेकारों ने असम में चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते

**रांची।** असम के मयांग आंचलिक कॉलेज, राजा मयांग, मोरी गांव में 20 व 21 जुलाई को खेले गए दसवीं गोजोरियो ओकिनावाकान कराटे राष्ट्रीय स्तरीय ओपन कराटे चैंपियनशिप 2024 में काता एवं कुमिते इवेंट में चार स्वर्ण, दो रजत एवं चार कांस्य पदक जीते। इसमें सब- जूनियर वर्ग काता एवं कुमिते दोनों में सरायकेला के आर्यन देहरी ने रजत पदक प्राप्त किया। खूंटी के मंटू कुमार ने काता में कांस्य एवं कुमिते में स्वर्ण पदक और सरायकेला के तेजस कुमार ने काता में स्वर्ण और कुमिते में कांस्य पदक प्राप्त किया। तथा कैडेट वर्ग काता में खूंटी के अभि राज एवं सरायकेला के लकी दास दोनों ने एक एक स्वर्ण एवं कुमिते में एक-एक रजत पदक प्राप्त किया। यह खिलाड़ी गोजोरियो ओकिनावाकान कराटे-डो क्योकाई झारखंड के मुख्य प्रशिक्षक सेंसई रोहित राज, तकनीकी निदेशक सेंसई विजय कुमार एवं सह-प्रशिक्षक सेंसई कमल कुमार थापा की देखरेख में प्रतियोगिता में बेहतर किए हैं।

# बार एवं रेस्टोरेंट में 21 वर्ष से कम उम्र के युवाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध : उज्जवल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** उज्वल प्रकाश तिवारी, सदस्य, झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, रांची की अध्यक्षता में बाल अधिकार एवं सुरक्षा से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सहायक आयुक्त उत्पाद, बाल कल्याण समिति, श्रम अधीक्षक-2, रांची/सीएसआर एवं अन्य संबधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बाल संरक्षण के मुद्दों पर संबंधित पदाधिकारियों के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उज्वल प्रकाश तिवारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गये।




सहायक आयुक्त उत्पाद, राँची को जिले में संचालित सभी बार एवं रेस्टोरेंट में नियमानुसार 21 वर्ष से कम आयु वर्ग वाले युवाओं का प्रवेश वर्जित करने तथा कृत कार्रवाई प्रतिवेदन आयोग को उपलब्ध कराये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही जिले में मादक पदार्थों के सेवन से युवाओं पर होने वाले दुष्प्रभाव से संबंधित जागरूकता अभियान चलाये जाने का निर्देश उज्वल प्रकाश तिवारी, सदस्य, झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा दिया गया। बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि को जिले में संचालित विद्यालयों/महाविद्यालयों में सहायक आयुक्त उत्पाद, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर नशे के प्रकोप से युवाओं पर पढ़ने वाले दुष्प्रभाव से संबंधित जागरूकता अभियान चलाये जाने का निदेश दिया गया। उज्वल प्रकाश तिवारी द्वारा जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को जिले में संचालित बालगृह हेतु सिविल सर्जन, राँची को बच्चों के आकस्मिक चिकित्सा सुविधा हेतु 108 एंबुलेंस 24 घंटे उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्राचार करने का निदेश दिया गया।

# झारखंड गौ सेवा आयोग के हमारी गोमाता हमारा अभियान ऑनलाइन कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** गोबर के विशिष्ट उत्पाद, हैंडीक्राफटस को बढ़ावा दिए जाने के दृष्टिकोण से पशुपालन भवन हेसाग हटिया स्थित सभागार में पांच दिवसीय गोबर प्रसंस्करण आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत रांची जिले के दस प्रखंडो की कुल 200 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन सह झारखण्ड गो सेवा आयोग द्वारा संचालित हमारी गोमाता हमारा दायित्व आनलाइन कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग दीपिका पांडेय सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखण्ड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने की, मौके पर उपाध्यक्ष राजू गिरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक खिजरी विधानसभा क्षेत्र राजेश कच्छप, निदेशक पशुपालन किरण पासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित महिला प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मंत्री कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखण्ड गो सेवा आयोग



के कार्यो से यह परिलक्षित होता है कि आयोग अपने कार्यो के प्रति गंभीर प्रयास कर रहा है जिससे झारखण्ड के पशुपालकों की स्थिति बेहतर बनाई जा सके। गोबर प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं हमारी गौमाता हमारा दायित्व कार्यक्रम की उन्होनें प्रशंसा करते हुए आशा जताई कि इसका प्रसार झारखण्ड के अन्य जिलों में भी किया जाएगा। गौशाला निबंधन के संबध में उन्होनें कहा कि झारखण्ड के जिन जिलों में जहां कोई भी गौशाला संचालित नहीं है , वहां भी गौशाला का निर्माण सह निबंधन का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि आज इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम की बहुत आवश्यकता है। यह कार्यक्रम भविष्य में देशी गो पशुओं के संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। गोबर का इस्तेमाल अब जलावन में न करते हुए उससे गृह उपयोग की वस्तुएं यथा अगरबत्ती, दीया, सम्ब्रानी, सजावटी सामान, राखी एवं इसी प्रकार के बीस अन्य उत्पाद तैयार किए जा रहें हैं, वहीं महिलाओं को अपने घर के निकट प्रशिक्षण मिलने से उन्हें कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड रहा है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक रौशन के अतिरिक्त झारखण्ड गो सेवा आयोग के सचिव डा संजय प्रसाद, निबंधक डा मुकेश मिश्रा, पशुचिकित्सा पदाधिकारी डा प्रभात कुमार पांडेय एवं डा जय तिवारी भी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राज्य में विस्तार को लेकर हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के झारखंड राज्य संगठन विस्तार एवं मजबूती को लेकर धुर्वा रांची में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रवीण सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लोकमान कुशवाहा, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रेम मौर्य, प्रदेश महासचिव ललित महतो , प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार मेहता उपस्थित हुए। सभा को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रवीण सिंह कुशवाहा ने कहा कि समाज से ही व्यक्ति की पहचान होती है इसीलिए संगठन की मजबूती जरुरी हैं। झारखंड में कुशवाहा समाज आगामी चुनाव में एकजुट होकर सभी राजनितिक पार्टियों से समुचित हिस्सेदारी लेगा। उन्होंने कहा कि आज कि बैठक कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, सैनी, कोइरी, काछी, दांगी,मुरई,माली, पटेल, कलिता समाज के लोग शामिल हैं। केंद्र सरकार से आग्रह हैं कि देश में राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना करा कर कुशवाहा समाज को राजनीति में हिस्सेदारी दें। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार मेहता ने कहा कि समाज एवं संगठन से बढ़कर कुछ नहीं है इसलिए आप सभी लोग समाज एवं संगठन में पूरी निष्ठा के साथ करेंगे।

# झारखंड में मतदाताओं की संख्या में हुई अप्रत्याशित वृद्धि की शिकायत दिल्ली पहुंची

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, नई दिल्ली को झारखंड प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में हुई अप्रत्याशित वृद्धि की जांच कराने की मांग की गई है। झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों के संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथों पर विधानसभा चुनाव--2019 की अपेक्षा लोकसभा चुनाव-2024 में मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि की जांच कराई जाएं। भाजपा



के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद , झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलकर उन्हें एक पत्र दिया। 28 जून 2024 को राजमहल के विधायक अनन्त ओझा के द्वारा भी झारखण्ड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया। दोनों पत्रों में जिन विन्दुओं को अंकित किया गया है, वह अति गम्भीर है। मतदाताओं की संख्या में अप्रत्यशित बृद्धि के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदल रही है, जो चिन्ताजनक है, इसलिए इसका जाँच आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी,महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा,विधायक अनंत ओझा शामिल थे।

# डोमिसाइल आंदोलन ने दी आदिवासियों को पहचान : रवि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 24 जुलाई झारखंड की इतिहास में डोमिसाइल दिवस स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। आज ही के दिन झारखंडियों की पहचान, अस्मिता एवं खनिज संपदा को बचाने के लिए 24 जुलाई 2000 को डोमिसाइल आंदोलन में झारखंड के तीन वीर सपूतों का शहादत हुई थी, जिसमें कैलाश कुजूर, विनय तिग्गा एवं संतोष कुंकल शामिल थे। झारखंड में झारखंडियों की राज कैसे हो, इसके लिए विशेष समुदायों एवं अन्य आदिवासी मूलवासी जन संगठनों ने नेतृत्व किया। जिसके कारण आज विधानसभा से लेकर लोकसभा में आदिवासी मूलवासी शब्दों का उच्चारण हो रही है। पूर्व

**डोमिसाइल आंदोलन में झारखंड के तीन वीर सपूतों का शहादत हुई थी**

मंत्री बंधु तिर्की , रतन तिर्की, प्रभाकर तिर्की, राजू महतो , बैलेंस तिर्की , सरिता कुजूर, संजय कुजूर , अजीत कश्यप, विजय शंकर नायक , शिव कश्यप, आजम अहमद , अजीत भगत, सतीश सिंह, संजीवन कुमार , ललित महतो और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के बदौलत आदिवासी मूलवासी समाज की अधिकार की लड़ाई जीवित है। त्रिलोक चौक सैटेलाइट डूरंडा स्थित शहीदों के स्मारक पर पुष्प अर्जित की गई एवं सभा का आयोजन किया गया।

# माकपा का जनमुद्दों पर आंदोलन 21 से 28 अगस्त तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** माकपा जनमुद्दों पर 21 से 28 अगस्त तक आंदोलन करेगी। गरीब विरोधी और महंगाई बढाने वाले केंद्रीय बजट, संगठित रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली के खिलाफ और रोजगार दिए जाने की मांगों को लेकर यह आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान जिला और अनुमंडल मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन होगा। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार की घोषणा के अनुरूप विस्थापन आयोग का गठन करने और इस आयोग का अधिकार क्षेत्र



केवल खनन तक सीमित नहीं रखने, राज्य की सभी कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में ग्रामसभा की भूमिका सुनिश्चित किए जाने तथा हर स्तर पर जारी भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांगों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इसका निर्णय बुधवार को माकपा राज्य कमिटी की बुंडू में संपन्न हुई दो दिवसीय राज्य कमिटी की बैठक में लिया गया। राज्य कमिटी की बैठक में विभिन्न जिला कमिटीयों से से भेजे गए चिन्हित विधानसभा सीटों पर भी चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरजीत सिन्हा ने की। बैठक में माकपा के दो पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात और डॉ. रामचंद्र डोम भी मौजूद थे। बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि माकपा अपने राजनीतिक लाइन के अनुसार हर संभव प्रयास करेगी कि भाजपा विरोधी वोटों का विभाजन नहीं हो।

# एमएम के इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ भव्य उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एम एम के स्कूल में इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन महात्मा गांधी स्टेडियम बरियातु राँची में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और स्कूल की प्रिंसिपल, कहकाशा परवीन ने इस टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच एम एम के टाइगर और एम एम के ग्लाइडर के बीच खेला गया। इस मुकाबले में एम एम के टाइगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7-1 से जीत दर्ज की। टाइगर टीम के अर्शलान और जुनैद



ने 2-2 गोल किए जबकि अनुज, आरिश, और टूसिफ़ ने 1-1 गोल का योगदान दिया। दूसरी ओर, ग्लाइडर टीम की ओर से एकमात्र गोल अलहज ने किया।दिन का दूसरा मैच एम एम के वीर और एम एम के स्ट्राइकर के बीच हुआ, जिसमें एम एम के वीर ने 2-0 से जीत हासिल की। वीर टीम के सैफ़ और सलमान ने 1-1 गोल करके अपनी टीम को जीत दिलाई।यह टूर्नामेंट छात्रों के उत्साह और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

# केंद्रीय सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्री से मिले संजय सेठ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार से मुलाकात की। इस मुलाकात के क्रम में रक्षा राज्य मंत्री ने उन्हें बधाई दी और मंत्रालय के जरिये रांची में दिव्यांगजनों के लिए किया जा रहे कार्यों के प्रति आभार प्रकट किया। सेठ ने केंद्रीय मंत्री को इस मुलाकात में एक आग्रह पत्र भी सौंपा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि रांची सहित झारखंड के हर जिले और प्रखंड स्तर पर एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण अधिक से अधिक संख्या में किया जाए ताकि हमारे दिव्यांगजन सशक्त हो सके। रक्षा राज्य मंत्री ने केंद्रीय मंत्री को रांची लोकसभा क्षेत्र के हर विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके, खिजरी, ईचागढ़ और दिल्ली में नशा मुक्ति केंद्र खोलने का भी आग्रह किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बताया कि रांची नशा का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। ऐसे में यह आवश्यक है हमारे युवाओं को बचाया जाए। उसके लिए नशा मुक्ति केंद्र अति आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात में रांची में दिव्यांग मेला लगाने का भी आग्रह किया।

## रांची में बुजुर्ग की घर में हत्या

**रांची:** राजधानी के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रपुरी रोड नंबर छह में एक बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या कर दी गई। उसकी शिनाख्त उमेश लकड़ा (75) के रूप में की गई है। वह घर में अकेले रहता था और शराब का आदी था। उसके मुंह से सफेद झाग भी निकल रहा था और सिर पर चोट का निशान था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। सिर पर भोथरा हथियार का जख्म मिला है। घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री हफीजुल हसन को मांग पत्र सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति और परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक सुंदरीकरण समिति का एक प्रतिनिधि मंडल समिति के अध्यक्ष मोहम्मद इम्तियाज उर्फ मुन्ना के नेतृत्व में नगर विकास मंत्री झारखंड सरकार हफीजुल हसन से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की एवं उन्हें परमवीर अब्दुल हमीद कांटा टोली पर स्थित स्मारक स्थल के सुंदरीकरण एवं एवं नवनिर्मित फ्लाई ओवर का नाम परमवीर अब्दुल हमीद के नाम पर रखने से संबंधित मांग पत्र सौंपा।



परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति के अध्यक्ष मुन्ना भाई एवं प्रधान महासचिव अधिवक्ता अख्तर हुसैन ने समिति के कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण उन्हें दिया साथ ही अगले महीने 10 सितंबर में होने वाले परमवीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस की जानकारी भी उन्हें दिया। इसके अलावा परवेज कुरैशी ने भी मंत्रालय में मंत्री हफीजुल हसन को परमवीर अब्दुल हमीद की विस्तृत जानकारी विस्तार पूर्वक बताया। हफीजुल हसन ने पत्र को लेते हुए कहा कि उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि यह प्रस्ताव कैबिनेट से पास हो जाए। उन्होंने यह भी कहा कि एक शहीद के नाम पर चौक एवं फ्लाई ओवर का नाम रखना गर्व की बात है। नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष मुन्ना , प्रधान महासचिव अधिवक्ता अख्तर हुसैन, सचिव मोहम्मद शहाबुद्दीन, इनामुल हक, इरफान इकबाल,औरंगजेब खान,नौशाद खान,सोहेल खान एवं परवेज कुरैशी का नाम शामिल है।

# हाफिज अबुल कलाम बने रांची के शहरकाजी

**हाफिज अबुल कलाम 1988 से छोटी मस्जिद हिंदपीढ़ी के इमाम और तरावीह के नमाज पढ़ाते आ रहे है।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हजरत हाफिज मो अबुल कलाम पिता स्वर्गीय अली हसन सिंकड़ स्ट्रीट हिंदपीढ़ी को रांची जिलान्तर्गत को शहर काजी नियुक्त किया गया है। अब भारतीय मुस्लिम समुदायों के बीच विवाह अनुष्ठानित करने तथा प्रमाण-पत्र देने हेतु शहर काजी की अनुज्ञप्ति देने एवं उन्हें विवाह निबंधक घोषित करते हैं। ज्ञात हो कि हाफिज अबुल कलाम 1988 से छोटी मस्जिद हिंदपीढ़ी के इमाम और तरावीह के नमाज पढ़ाते आ रहे है। जिकरा अर्बिक स्कूल माली टोला हिंदपीढ़ी में इन्हें के निगरानी में चल रहा है। हाफिज अबुल कलाम दीनी तालीम के साथ मारवाड़ी कालेज से स्नातक किया और शिक्षा के क्षेत्र में अपना एक अलग पहचान बनाया। इनका फाईल दो वर्ष पहले दिया हुआ था, लेकिन अभी प्रमाण पत्र आया है। हाफिज अबुल कलाम ने झारखंड सरकार के मंत्री हफीजूल



हसन अंसारी से उनके आवास पर जाकर फूलों का गुलदस्ता देकर मंत्री का शुक्रिया अदा किया। शहर क़ाज़ी बनाए जाने पर रांची के उलेमा में खुशी है। मुबारकबाद देने वालो में इमारत शरिया के काज़ी ए शरीयत मुफ्ती मो अनवर कासमी, शहर काजी मुफ्ती क़मर आलम कासमी, शहर के समाजसेवी सह आजसू नेता अशरफ खान चुन्नू, अयूब राजा खान, जमीयत उलेमा झारखंड के कोषाध्यक्ष शाह उमैर, प्रदेश पासवा के अध्यक्ष मास्टर उस्मान, महासचिव मसूद कच्छी, कारी एहसान, डाक्टर इकबाल,परवेज सभी ने बधाई दी है।

# कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने रियाजुल अंसारी से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रियाजुल अंसारी का इलाज रांची के बरियातू स्थित जयप्रकाश नगर के मां ललिता पालीडॉक हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद चल रहा हैं । बुधवार को अंसारी को देखने और उनका हाल-चाल जानने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर , प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर , मंत्री इरफान अंसारी , पूर्व मंत्री बंधु तिर्की , कृषि बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह , आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय



पासवान एवं अन्य विशिष्ट लोग पहुंचे । रियाजुल अंसारी पिछले गुरुवार को अधिक पेट दर्द,बुखार, जौंडिस, पित्त की थैली में पत्थर एवं इन्फेक्शन की शिकायत लेकर मां ललिता पालीडॉक में भर्ती हुए थे। वहां उनका ऑपरेशन लेप्रोस्कॉपीक सर्जन डॉ अजीत कुमार एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉक्टर कौशल की टीम ने किया। ऑपरेशन के बाद,अभी उनकी स्थिति में काफी सुधार है।

## सदभावना की अदभुत मिसाल है रांची : राहुल कुमार सिंहा



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सर्वधर्म सदभावना समिति रांची का एक प्रतिनिधिमण्डल समिति के अध्यक्ष मो.इसलाम के नेतृत्व में उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिंहा से उनके कार्यालय में मिला एवं बीते मुहर्रम सहित सभी त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर उन्हें बुके देकर उन्हें सम्मानित किया साथ ही साथ पवित्र सावन के पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न किए जाने सम्बंधी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिंहा ने प्रतिनिधिमण्डल में शामिल लोगों की बातों को गम्भीरता से सुना एवं कहा कि रांची में गंगा जमुनी तहजीब जो हमारे भारतीय संस्कृति का अटूट हिस्सा रहा है, वह सदा समस्त रांची वासियों में देखने को मिला है। यही कारण है कि रांची में सभी त्योहारों को यहां के सभी लोग मिलजुलकर एक साथ मनाते चले आ रहे हैं जिसे हम सभी को बरकरार रखना होगा।उन्होंने आगे कहा कि रांची सदभावना की अदभुत मसाल है इसे तोड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि पवित्र सावन के पर्व के साथ - साथ आगामी जितने भी त्योहार हैं सभी त्योहारों को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु हर स्तर पर पूर्ण रुप से प्रशासन का सहयोग रहेगा। प्रतिनिधिमण्डल में मो. इसलाम के साथ मो. फिरोज, ओम सिंह, परवेज आलम, संजय सिन्हा गोपू,नौशाद आलम, प्रदीप राय बाबू, तनवीर आलम, जसीम हसन शामिल थे।

## सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय के बाहर निर्मांधीण नाला में अत्यधिक गंदगी का जमावड़ा



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय के बाहर निर्मांधीण नाला का गंदगी का अत्यधिक जमावड़ा होने से आस पास के दुकानदारों की काफी परेशानी हो रही है। निर्माणाधीन नाला का काम दो सप्ताह से बंद पड़ा हुआ है। जिसे मेन रोड में आने जाने राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। ठेकेदार द्वारा निर्माणधीन नाला का काम में लापरवाही की जा रही है। रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, एवं सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने निर्माणाधीन नाला का काम अतिशीघ्र पुरा करने व सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय के बाहर अत्यधिक गंदगी का जमावड़ा की सफाई करने की मांग की है।

## भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष ने चतरा उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा और ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने बुधवार को चतरा उपायुक्त रमेश घोलप से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपा।इस मांग पत्र के माध्यम से पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी,बचरा उतरी और किचटो पंचायत में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था से अवगत कराते हुए उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग की गई है।साथ ही क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्या से भी उपायुक्त को अवगत कराया है।इस संबंध में भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि उक्त तीनों पंचायत लचर स्वास्थ्य व्यवस्था की शिकायत हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से की गई थी,जिसके बाद सांसद ने इसे गंभीरता से लेते हुए अपने लेटर पैड पर चतरा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा को अधिकृत किया था। सांसद माननीय मनीष ने चतरा उपायुक्त से उक्त तीनो क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए तीन गांव में उप स्वास्थ केंद्र की स्थापना एवं भवन की व्यवस्था कराने की बात कही है।इस पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने चतरा उपायुक्त को ज्ञापन देकर जल्द स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजने की अपील की।साथ ही पिपरवार मे कोल वाहनो के परिचालन मे नो एंट्री लगाने,पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण,फूड इंस्पेक्टर,ड्रग्स इंस्पेक्टर से कराने की अपील की।साथ ही उपायुक्त से पिपरवार क्षेत्र का दौरा करने की अपील की गई।इस पर चतरा उपायुक्त ने सकारात्मक पहल करने और जल्द ही पिपरवार दौरा करने की बात कही।

## फुटबॉल और बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहा डीएवी बचरा की टीम




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्रों ने बोकारो मे आयोजित जोन बी में कलस्टर लेवल पर आयोजित फुटबाल और बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया है।स्कूल के फुटबॉल और बॉक्सिंग की टीम ने कलस्टर स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा का नाम रोशन किया है। बुधवार को स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बधाई दी गई।स्कूल की प्राचार्या डॉ. आर चौधरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए आगे जोनल लेवल पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन करने की कामना की है।प्राचार्य डॉ आर चौधरी ने बताया कि कलस्टर स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के बाद अब स्कूल के बच्चे जोनल लेवल पर होने वाले प्रतियोगिता में शामिल होगे।जिसके लिए स्कुल के बच्चे 25 से 27 जुलाई तक खेल प्रतियोगिता के लिए बच्चे रांची रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि सीबीएसई के निर्देश पर 22 जुलाई से लेकर 27 जुलाई तक शिक्षण सप्ताह दिवस मनाया जा रहा है,इसके अंतर्गत 24 जुलाई को खेलकूद दिवस मनाया गया जिसमें स्कूल के बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए। उन्होंने स्कूल के सभी बच्चों को बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की।इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद सहित स्कूल

# उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय खूँटी स्थित सभागार में आज उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा/ प्राथमिक, माध्यमिक शिक्षा/ के0जी0बी0भी/ मध्याह्न भोजन/ पीएम पोषण मॉनिटरिंग एवं स्टेयरिंग कमेटी से संबंधित बैठक की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अद्यतन प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त ने विद्यालयों में प्रतिदिन दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन पर विशेष जोर देते हुए मेनू अनुसार मध्याह्न भोजन का संचालन करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिदिन बनने वाले मध्याह्न भोजन एवं बच्चों की उपस्थिति से संबंधित एसएमएस रिपोर्ट विभाग को प्राथमिकता के आधार पर भेजने को कहा गया। बैठक में उपस्थित सभी बीईओ को अपने क्षेत्र के विद्यालयों में जाकर मध्याह्न भोजन समेत अन्य व्यवस्थाओं की ससमय निगरानी करने का निर्देश दिया गया। वहीं विद्यालयों में अत्याधुनिक हाइट एवं वेट मशीन अधिष्ठापित करने को लेकर जानकारी ली गई, जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि हाइट एवं वेट मशीन के अधिष्ठापन को लेकर निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जल्द ही विद्यालयों में अत्याधुनिक हाइट एवं वेट मशीन का अधिष्ठापन कर लिया जाएगा, साथ हीं मशीन के संचालन को लेकर प्रशिक्षण भी दी जाएगी।

विद्यालयों में बच्चों को दिए जाने वाले पोषक एवं कॉपी-किताब के वितरण के संबंध में भी जानकारी ली गई। उपायुक्त ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर शत प्रतिशत बच्चों को उक्त सामग्रियां ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिले में संचालित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में बच्चों के नामांकन एवं गुणवत्ता पूर्ण पढ़ाई को लेकर भी उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिए। बच्चों का आधार एनरोलमेंट के विषय पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने विद्यालयों में कैंप लगाकर प्राथमिकता के आधार पर बर्थ सर्टिफिकेट एवं दिव्यांगता सर्टिफिकेट निर्गत करने का निर्देश दिया। कैंप के आयोजन में बीआरपी, सीआरपी एवं पंचायत सचिव से भी सहयोग लेने की बात कही गई। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षक अपने विद्यालयों में उपस्थित रहे और प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करना सुनिश्चित करें।

## बचरा संगम विहार मे हुई अशोक परियोजना प्रबधंन और रैयतो की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा संगम बिहार क्लब में बुधवार को अशोक परियोजना प्रबंधन और विस्थापित रैयतो की एक आवश्यक बैठक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस बैठक मे पिपरवार क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले अशोका परियोजना के ग्राम ठेठांगी, टमरसटॉड,कुटकी उर्फ ठेना सहित अन्य गांव के विस्थापित ग्रामीण बेनीलाल महतो के नेतृत्व मे मौजुद थे।बैठक मे रैयत किरण टोप्पो, सुनील तिग्गा,मंजू राम,रामे टाना भगत,संजय टाना भगत,लक्ष्मी टाना भगत, प्रदीप टाना भगत,परदेशी टाना भगत एव अमृत उरॉव आदि रैयतो की जमीन,घर एवं पेड़ का मुआवजा एवं नौकरी के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई।बैठक मे रैयतो ने कहा कि पूर्व मे राँची दरभंगा हाउस में पूर्व सीएमडी की उपस्थिति में व महाप्रबंधक पिपरवार एवं परियोजना पदाधिकारी अशोका एवं ग्रामीण विस्थापित के साथ समझौता हुआ था।जिसमें पीएलआर कंपनी को सीएमडी ने पेड़ो का मुआवाज देने का निर्देश दिया था,लेकिन अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। रामे टाना भगत पिता बन्दे टाना भगत के घर तोड़ने एवं जमीन देने के बावजूद अभी तक नौकरी नहीं दिया गया।वही प्रबंधन ने कोलियरी के विस्तार के लिए किरण टोप्पो वगैरा से कुछ जमीन एवं रास्ता देने की मांग रखा,जिस पर प्रबंधन और विस्थापितों मे सहमति बना।बैठक मे कोयला खनन के कार्य में ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की।बैठक में प्रबंधन की ओर से पीओ संजय कुमार सिंह,एसओसी बिपिन कुमार,जेएन दता, सच्चिदानंद सिंह एंव विस्थापित की ओर से परदेसी टाना भगत,प्रदीप टाना भगत,हरी टाना भगत, रामे टाना भगत,सुरेन्द्र टाना भगत,अमृत उरांव,परमेश्वर टाना भगत,सुनील तिग्गा, किरण टोप्पो,चिन्ता टाना भगत,राजेश टाना भगत, मंजू उरांव,विरा उरांव, बलबल उरांव,ईश्वर उरांव, कुलदीप उरांव,संजय उरांव, मुकेश उरांव,संजय टाना भगत,संदीप उरांव,अविनाश उरांव,ममदेव महतो,महेश महतो,रंजीत महतो,सावन महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## बरगड़ी पंचायत भवन में डाक चौपाल का आयोजन किया गया



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बुधवार को जाहेर ,बरगड़ी पंचायत भवन में ब्राम्बे उप डाकघर के अंतर्गत डाक चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डाक निदेशक झारखंड श्री पंकज कुमार मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे। एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ के रूप में डाक अधीक्षक उदय भान सिंह एवं वरिष्ठ प्रबंधक आईपीपीबी विकास कुमार एवं डाक निरीक्षक उतरी अनुमंडल श्रीमती पूजा पांडे उपस्थित थी। डाक चौपाल में मुख्य अतिथि पंकज कुमार मिश्रा ने डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी आम ग्रामीणों को दी और डाक विभाग की योजनाओं से जोड़ने की अपील की। वरिष्ठ डाक अधीक्षक श्री उदयभान सिंह ने डाक विभाग द्वारा चलाए जा रहे ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी दी ग्राम पंचायत बरगड़ी के मुखिया लक्ष्मण भगत ने डाक विभाग के कार्यों की काफी सराहना की डाक चौपाल में पीएलआई आरपीएलआई में उत्तरी अनुमंडल में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए क्रमशः हेमंती देवी, राजकुमार महतो एवं पारसनाथ तिवारी को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया अंत में पूजा पांडे डाक निरीक्षक उत्तरी अनुमंडल द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को इस चौपाल में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया। डाक चौपाल में डाक अधिदर्शक यशवंत सहदेव, जगदीश लकड़ा, जावेद अंसारी,अरुण तिवारी एवं पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल का 35वां स्थापना दिवस मना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बरियातु रॉंची का 35वां स्थापना दिवस पूर्ववर्ती विद्यार्थियों, वृक्षारोपण एवं एकता और सहयोग के सूत्र के थीम पर मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ हवन से हुआ। सम्मानित अतिथियों के रुप में विद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती सुशीला गुप्ता, आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष श्री शत्रुघ्न लाल गुप्ता, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल्स ज़ोन जे एवं भी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी, क्रमशः श्री संजय कुमार मिश्रा एवं श्री मनोज कुमार सिन्हा, डी.ए.वी. पुन्दाग के प्राचार्य श्री संजीत कुमार मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में 90 प्रति शत एवं उससे ज्यादा अंक लाने वाले, कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा के ओवरऑल टॉपर, विषयों में सौ प्रतिशत अंक लाने वाले तथा जे.ई.ई. एडवांस्ड 2024 एवं क्लैट 2024 में सफल होने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्राइमरी के विद्यार्थियों द्वारा जेब्रा नाटिका द्वारा मिल-जुलकर रहने एवं सहयोग की भावना के महत्व को बताया गया। नर्सरी के विद्यार्थियों द्वारा मौसम पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसमें बताया गया कि भारतवर्ष में ही हम छह ऋतुओं का आनंद लें पाते हैं। इन ऋतुओं की विभिन्नता एवं इसमें आने वाले त्योहारों का उल्लास तथा विभिन्न फल और फूल खिलकर हमें विभिन्न परिस्थितियों में परस्पर अनेकता में एकता की भावना विकसित करते हैं। प्राचार्य डा. तापस घोष ने स्वागत भाषण में विद्यालय के अबतक के विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा विद्यालय में समर्थ और योग्य शिक्षकों की टीम अपने प्रयास से निरंतर विद्यालय के लिए एक अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। साथ ही डी.ए.वी.. मैनेजमेंट द्वारा प्रदान किया जाने वाला नेतृत्व विद्यालय की उपलब्धियों को और भी प्रखर करता है। अतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि यदि विद्यालय आज शीर्ष पर है तो इसके पीछे सभी का ईमानदार प्रयास और लगन है। सभी ने विद्यालय एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पिपरवार में हुई जनता मजदूर संघ रीजनल कमेटी की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** जनता मजदूर संघ के पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय में यूनियन के रीजनल कमेटी की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सचिव ओमप्रकाश सिंह और संचालन निर्मल उरांव ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के सीसीएल अध्यक्ष सह जेसीएससी सदस्य कमलेश कुमार सिंह और रीजनल सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविंद्रनाथ सिंह मौजूद थे।बैठक में सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया।जबकि यूनियन के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।बैठक में यूनियन को मजबूत बनाने एवं सदस्यता अभियान चलाने सहित कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यूनियन के पदाधिकारी के द्वारा सीसीएल के सभी क्षेत्रों का का दौरा कर यूनियन को मजबूत बनाने,संगठन विस्तार करने,सदस्यता बढ़ाने सहित कोयला मजदूरों की समस्या की जानकारी ली जाएगी।साथ ही जिन क्षेत्रों में यूनियन कमजोर है वहां उसे मजबूत बनाने का काम किया जाएगा।सभी क्षेत्रों का भ्रमण करने के पश्चात क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक सीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर एजेंडा मीटिंग की जाएगी।केंद्रीय सचिव रविंद्रनाथ सिंह ने कहा कि पिपरवार क्षेत्र में जनता मजदूर संघ काफी मजबूत स्थिति में है।यहां पर सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकजुट होकर यूनियन की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं और सीसीएल के सभी क्षेत्रों में यूनियन को मजबूत बनाने का काम किया जाएगा।बैठक के दौरान कोयला मजदूरों की कई ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा करते हुए एंजेडा बनाने का निर्णय लिया गया,साथ ही विस्थापित प्रभावित ग्रामीण इलाकों के रैयतों के लंबित नौकरी और मुआवजा को भी प्रमुखता के साथ उठाने का निर्णय लिया गया।इसके अलावा असंगठित मजदूरों की समस्या पर भी चर्चा की गई।बैठक में मुख्य रूप से कमलेश कुमार सिंह,ओम प्रकाश सिंह,रविंद्रनाथ सिंह, निर्मल सिंह,बिजेंद्र सिंह, मोहम्मद जैनुल,आशीष दुबे, अरुण कुमार सिंह,अजय सिंह,खुर्शीद आलम,मुंशी राम,निर्मल उरांव,नंददेव राम, आरएन पण्डित,विकास कुमार,श्याम ठाकुर, रामप्रसाद महतो,रोशन कुमार सहित काफी संख्या में यूनियन के लोग मौजूद थे।

## पिपरवार के बेंती गांव में हुई विस्थापित ग्रामीणो की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के ग्राम बेंती के पंचायत भवन में बुधवार को विस्थापित ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता इस्लाम अंसारी और संचालन जितेंद्र कुमार ने किया।बैठक मे क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणों की कई ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं सभी विस्थापित ग्रामीणों को अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक होते हुए एकजुट होने का आह्वान किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन द्वारा विस्थापित ग्रामीणों का भूमि अधिग्रहण कर कोयला खनन का काम कर रही है, लेकिन विस्थापित रैयतो की समस्याओं पर कोई पहल नहीं किया जा रहा है।रोजगार के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है।बैठक में क्षेत्र के विस्थापित रैयतों को 80 प्रतिशत ठेका प्रथा का काम देने,क्षेत्र में संचालित लोकल सेल में कोयला आवंटन बढ़ाने,विस्थापित रैयतो के लंबित नौकरी,मुआवजा और पुनर्वास उपलब्ध कराने, विस्थापित ग्रामीण इलाकों में सीएसआर योजना के माध्यम से मूलभूत सुविधा बहाल करने सहित कई बातों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विस्थापित ग्रामीणों की समस्या से संबंधित एक मांग पत्र सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन को सौप जाएगा और प्रबंधन के साथ वार्ता की जाएगी।यदि वार्ता के माध्यम से मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में पिपरवार मे खुलने वाले भूमिगत खदान और अशोक वेस्ट खुली खदान का पुरजोर तरीके से विरोध किया जाएगा।इस बैठक में मुख्य रूप से इस्लाम अंसारी,जितेंद्र कुमार,प्रकाश महतो,मोहम्मद ताज,अमर महतो,आशिक अली,हाजी जसीम,कुलदीप राम,शिव कुमार,बबलू गंझु, सकील अंसारी,संजय केसरी, महेंद्र महतो,मोहम्मद अब्बास,बिजली महतो, बाबुलाल महतो,रामबालक गंझु,रचित गंझु सहित काफी संख्या में क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीण मौजूद थे।

## कामरेड बुधनलाल मुंडा की प्रतिमा का सीपीआईएम ने विधिवत अनावरण किया



**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारत के कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी खूंटी जिला कमेटी के तत्वाधान में बुधवार को अड़की प्रखंड के कोटा में संकल्प सभा सह कामरेड बुधनलाल मुंडा के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य सह पूर्व राज्यसभा सांसद वृंदा करात ,पोलित ब्यूरो सदस्य रामचंद्र डोम राज्य कमेटी सदस्य प्रकाश बिप्लॉय राज्य कमेटी सदस्य एवं तमाड़ विधानसभा प्रभारी सुरेश मंडा एवं कामरेड बुधनलाल मुंडा की धर्मपत्नी विद्यावती देवी, खूंटी जिला प्रभारी वीरेंद्र सिंह , रांची जिला प्रभारी सुफल महतो खूंटी जिला सचिव गणेश मुंडा, रांची जिला सचिव सुखनाथ लोहार ,सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद थे । कार्यक्रम स्थल पर वृंदा करात के पहुंचने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण ने लाल सलाम के नारों एवं कामरेड बुधनलाल मुंडा अमर रहे नारा के साथ जोरदार स्वागत किया । सभा में पहुंचे सभी लोगों ने कामरेड बुधन लाल मुंडा के प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया इसके उपरांत कोटा खेल मैदान में आयोजित सभा में हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वृंदा करात ने कहा कामरेड बुधनलाल मुंडा के अधूरे सपनों को पूरा करना है जिन्होंने अपना जीवन गरीब मजदूर किसान शोषित वर्ग के हक एवं अधिकार के लिए लड़ते रहे। इस लड़ाई को हमें आगे बढ़ाना है । वर्तमान मोदी सरकार और राज्य सरकार पर जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर निशाना साधा कहा कि यह पूंजी पतियों की सरकार है साथ ही तमाम विधानसभा क्षेत्र के पिछड़े हालात को लेकर पूर्व सांसद अर्जुन मुंडा एवं वर्तमान विधायक विकास कुमार मुंडा को आड़े हाथों लिया और कहा कि उनके जन प्रतिनिधि रहते क्षेत्र का विकास नहीं के बराबर हुआ है आगामी विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को जोरदार तैयारी करने का निर्देश दिया पार्टी के तमाड़ विधानसभा प्रभारी सह घोषित उम्मीदवार सुरेश मुंडा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कामरेड बुधनलाल मुंडा के सपनों को पूरा करने के लिए लाल झंडा को मजबूत करना होगा एवं क्षेत्र के गरीब मजदूर किसानों के हक अधिकार को लडाई को तेज करते हुए विधानसभा चुनाव में सीपीएम का परचम लहराना होगा पंचायत से प्रखंड तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है गरीब शोषित लोगों को उनका हक और अधिकार मिले।

## भारत के भविष्य के लिए एक साहसिक दृष्टिकोण : आशीष कुमार चौहान

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने केंद्रीय बजट 2024 के गहन सामाजिक प्रभाव और अनगिनत जीवन के उत्थान की क्षमता की प्रशंसा की है। चौहान के चिंतन से पता चलता है कि कैसे बजट की पहल सार्थक बदलाव लाने और पूरे भारत में लाखों लोगों के लिए नए अवसरों को प्रेरित करने के लिए तैयार है। चौहान ने रोजगार सृजन पर बजट के फोकस पर प्रकाश डाला, जिसमें रोजगार पैदा करने के लिए निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों को शामिल करने के अपने अभिनव दृष्टिकोण पर जोर दिया। उन्होंने एंजल टैक्स में राहत और मुद्रा ऋण योजना की सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने की सराहना की, तथा इसे महत्वाकांक्षी उद्यमियों को समर्थन देने और उनके सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए बजट के समर्पण ने भी चौहान की प्रशंसा की।

## श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस ने उन्नत कृषि उत्पाद लॉन्च किए

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक प्रभाग श्रीराम फार्म सॉल्यूशंस ने पटना के होटल मौर्या में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में चार उन्नत फसल सुरक्षा और विशेष पौध पोषण उत्पाद लॉन्च किए। लॉन्च को प्रमुख चैनल भागीदारों, 150 से अधिक वितरकों और 5000 से अधिक ऑनलाइन दर्शकों ने देखा। कंपनी ने तीन अभिनव कीटनाशकों - श्रीराम सैशो, श्रीराम क्रोन और श्रीराम ट्रेक्स्टर का अनावरण किया - जिन्हें पंक्ति और बागवानी फसलों में प्रमुख कीटों से निपटने के लिए पेटेंट तकनीकों के साथ डिज़ाइन किया गया है। इन उत्पादों का उद्देश्य प्रतिरोध विकास को कम करके फसल के स्वास्थ्य और पैदावार को बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, श्रीराम प्रोटोबज+ को विशेष पौध पोषण खंड में पेश किया गया, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका की उन्नत नैनो लिक्विड तकनीक शामिल है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# बच्चों को नहीं मिला न्याय, सरकार एनटीए को बचाने में सफल : डॉ. अजय कुमार

## जांच एजेंसियों ने कोर्ट के सामने नहीं रखे सही तथ्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरा होने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने बुधवार को प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि सभी बच्चे चाहते थे की नीट यूजी की परीक्षा दोबारा हो. यदि फिर से परीक्षा होता तो देश के लिए एक नजीर बनती. जिन लोगों ने पेपर आउट किया या सेंटर पर गड़बड़ी की, उनके चेहरे पर तमाचा लगता. सुप्रीम कोर्ट द्वारा नीट-यूजी की परीक्षा दोबारा नहीं कराने के आदेश के बाद अजय कुमार ने मोदी सरकार से सवाल पूछा है कि सरकार को यह सार्वजनिक तौर पर बताना चाहिए की नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक के लिए जिम्मेदार कौन है?

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शुरु से एनटीए को बचाना चाहती है. सुप्रीम कोर्ट के फैसले को दुखद करार देते हुए डॉ. अजय ने कहा कि बच्चे निराश है. इस फैसले से पेपर लीक करने वालों के हौसले



और बुलंद होंगे. अब देशवासियों का एनटीए और नीटयूजी परीक्षा पर भरोसा उठ जाएगा. गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट-यूजी 2024 की दोबारा परीक्षा कराने से इनकार करते हुए कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद डेटा प्रश्नपत्र के व्यवस्थित लीक का संकेत नहीं देता है. भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वर्तमान चरण में रिकॉर्ड पर ऐसी कोई सामग्री नहीं है जिससे यह स्पष्ट हो की परीक्षा के परिणाम खराब हुए थे या परीक्षा के संचालन में कोई व्यवस्थित उल्लंघन हुआ था.

# आज जिले में चलाया जाएगा हैसटैग नाम जांचों सोशल मीडिया अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के मतदाताओं के लिए 25 जुलाई, गुरूवार को पूरे जिले में हैसटैग नाम जांचों अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान एक घंटे तक दोपहर 12 बजे से अपराह्न 01 बजे तक चलेगा । समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा प्रेस वार्ता को संबोधित कर अभियान की जानकारी दी गई । उन्होने जिला के प्रत्येक मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अभियान में शामिल होते हुए सभी मतदाता अपना नाम मतदान केन्द्र जाकर प्रारूप प्रकाशित मतदाता सूची में अथवा



वोटर हेल्पलाइन ऐप या https://voters.eci.gov.in/login या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड का वेबसाइट https://ceo.jharkhand.gov.in के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो लें कि आपक नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है। इस दौरान मतदाता अपनी फोटो/सेल्फी लेकर हैशटैग नाम जांचों को लिखते हुए @ceojharkhand, @DcEastSinghbhum को टैग करें। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (एक्स / यू ट्यूब / इंस्ट्राग्राम / फेसबुक) पर पोस्ट करें । जांच के क्रम में यदि मतदाता सूची नाम दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने अथवा सुधार आदि हेतु आवेदन समर्पित करें।

# बजट में दिख रहा हैं उद्यमियों का राष्ट्र बनाने का विजन : आशीष कुमार चौहान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को 10 में से 10 नंबर देते हुए कहा कि देश में रोजगार सृजन को बहुत बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है, क्योंकि इसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि सरकारी क्षेत्र के अलावा निजी क्षेत्र भी रोजगार सृजन में भाग ले। साथ ही एंजल टैक्स पर राहत प्रदान करके और मुद्रा ऋष्टा योजना की



सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करके भारत को नंबर 1 स्टार्टअप राष्ट्र और उद्यमियों का राष्ट्र बनाने का विजन भी नजर आ रहा है। जारी प्रेस विज्ञाप्ति में बजट से संबंधित प्रतिक्रिया देते हुए श्री चौहान ने आगे कहा कि सरकार ने भारत के श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया है, जिससे कार्यबल में युवा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर देश उनके सहयोग से और तेज गति से आगे बढ़ सकेगा। रोजगार सृजन के एक हिस्से के रूप में कौशल विकास भी उनका एक अनूठा विचार रहा है, जबकि बुनियादी ढांचे के खर्च को बरकरार रखा गया है और राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत की अपेक्षा से 4.9 फीसदी पर कम किया गया है।

# मानगो क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता अंसार मिले मानगो नगर निगम आयुक्त से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान ने मानगो नगर निगम के उपनगर आयुक्त पदाधिकारी को मानगो क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मौलाना अंसार खान ने बताया मानगो क्षेत्र में कई दिनों से स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। दूसरी और मानगो के कई क्षेत्रों में नाली और नाले जाम हैं जिससे पानी रोड पर बह रहा है। और कुछ जगह पर कचरे का अंबार लगा हुआ है। इन सभी कार्यों को जल्द से जल्द कराया जाए। सिटी मैनेजर जितेंद्र सिंह ने अंसार खान को आश्वासन देते हुए कहा कि 27 जुलाई से स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया जाएगा और जहां-जहां नाले और नालियां जाम है उसका लिस्ट दें ताकि जल्द सफाई कराया जाएगा।

# हाथीखेदा मंदिर के नामशोल तालाब में बनेगा स्नानघाट चेंजिंग रूम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के लावजोड़ा स्थित सुप्रसिद्ध हाथीखेदा मंदिर से सटे नामशोल गांव के बड़ा तालाब में विधायक निधि से स्नानघाट का निर्माण कार्य होगा। इससे प्रतिदिन जमशेदपुर, चांडिल, ओड़िसा व पश्चिम बंगाल समेत बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी ने बुधवार को विधायक निधि से स्वीकृत योजना का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इसके अलावा यहां महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम का भी निर्माण किया जाएगा। गांव में 250 फीट पेवर्स ब्लॉक सड़क का भी निर्माण कार्य होगा। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस संबंध में लावजोड़ा निवासी पीएलवी निताई चंद्र गोराई ने कहा कि ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग पूरी हुई क्योंकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान करने में काफी दिक्कतें आती थी। उन्होंने इस कार्य के



लिए विधायक का आभार जताया। इससे पूर्व बोड़ाम प्रखंड के चिमटी, कुमारी और पहाड़ी टोला की विद्युत संबंधित समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों के साथ निरीक्षण किया। विधायक ने ग्रामीणों के समक्ष अधिकारियों को उनकी समस्याओं से अवगत कराया और मौके पर ही विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को भी फोन लगाया और सभी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया।

# न्युवोको विस्टास का हाइड्रोफोबिक काँक्रीटो यूनो लॉच

**जमशेदपुर :** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने काँक्रीटो यूनो हाइड्रोफोबिक काँक्रीट लॉच किया, जो कंस्ट्रक्शन मटेरियल इंडस्ट्री में एक बड़ी सफलता है। अपने एडवांस्ड हाइड्रोफोबिक गुणों के साथ इनोवेटिव डैम्प-लॉक फॉर्मूला के साथ, यह खास और अनूठा काँक्रीट कंस्ट्रक्शन स्टैंडर्ड्स को फिर से डिफाइन करता है। इस संबंध में प्रशांत झा, चीफ रेडी-मिक्स काँक्रीट और मॉडर्न बिल्डिंग मटेरियल ऑफिसर, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि काँक्रीटो यूनो हाइड्रोफोबिक काँक्रीट बिल्डिंग मटेरियल इंडस्ट्री में एक गेम-चेंजिंग हाइड्रोफोबिक काँक्रीट है। इसका मतलब है कि हमारे ग्राहकों के लिए कम रखरखाव लागत और अधिक मन की शांति क्योंकि कंस्ट्रक्शन में उनका निवेश पानी के होने वाले किसी भी तरह के नुकसान से बेहतर तरीके से सुरक्षित हैं। इसके साथ ही ये स्ट्रक्चर्स की लंबे समय तक बनाए रखने की क्षमता और खूबसूरती को बढ़ाता हैं। चिराग शाह, हेड, मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि काँक्रीटो यूनो हाइड्रोफोबिक काँक्रीट बिल्डिंग मटेरियल में इनोवेशन और एक्सीलेंस के लिए हमारे अभियान का एक प्रमाण है।

# बिजली समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने किया पटमदा सब स्टेशन का घेराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बिजली की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को पटमदा सब स्टेशन का घेराव सह प्रर्दशन किया। मौके पर दिघी पंचायत के केंदडीह टोला के काफी संख्या में ग्रामीणों ने हाथों में तख्तियां लेकर शामिल हुए। सभी लोग बेलटांड़ चौक से सब स्टेशन तक जुलूस निकालकर पहुंचे थे। ग्रामीणों के आंदोलन का समर्थन करने पहुंचे पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की उपस्थिति में कनीय विद्युत अभियंता अमीर हमजा के समक्ष ग्रामीणों ने समस्याओं को रखा जिसका समाधान का आश्वासन दिया गया। इस संबंध में आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अजीत



महतो ने बताया कि पटमदा प्रखंड के विभिन्न गांवों में व्याप्त बिजली समस्याओं को उजागर करते हुए बिजली विभाग की लापरवाही के कारण केंदडीह गांव में हाई टेंशन तार से हो रही जानलेवा दुर्घटनाओं एवं मवेशियों की मौत के विरुद्ध एक दिवसीय विद्युत सब स्टेशन घेराव सह धरना प्रदर्शन किया गया। पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि केंदडीह में बिजली विभाग की लापरवाही से कई दुर्घटनाएं हुई है। विभाग जल्द से जल्द केंदडीह सहित पटमदा प्रखंड के सभी गांवो में जर्जर तार व खंभों को बदलकर आम जनता को बेहतर बिजली आपूर्ति बहाल करें। मौके पर अजीत महतो, अनाथ बंधु कुंभकार, नारायण महतो, अंकेश भुइयां, नरेश महतो, सुशील महतो, राजकुमार महतो, हिमांशु, दुलाल, अमिताभ, अंबुज, सुबोध, बुद्धेश्वर, पशुपति गोराई व राजीव गोराई आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा का कस्टमर आउटरीच मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर द्वारा 23 जुलाई को होटल कनेलाइट, साकची में कस्टमर आउटरीच एवं मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में कॉर्पोरेट वेतन खातों से जुड़े विभिन्न सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही ग्राहकों को बड़ौदा नकद प्रबंधन सेवाएं के बारे में अवगत कराते हुए प्रस्तुति दी गई । चर्चा सत्र के दौरान ग्राहकों से प्राप्त सुझाव बहुत मिले, जिनके आधार पर बैंक आगे की कार्य नीति स्थिर कर अधिक से अधिक सेवा प्रदान करने हेतु प्रयासरत है । बैठक में, भुवनेश्वर, एस.पी.नायक, मनीष प्रकाश सिन्हा, सच्चिदानंद सिन्हा अन्य कार्यपालकगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहें ।

# बजट राष्ट्रहित के लिए सर्वोपरि : प्रशांत पोद्दार



**जमशेदपुर :** भाजपा जमशेदपुर महानगर के सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार ने आम बजट का स्वागत करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी पारी का यह आम बजट राष्ट्रहित के लिए सर्वोपरि बजट है। इस बजट से किसान, शिक्षा, व्यापार के अलावे मध्यम वर्गीय लोगों के स्व रोजगार के क्षेत्र में कारगर साबित होगा। देश के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्य क्षमता देश के लिए गौरवपूर्ण है।

# प्रहरी अभियान के तहत गम्हरिया थाना प्रभारी पहुंचें नशेड़ियों और जुआरियों के संभावित अड्डे

**गम्हरिया :** जिले के आरक्षी अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत द्वारा प्रारम्भ किए गए प्रहरी अभियान के तहत बुधवार को गम्हरिया थाना प्रभारी राजू के नेतृत्व थाना क्षेत्र के कई इलाकों में यह अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक से बोलायडीह के पूंजीडूंगरी स्थित काली मन्दिर तक कई जगहों का भ्रमण कर स्थल का जायजा लिया। साथ ही, नशेड़ियों और जुआरियों के संभावित अड्डों पर जाकर भी जांच की।



# आदिवासी सेंगेल अभियान ने राष्ट्रपति के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन




**पटमदा :** आदिवासी सेंगेल अभियान के बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष सुरेन चंद्र हांसदा के नेतृत्व में बुधवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करते हुए बीडीओ नाजिया अफरोज के हाथों राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। इस संबंध में सेंगेल के उदय मुर्मू ने बताया कि सेंगेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के आह्वान पर सौंपें गए ज्ञापन में सभी आदिवासी गांव-समाज में संविधान, कानून और जनतंत्र जल्द लागू करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि आदिवासी स्वाशासन व्यवस्था के नाम पर चालू वंशानुगत नियुक्त माझी -परगना आदि इसको नहीं मानते हैं, राजतांत्रिक तानाशाही चलाते हैं। जबरन सामाजिक बहिष्कार, जुर्माना, डायन प्रताड़ना, अंधविश्वास,नशापान, वोट खरीद-बिक्री, महिला विरोधी मानसिकता आदि जैसे असंवैधानिक कृत्यों को बढ़ावा देते हैं। आदिवासी गांव - समाज गुलामी का जीवन जीने को मजबूर है। सेंगेल का यह भी मांग है की अविलंब राज्य सरकार, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन, सक्षम पदाधिकारी इसे लागू करने में सहयोग करें।

# कुचाई के सुदूरवर्ती नक्सल कांडेरागों में विधायक गागराई के प्रयास से पहुंचा जिला प्रशासन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई के सुदूरवर्ती नक्सल पहाड़ी क्षेत्र के गोमेयाडीह पंचायत के कांडेरागों में विधायक दशरथ गागराई के प्रयास से जिला प्रशासन पहली बार जनता दरबार का आयोजन किया गया। उक्त जनता दरबार में खरसावां विधायक दशरथ गागराई, जिला उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला को पाकर ग्रामीण काफी खुश हुए। ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से अतिथियों का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। साथ ही लाभूकों के बीच परिसंपतियों का वितरण किया गया। श्री गागराई ने कहा कि हेंमत सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना पहुंचे। इस दिशा में तमाम कल्याणकारी कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर योजना को धरातल पर



उतारने की अपील की। इस दौरान विधायक व उपायुक्त ने पत्ता में ग्रामीणों के साथ भोजन भी किया। जिला उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि जनता दरबार कार्यक्रम के तहत सरकार की जनोपयोगी योजनाएं लोगों तक पहुंच रही है। यह कार्यक्रम लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित हुई है। उन्होने कहा कि जिले के बॉर्डर क्षेत्र में शिविर को लगाने का मुख्य उद्देश्य बॉर्डर क्षेत्र के जरूरतमंद एवं योग्य लाभुकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से आच्छादित करना है। उपायुक्त ने काडेरागों मेब ने स्कूल भवन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। वही स्कूल परिसर में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य को लेकर निर्देश दिया। मौके पर सिविल सर्जन डा अजय कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेम्ब्रम,समाजसेवी बांसती गागराई, बीडीओ साधुचरण देवगम,बीडीओ प्रधान माझी,जिप जींगी हेम्ब्रम, मुखिया रेखामुनी उराव,भरत सिंह मुंडा, बीटीएम राजेश कुमार बीईओ संजय कुमार जोशी मुन्ना सोय मंगल सिंह मुंडा मनोज सोय आदि जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

# जेबीकेएसएस की सदस्य सुन्दरी देवी ने बेलडीह में असहाय बच्चों को दी मदद



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के बेलडीह गांव निवासी विनोद सिंह की पत्नी रेवती सिंह की सोमवार को सर्पदंश से हुई मौत के बाद उनके तीनों बच्चे असहाय महसूस कर रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही बुधवार को जेबीकेएसएस की सदस्य सुंदरी देवी ने उनके घर पंहुचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। साथ ही तत्काल एक बोरा चावल देकर सहयोग की। सुंदरी देवी ने कहा कि आगे भी परिवार को सहयोग करते रहेंगे। मौके पर उनके साथ देवब्रत महतो, देवाशीष महतो, विकास महतो, राम महतो व गुलाब गोराई आदि उपस्थित थे।

# ग्राम प्रधान को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के छोटा गम्हरिया के माझी बाबा गंगा मांझी के नेतृत्व में कई ग्रामीणों ने गम्हरिया के अंचलाधिकारी और बीडीओ को ज्ञापन सौंप कर ग्राम प्रधान को हटाने की मांग किया है। ज्ञापन में बताया गया है कि संविधान के अनुच्छेद 19(5) के तहत पांचवी अनुसूचित क्षेत्र होने के कारण बगैर ग्राम सभा की अनुमति के कोई भी बाहरी या गैर आदिवासी व्यक्ति इस महत्वपूर्ण पद पर नही रह सकता है। इसके बावजूद वर्तमान ग्राम प्रधान संविधान के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं। अतः नियम संगत कार्रवाई करते हुए छोटा गम्हरिया के




ग्राम प्रधान सूरज लाल महतो को हटाकर चुनाव कराने की मांग की गई है। इस पर संज्ञान लेते हुए सीओ ने एक-दो दिनों में कार्यालय से नोटिस निकालकर इसकी जानकारी ग्राम पंचायत के मुखिया को देकर फिर से नए ग्राम प्रधान का चयन कराने का आश्वासन दिया है।


## जिला पशुपालन कार्यालय, कोडरमा

–: आम सूचना :–

सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, राँची के स्वीकृत्यादेश संख्या–13 रा0 (वि0) दिनांक –01.07.2024 में राज्य योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2024–25 के तहत् अनुदानित / लाभुक अंशदान / बैंक ऋण पर संचालन हेतु पशुपालन प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने हेतू आम सूचना के माध्यम से विहित प्रपत्र दिनांक 30.07.2024 तक प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास आवेदन–पत्र जमा करें।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | ईकाई लागत | 75 % अनुदान पर लक्ष्य | 90 % अनुदान पर लक्ष्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बकरा विकास योजना (4+1) प्रजनन इकाई | 24,800.00 | 558 | 320 | 878 |
| 2 | सूकर विकास योजना (4+1) प्रजनन इकाई | 57,800.00 | 122 | 53 | 175 |
| 3 | बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट (400 चूजा) अंडा उत्पादन हेतु | 1,18,200.00 | 66 | 36 | 102 |
| 4 | 500 ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 चूजा) मांस उत्पादन हेतू। | 67,500.00 | 122 | 64 | 186 |
| 5 | बत्तख चूजा वितरण (15 चूजा ) अंडा उत्पादन हेतु | 1,700.00 | 592 | 330 | 922 |
| | कुल | | 1460 | 803 | 2263 |

- उपरोक्त योजना में ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनो उपरान्त दिया जाएग।
- योजना का लाभ कोडरमा जिले के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, बी0पी0एल0 कोटि, दिव्यांग कोटि एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्रथमिकता के साथ दी जाएगी। अन्य कोटि के लाभुकों को भी योजना का लाभ नियमानुसार दिया जाएगा।
- गाँव का चयन क्लस्टर के आधार पर किया जाना है।
- कोडरमा जिले के प्रखण्ड स्तरीय समिति के द्वारा योजनावार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में गांव का चयन किया जाएग।
- चयनित लाभुक स्थानिय निवासी हो तथा चयनित लाभुक द्वारा इस सम्बन्ध में आवासीय प्रमाण–पत्र एवं जाति प्रमाण–पत्र (जहाँ लागु हो) जमा करना अनिवार्य है।
- चयन प्रक्रिया में ऐसे परिवार जो पशुधन के गतिविधि से जुड़े हुए है उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत लाभुकों के चयन हेतु ग्राम सभा की अनुशंसा अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हुए प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- 75 % अनुदान की योजना के लाभुक APL/BPL वर्ग के सभी महिला पुरूष लाभुकों स्वंय सहायता समूह / सहकारी समिति के सदस्य होंगें। जिसमें BPL परिवार की महिलाओं /असहाय विधवा महिलाएँ / दिव्यांग / निःसन्तान दम्पति (कम से कम 50 वर्ष उम्र) को लक्ष्य के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जाएगा।
- 90 % अनुदान की योजना के लाभुक अंशदान विधवा महिलाओं / दिव्यांग / निःसन्तान दम्पति (कम से कम 50 वर्ष उम्र) को लक्ष्य के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जाएगा।
- सभी योजनाओं का क्रियान्वयन अनुदान सह लाभुक अंशदान / बैंक ऋण पर किया जाएगा।
- योजनान्तर्गत पशु / पक्षी के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के तहत् की जाएगी।
- विहित आवेदन–पत्र संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी / भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी से प्राप्त करेगें।
- आवेदक का बैंक खाता उसके प्रखण्ड / पोषण क्षेत्र के अन्तर्गत होना अनिवार्य है।
- चयनोपरान्त लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जाएगा।

निवेदकः–
जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा

PR.NO.330535 Animal Husbandry(24-25):D

संपादकीय

## रक्षा उत्पादन में उत्साहजनक वृद्धि

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' और 'संकल्प से सिद्धि' के विचार देश के सामने रखे थे, जिनके सुखद परिणाम हमें दिखायी दे रहे हैं। रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भारत ने आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया था, जिसकी पूर्ति हेतु रक्षा उत्पादों के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करके अपने यहाँ उत्पादन को बढ़ावा दिया गया। इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 में भारत का कुल वार्षिक रक्षा उत्पादन 1.3 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जो एक कीर्तिमान है। वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में बीते वर्ष 16.7 प्रतिशत अधिक उत्पादन हुआ। इस उपलब्धि को रेखांकित करते हुए पिछले दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सही कहा भी है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान साल-दर-साल नये-नये मील के पत्थर स्थापित कर रहा है। देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एवं प्रयासों के सकारात्मक परिणाम तो अनेक क्षेत्रों में दिख रहे हैं, पर रक्षा उत्पादन एवं निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि का एक विशिष्ट महत्व है। ऐतिहासिक रूप से हम अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए आयात पर निर्भर रहे हैं। कुछ वर्षों से भारत सरकार ने यह प्रावधान कर दिया है कि हमारी सेनाएं कई वस्तुओं की खरीद देश में ही करेंगी। इन वस्तुओं की सूची लगातार बड़ी होती जा रही है। बड़ी आयुध सामग्री के निर्माण में भी हम आगे बढ़ रहे हैं। आज भारत में युद्धपोतों और पनडुब्बियों का निर्माण भी हो रहा है। स्मरण रखें कि इनके निर्माण की क्षमता कुछ गिने-चुने देशों के पास ही है। इसलिए यह विशेषतौर पर उल्लेखनीय है। आयात घटने और निर्यात बढ़ने से खर्च में कमी आ रही है और रक्षा उद्योग की कमाई में बढ़ोतरी हो रही है। हमें ध्यान रखना होगा कि हथियारों की आपूर्ति में भू-राजनीतिक स्थितियों तथा तकनीक को लेकर विभिन्न देशों की संरक्षणात्मक नीतियों का भी प्रभाव होता है। देश में रक्षा उत्पादन बढ़ने से ऐसे दबावों में भी कमी आ रही है। जिन देशों को रक्षा उत्पाद बेचे जा रहे हैं, उनके साथ हमारे रणनीतिक संबंध भी बेहतर हो रहे हैं। इससे वैश्विक मंच पर भारत के प्रभाव को बढ़ाने में मदद मिल रही है। निर्यात में वृद्धि यह भी इंगित करती है कि भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भरोसा बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि आयातकों में अमेरिका, ब्रिटेन, इस्राइल, फ्रांस, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, सऊदी अरब आदि देश शामिल हैं। इनमें से अनेक देश विकसित अर्थव्यवस्थाएं हैं तथा रक्षा उत्पादन में शीर्षस्थ हैं। बीते वित्त वर्ष में कुल उत्पादन (मूल्य के हिसाब से) का 79 प्रतिशत हिस्सा सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा उत्पादित किया गया और शेष योगदान निजी क्षेत्र ने किया। इससे स्पष्ट है कि सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्रों में विस्तार हो रहा है। रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने समेत विभिन्न सुधारों के परिणाम उत्साहजनक हैं। वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रहा, जो अभूतपूर्व है। साल 2022-23 में यह आंकड़ा 15,920 करोड़ रहा था। रक्षा उत्पादन एवं निर्यात में वृद्धि की गति के बने रहने की पूरी संभावना है, जिसका एक संकेत हमें शेयर बाजार में संबंधित कंपनियों के प्रदर्शन से मिलता है। इसे ठोस आधार देने के लिए शोध एवं अनुसंधान पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि हम अत्याधुनिक तकनीक आधारित साजो-सामान का उत्पादन बढ़ा सकें।


रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भारत ने आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया था, जिसकी पूर्ति हेतु रक्षा उत्पादों के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करके अपने यहाँ उत्पादन को बढ़ावा दिया गया। इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 में भारत का कुल वार्षिक रक्षा उत्पादन 1.3 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जो एक कीर्तिमान है। वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में बीते वर्ष 16.7 प्रतिशत अधिक उत्पादन हुआ। इस उपलब्धि को रेखांकित करते हुए पिछले दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सही कहा भी है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान साल-दर-साल नये-नये मील के पत्थर स्थापित कर रहा है। देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एवं प्रयासों के सकारात्मक परिणाम तो अनेक क्षेत्रों में दिख रहे हैं, पर रक्षा उत्पादन एवं निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि का एक विशिष्ट महत्व है। ऐतिहासिक रूप से हम अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए आयात पर निर्भर रहे हैं। कुछ वर्षों से भारत सरकार ने यह प्रावधान कर दिया है कि हमारी सेनाएं कई वस्तुओं की खरीद देश में ही करेंगी। इन वस्तुओं की सूची लगातार बड़ी होती जा रही है। बड़ी आयुध सामग्री के निर्माण में भी हम आगे बढ़ रहे हैं। आज भारत में युद्धपोतों और पनडुब्बियों का निर्माण भी हो रहा है। स्मरण रखें कि इनके निर्माण की क्षमता कुछ गिने-चुने देशों के पास ही है। इसलिए यह विशेषतौर पर उल्लेखनीय है। आयात घटने और निर्यात बढ़ने से खर्च में कमी आ रही है और रक्षा उद्योग की कमाई में बढ़ोतरी हो रही है।


### 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा

## मंडराने लगे हैं जल संकट के बादल

तनवीर जाफ़री


भीषण जल संकट और इससे उपजी अराजकता के कारण सरकार ने यहां पानी के निजी इस्तेमाल की सीमा 87 से घटाकर 50 लीटर प्रतिदिन कर दी है। अब डे-ज़ीरो के तहत वैपटाउन में 75 फ़ीसदी घरों की पानी सप्लाईं काट दी गयी है। यानी 10 लाख से ज़्यादा घरों को पानी मिलना बंद हो चुकाहै। यहां सिचाईं में भी पानी का उपयोग नाममात्र कर दिया गया है। इसी संकट के बीच समुद्र के पानी को साफ़ करने की कोशिशें भी की जा रही हैं और अब यहां नालों व नालियों के गंदे पानी को भी रिसाइकल किया जाना शुरू हो गया है।


**इसी** वर्ष के मध्य में दक्षिण ईफ़्रा से आईं इस ख़बर ने पूरे विश्व को हिला कर रख दिया किराजधानी केपटाउनको विश्व का पहला जलविहीन शहर घोषित किया गया है। 2018 की शुरुआत में ही वैपटाउनके लोगों को इस आशय की चेतावनी दे दी गयी थी। दरअसल यहां तीन वर्षों से लगातार पड़ने वाला सूखा इस ख़तरनाक स्तर तक पहुंच गया था कि फ़रवरी 2018 में ही डे-ज़ीरो के तहत सारे नलों से पानी की आपरूति बंद कर दी गईं थी। उसी समय हालात ऐसे हो गए थे कि नागरिकों को सप्ताह में केवल दो बार नहाने का आदेश दिया गया था साथ ही शौचालय में फ़्लश के लिए टंकी के पानी का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। आख़िरकार मईं 2024 में इसी वैपटाउन को विश्व का पहला जलविहीन शहर घोषित कर दिया गया। अब यहाँ पुलिस व सेना की सुरक्षा में संचालित 200 जल आपरूति वेंद्रों से केवल 25 लीटर पानी प्रति परिवार को दिया जा रहा है। भीषण जल संकट और इससे उपजी अराजकता के कारण सरकार ने यहां पानी के निजी इस्तेमाल की सीमा 87 से घटाकर 50 लीटर प्रतिदिन कर दी है। अब डे-ज़ीरो के तहत वैपटाउन में 75 फ़ीसदी घरों की पानी सप्लाईं काट दी गयी है। यानी 10 लाख से ज़्यादा घरों को पानी मिलना बंद हो चुकाहै। यहां सिचाईं में भी पानी का उपयोग नाममात्र कर दिया गया है। इसी संकट के बीच समुद्र के पानी को साफ़ करने की कोशिशें भी की जा रही हैं और अब यहां नालों व नालियों के गंदे पानी को भी रिसाइकल किया जाना शुरू हो गया है। तो क्या पूरा विश्व वैपटाउन जैसे जल संकट का सामना करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है? यदि वुछ दिन पहले जारी की गयी संयुत्त राष्ट्र की चेतावनी पर नजर डालें तो संयुत्त राष्ट्र ने आगाह कर दिया था कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। और इस संकट की शुरुआत हो चुकी है। वुछ समय पूर्व सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर बेंगलुरु में जल संकट का समाचार मिला। 1 करोड़ 30 लाख आबादी वालेबेंगलुरु में अमीरों ग़रीबों को एक साथ हाथों में बाल्टियां लिये सूखे पड़े नलों व टैंकर्स के पास लम्बी क़तार लगाये देखा गया। यहाँ तक कि सरकारी अस्पतालों में हवा से पानी बनाने की मशीन लगानी पड़ी। परन्तु ऐसा लगता है कि यदि पृथ्वी वासी हम आम जनों ने पानी की बर्बादी करने वाली अपनी दिनचर्या न



तो बदली और न ही जलसंरक्षण पर ध्यान न दिया। नतीजतन संयुत्त राष्ट्र द्वारा जारी यह चेतावनी कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, यह सही साबित होने में अब ज़्यादा वक़्त लगता नजर नहीं आता। जल संकट मंडराने का दृश्य मैंने अपनी आँखों से पिछले दिनों अपनी सांगला (हिमाचल प्रदेश) की यात्रा के दौरान स्वयं महसूस किया। मैंने केवल बरसात के मौसम में ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष पहाड़ों पर तेज़ धार से बहने वाले शीतल जल के अनगिनत झरने / चश्मे बहते देखे हैं। उन झरनों पर लगने वाली भीड़, लोगों को वहां खड़े होकर अपने वाहनों की धुलाईं करते, नहाते, कपड़े धोते, मस्ती करते, फ़ोटो सेशन कराते और कहीं कहीं तो फ़िल्में शूट होते भी देखा है। इन्हीं जगहों पर वुछ ग़रीबों को मक्के की छल्ली बेचते, चिप्स, चाय कोल्ड ड्रिंक्स गोली टॉफ़ी बेचते भी देखा है। परन्तु अत्यंत दुखद है कि गत दो दशकों से झरनों के सूखने का यह सिलसिला आज यहाँ तक आ पहुंचा है कि वही अनगिनत झरने पूरी तरह सूखे पड़े हैं। ऊँची पर्वत श्रंख्लाओं पर इकट्ठी बर्प़ पिघल चुकी है। ग्लेशियर सूखे पड़े हैं। गोया नदी जल का मुख्य स्त्रोत समझे जाने वाले अधिकांश पहाड़ी चश्मे सूख चुके हैं। झरना स्थलों पर सन्नाटा पसरा पड़ा है। पहाड़ों की हरियाली ख़त्म होती जा रही है। इसी संकट के परिणामस्वरूप देश की तमाम नदियां सूखती जा रही हैं। मीठे पानी की कमी का दुष्प्रभाव हिमाचल प्रदेश जैसे जल स्त्रोतवाले प्रमुख राज्य में क्या देखना पड़ा यह मेरी आपबीती से समझ सकते हैं। शिमला के आगे फ़ागू घाटी के एक होटल में रुकने के लिये कमरा बुक करने के समय होटल मालिक ने साफ़ कह दिया कि पानी की कमी है। सुबह को केवल श होने के लिये टंकी से पानी थोड़ी देर के लिये चलेगा परन्तु नहाने धोने के लिये पानी नहीं है। पीने के लिये बोतल का पानी उपलब्ध है'। इसके बाद नारवंडा में स्थित एकमात्र सुलभ शौचालय जलरहित थाऔर बदबू पैली हुईं थी। रामपुर के निकट कार में तेल डलवाने के बाद जब पम्प कर्मचारी से शौचालय के बारे में पता किया तो वह बोला कि शौचालय तो ज़रूर है परन्तु पानी नहीं है। और इंतेहातो तब हुईं जब सांगला में जहाँ ठहरे थे वहाँ भी पानी का काल पड़ा हुआ था। जबकि सामने कलकल करती बसपा नदी बह रही थी। अपने जीवन के किसी पहाड़ी दौरे में पानी के काल का व्यत्तिगत अनुभव हासिल करने का यह पहला मौक़ा था जिसने भविष्य के संभावित जलसंकट की याद दिलाकर अत्यंत विचलित व चिंतित कर दिया। ग्लोबल वरमिंग के दुष्प्रभाव के कारण इसका कोईं तात्कालिक जादुईं समाधान तो नजर नहीं आता परन्तु प्रत्येक व्यत्ति व सरकारों को इस दिशा में वुछ न वुछ कोशिश तो करनी ही चाहिये। बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिये पूरे विश्व को पूंजीवाद का मोह छोड़ मानवता के प्रति प्रेम दर्शाते हुये प्रावृतिक संतुलन बनाने की दिशा में सख़्त क़ानून बनाकर कड़े क़दम उठाने चाहिये। ग़ौरतलब है कि विकास के नाम पर पूंजीवाद पेड़ों की कटान कर समतल ज़मीन चाहता है जबकि प्रवृति अधिक से अधिक वृक्षारोपण चाहती है। वृक्षारोपण को तो प्रत्येक व्यत्ति को अपने जीवन का हिस्सा मान लेना चाहिये। हर इंसान को शादी, पाटा, मरना, सालगिरह, विवाह वर्षगांठ, बरसी आदि हर ग़म ख़ुशी व त्यौहार के अवसर पर वृक्षारोपण ज़रूर करना चाहिये। इसी तरह पूंजीवाद अधिक से अधिक वाहनों की बिी में दिलचस्पी रख प्रदूषण को बढ़ाने में भागीदार होता है जबकि प्रवृति प्रदूषण मुत्त वातावरण चाहती है। इसके अतिरित्त र्वषा जल को संचित करने के लिये सूखे पड़े तालाबों को गहरा करने व अधिक से अधिक नये नये तालाब खोदने की ज़रुरत है। इससे जल संग्रहणभी होगा और आसपास का भूगभाय जलस्तर भी सुधरेगा। नवर्निमित होने वाले मकानों में बारिश में छतों का पानी संचित करने के लिये एक पाइप ज़मीन में डालने की प्रायिा (लैंड रिचरजिगसिस्टम) को अनिवार्यं किया जाना चाहिये। समय रहते यदि हमने जलसंरक्षण के उपाय नहीं किये तो यकीन जानिये वह दिन दूर नहीं जब हम अपने बच्चों को भीषण जलसंकट के वातावरण में छोड़ कर जाने के लिये मजबूर होंगे।

दृष्टि कोण

## भिक्षावृत्ति मुक्त भारत बनाने की राह में चुनौतियां

**अब** देश में भीख मांगने पर रोक लगेगी क्योंकि उनके संरक्षण और पुनर्वास के लिए कोशिश होगी। देश में भिक्षावृत्ति बढ़ती जा रही है और रोकने की कोई ठोस पहल नहीं हुई है। हालांकि, भिक्षावृत्ति के खिलाफ कुछ राज्यों में कानून भी बने हैं लेकिन वे इसे रोक पाने में सक्षम नहीं हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने केंद्र और राज्य सरकारों को भिखारियों की स्थिति में सुधार व पुनर्वास की सिफारिश की है। आयोग के महासचिव भरत लाल ने कहा है कि भिक्षा में लगे लोगों की मौजूदगी कमजोर समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों को दर्शाती हैं। भिक्षावृत्ति का कारण सिर्फ गरीबी नहीं है बल्कि यह एक सामाजिक और आर्थिक समस्या है जहां शिक्षा और रोजगार से वंचित लोग अपनी आजीविका के लिए भीख मांगने को मजबूर होते हैं। शहरों में धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर भीख मांगने वालों में ज्यादातर महिलाएं, बच्चे, किन्नर, बुजुर्ग और दिव्यांग होते हैं। देश में भीख मांगना एक अहम सामाजिक समस्या रही है, जिसके पीछे गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, सामाजिक असमानता और दिव्यांगता आदि वजहें हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, जहां देश में करीब चार लाख से अधिक लोग भिक्षावृत्ति से जुड़े हुए थे। फिलहाल उनकी संख्या बढ़कर करीब 7 लाख पहुंचने का अनुमान है। भिखारियों की संख्या बढ़ने का यह अनुमान केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से शहरों को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने को लेकर शुरू किए गए अभियान के दौरान लगा है। शहरों में इस अभियान को शुरू करने से पहले इनका सर्वे कराया गया था। हालांकि, यह योजना मौजूदा समय में करीब 30 शहरों में ही चलाई जा रही है जिसका लक्ष्य 2026 तक भिक्षावृत्ति मुक्त भारत बनाने का है। भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आठ प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। सिफारिश के मुताबिक केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को



नगर निगमों और सरकारी एजेंसियों की सहायता से भिक्षावृत्ति में लगे लोगों का एक केंद्रीकृत डेटाबेस बनाने की सलाह दी गई है। आयोग ने भीख मांगने में लगे लोगों के संरक्षण और पुनर्वास पर एक राष्ट्रीय नीति का मसौदा तैयार करने की सिफारिश की है, ताकि लक्षित वित्तीय सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण, गरीबी उन्मूलन और निरंतर निगरानी और पर्यवेक्षण के साथ रोजगार के अवसरों सहित उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाकर कार्यान्वित किया जा सके। आयोग ने कहा है कि सामाजिक सुरक्षा हेतु डिजिटल-प्रिंट मीडिया में जागरूकता अभियान शुरू कर संगठित/जबरन भीख मांगने की समस्या को सभी रूपों में समाप्त किया जाए। आयोग ने कहा है कि संगठित समूह अक्सर कमजोर बच्चों को भीख मांगने के लिए बाध्य करते हैं। कुछ मामलों में बच्चों को भीख के लिये मजबूर करने हेतु उनका अपहरण तक कर लिया जाता है। जबरन भीख मांगने के किसी भी रैकेट पर अंकुश लगाने के लिए मानव व्यापार विरोधी कानून बनाने के लिए एक समाजशास्त्रीय और प्रभावी आर्थिक मूल्यांकन जरूरी है। इस कानून में अपराधियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित हो। आयोग ने इस समस्या के समग्र समाधान हेतु सामाजिक कल्याण हस्तक्षेप, बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच, अधिकारों की रक्षा और उन्हें समाज में फिर से शामिल करने में मदद हेतु मजबूत कानूनी ढांचा बनाने की जरूरत बताई है। आयोग ने कहा है कि भीख मांगने के कारणों को सामने लाने के लिए भिखारियों के सर्वेक्षण, पहचान, मानचित्रण और डेटा बैंक तैयार करना, भिक्षावृत्ति में लगे लोगों का पुनर्वास, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कानूनी और नीतिगत ढांचा, गैर-सरकारी संगठनों, नागरिक समाज संगठनों, निजी क्षेत्र, धर्मार्थ ट्रस्टों आदि के साथ सहयोग, वित्तीय सेवाओं तक पहुंच, जागरूकता पैदा करना, संवेदीकरण व निगरानी की जाए। आयोग का कहना कि भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों की पहचान प्रक्रिया पूरी होने के बाद, उन्हें शहरों या जिलों में स्थित आश्रय गृहों में लाया जाए। उन्हें निवासियों के रूप में पंजीकृत किया जाए तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों या अधिकृत एजेंसियों में संबंधित विभागों/ नगरपालिकाओं/ ग्राम पंचायतों द्वारा पहचान पत्र जारी किए जाएं; आश्रय गृह उन्हें उचित आवास और भोजन की सुविधा, कपड़े, स्वास्थ्य सेवा, आधार कार्ड, राशन कार्ड और बैंक खाते खोलने में सहायता सहित अन्य जरूरी सेवाएं मुहैया करे।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## आवासीय दिव्यांग विद्यालय में हुआ विधि जागरूकता शिविर का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वाधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामगढ़ आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में बुधवार को दिव्यांग बच्चों के लिए 45 दिवसीय विशेष अभियान के तहत आवासीय दिव्यांग विद्यालय सुकरीगढ़ा रामगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डालसा रामगढ़ सचिव अनिल कुमार ने दिव्यांग बच्चों को विधिक अधिकारों एवं सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान दी। श्री कुमार ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार वह विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं और उनके अधिकारों की सुरक्षा कैसे की जा सकती है। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और किसी भी प्रकार की विधिक समस्या के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क करें। इस अवसर पर मुस्कुराहटें एनजीओ के अध्यक्ष विवेकानंद वर्मा एवं आवासीय दिव्यांग विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित थे, उन्होंने बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न सेवाओं और योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोसिएशन ऐपवा रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक संपन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोसिएशन (ऐपवा) रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक रामगढ़ में संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता कांति देवी और संचालन नीता बेदिया ने किया। बैठक में सीता देवी, जयंती देवी,सरिता देवी,सुरती देवी, देवन्ती देवी, सोनी, ललिता अन्य शामिल थे। बैठक में महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा की गई कि अभी राज्य सरकार के द्वारा घोषणा की गई है कि स्वलंबन योजना के तहत 21 वर्ष से 50 वर्ष तक के सभी महिलाओं पेंशन दी जाएगी लेकिन इसके लिए फार्म उपलब्ध नहीं कराया गया है। और 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को आवेदन देने के बावजूद अंचल कार्यालय में आनलाईन नहीं किया जा रहा है। और पेंशन से महिलाएं वंचित हो रही है। महिलाओं के नाम पर मिले प्रधानमंत्री आवास में घुस लिया जाता है जिसका ऐपवा विरोध करती है। ऐपवा का राष्ट्रीय परिषद की बैठक 8-9 अगस्त को बेंगलुरु में रामगढ़ झारखंड से 6 महिलाएं भाग लेगी। कृषि कार्य कर रहे महिलाओं को कृषि समान निधि राशी का भुगतान नहीं किया जाता है तथा मुफत में कृषि कार्य हेतू खाद,बिज,दवा उपलब्ध नहीं कराया जाता है उन कृषक महिलाओं को समस्त सुविधाओ को उपलब्ध कराने की मांग करती है।

## रूआर कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा तंत्र को मजबूत करना : सुधीर मंगलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड प्रखंड स्तरीय रूआर को लेकर कार्यशाला का आयोजन कर किया गया। उदघाटन दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश प्रमुख रेणु देवी अंचल अधिकारी सह प्रभार बिडिओ मदन महली मिथलेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में बताया गया कि पांच से 18 वर्ष के नामांकित सभी बच्चों का विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करें, जिन बच्चों का अब तक नामांकन नहीं हो पाया है उनका नामांकन सुनिश्चित करना है. अप्रवासी, अनामांकित एवं विशेष बच्चों का नामांकन के साथ उपस्थिति सुनिश्चित हो। यही स्कूल रूआर अभियान का उद्देश्य है। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को उनके शिक्षण कौशल में निखार लाना और उन्हें नई तकनीकों से सुसज्जित करना है। हम भविष्य में भी इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन करते रहेंगे ताकि हमारे शिक्षा तंत्र को मजबूत किया जा सके।कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। कार्यशाला में मुखिया रंजू देवी उर्मिला देवी व विद्यालयों के प्रधानाचार्य शिक्षक, अध्यक्ष, आदि मौजूद थे।

## स्कूली बच्चों के लिए तीन दिवसीय नो योर आर्मी प्रदर्शनी और गैलेरी संग्रहालय का दौरा आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** कारगिल विजय दिवस की 25 वी वर्षगांठ के अवसर पर पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ छावनी के अन्तर्गत आने वाले स्कूल के बच्चों के लिए तीन दिवसीय नव योर आर्मी ( नो योर आर्मी ) नव योर आर्मी प्रदर्शनी और गैलेरी मुसीउम ( GALLEY MUSEUM ) का दौरा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सैन्य हथियारों, उपकरणों और सैन्य बैंड का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शनी से उत्साहीत बच्चों को भारतीय सेना मे शामिल होने की प्रेरणा मिली। भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमे हमारे सैनिकों ने बहादुरी से लड़ते हुए पाक सैनिकों को हराया और कारगिल सैक्टर से घुसपैठियों को खदेड दिया। यह दिन हमें हमारे शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है।यह महान कार्यक्रम सैन्य रीति रिवाजों से मनाया गया। जिसमें 204 स्कूली बच्चों 10 अध्यापकों व पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के सभी पदों और उनके परिवारजनों ने भाग लिया और उन शहीद सैनिकों को याद किया, जिन्होने अपनी अंतिम सांस तक लड़ते हुए कारगिल की दुर्गम चोटियों पर दुबारा कब्जा करने के लिए अपनी आखरी सांस तक लड़ाई लड़ी।

## भाकपा माले की बैठक हुरूम गढ़ा में हुई संपन

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा (माले )की बैठक हुरूम गढ़ा में मनोज मांझी की अध्यक्षता मे सम्पन हुई। बैठक में प्रमुख रूप से माले के वरिष्ठ नेता सरयू मुंडा उपस्थित थे। बैठक में उपस्थिति ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए सरयू मुंडा ने कहा की विगत दिनों स्थानीय विधायक अम्बा प्रसाद जी को आजसू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा द्वारा आदिवासी यों की पहचान लाल पाइर साड़ी पहनाकर विधायक का पुतला सार्वजनिक स्थल पर जलाना अपने आप में पुरे देश के आदिवासियों के सभ्यता, संस्कृति, पहचान व धार्मिक आस्था पर चोट मारने के बराबर है !देश के आदिवासियों की लाल पाइर साड़ी अपनी अस्तित्व की पहचान है इनके साथ खेलवाड़ करना ओक्षी राजनीती है जिसे आदिवासी समाज व भाकपा (माले )कतई बर्दास्त नहीं करेगी !आगे भाकपा (माले ) स्थानीय प्रशासन से मांग करती है की आदिवासियों की परिधान से एवं भावना से खिलवाड़ करने वाले विश्वरंजन सिन्हा एवं शामिल इनके साथियों को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजाजाय, नहीं तो भाकपा (माले )आंदोलन करने पर बाध्य होगी। बैठक में दसाराम मांझी, संजय बेदिया, सोहन बेदिया, महादेव मांझी, मनोज मुंडा, सुलेन्द्र मुंडा, बिहारी मुंडा, राजेश मुंडा, राजदेव मुंडा, ब्रह्मदेव मुर्मू, गीता देवी, अनीता देवी, ललिता देवी, रानी देवी, शांति देवी, ममता देवी के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## जेईई मे सफलता अर्जीत करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी बरकाकाना में बुधवार को प्रार्थना सभा के दौरान एक समारोह आयोजित कर विद्यालय से पास हुए छात्र निखिल शर्मा और प्रतीक कुमार को जेईई में मिली सफलता पर सम्मानित किया गया। उक्त दोनों बच्चों ने विद्यालय से 2020-21 में दशम की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। दोनों सफल छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने सम्मानित किया और उनकी इस उपलब्धि के लिए सराहना की। उन्होने कहा कि इन दोनो छात्रों ने अपनी सफलता से विद्यालय का नाम रोशन किया है। निखिल शर्मा और प्रतीक कुमार की इस सफलता ने पूरे विद्यालय को गर्वित किया है। उन्होंने कहा कि इन छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन ने उन्हें इस ऊंचाई तक पहुंचाया है और यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।इस समारोह में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। उन्होंने दोनों छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निखिल शर्मा और प्रतीक कुमार ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह सफलता उनके शिक्षकों, अभिभावकों और दोस्तों के समर्थन के बिना संभव नहीं थी। उन्होंने अन्य छात्रों को भी प्रेरित किया कि वे अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहें और कठिन परिश्रम करते रहें।



## झारखण्ड किसान महासभा के प्रतिनिधि मण्डल ने डेली मार्केट के मुद्दे पर छावनी परिषद रामगढ़ के सीईओ को सौंपा मांग पत्र

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड किसान महासभा का प्रतिनिधि मण्डल ज़िला अध्यक्ष अशोक महतो के नेतृत्व में छावनी परिषद रामगढ़ के सीईओ अनंत आकाश से मिला और रामगढ़ डेली मार्केट में किसानों को परेशान किए जाने और वहाँ से हटाए जाने के सहित अन्य असुविधाओं के ख़िलाफ़ माँग पत्र सौंपा। ज्ञात हो कि झारखंड किसान महासभा के द्वारा कृषि उत्पाद समिति, रामगढ़ के प्रांगण में दिनांक 21जुलाई को ÷किसान महाजुटान का आयोजन किया गया। जिसमे रामगढ़ ज़िले के विभिन्न गांवों से सैकड़ों किसानों ने भाग लिया और इस महाजुटान में डेली मार्केट रामगढ़ के किसानों को वहाँ से हटाये जाने सहित कई प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन करने की रणनीति बनायी गई थी।उसी क्रम में कल किसानों का प्रतिनिधिमंडल रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार से भी मिलकर माँग पत्र सौंपा था। बुधवार को रामगढ़ छावनी परिषद के सीईओ को मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में मुनिनाथ महतो,कपिलदेव महतो,सुरेश महतो,रीता भारती,सरिता देवी,प्रतिभा देवी,बिनीता कुमारी,सीमा बेदिया और अमित सिंह शामिल रहे।

# नाम जांचों अभियान व मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन को लेकर राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय सभा कक्ष में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव द्वारा सोशल मीडिया अभियान #NaamJancho अभियान का संचालन के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराने एवं अपेक्षित सहयोग हेतु मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई।प्री रिवीजन गतिविधि 25 जून 2024 से 24 जुलाई 2024 तक चलाया गया।जिसका प्रारूप प्रकाशन 25 जुलाई 2024 गुरुवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर किया जाएगा। 25 जुलाई 2024 से मतदाता सूची का द्वितीय पुनरीक्षण प्रारंभ है जो 9 अगस्त 2024 तक निर्धारित है तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त 2024 को निर्धारित है।निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव ने बताया कि एक जुलाई को जिन मतदाताओं का उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुका है वैसे मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए बूथ स्तर के पदाधिकारी द्वारा घर घर विजिट किया जा रहा है। 25 जुलाई गुरुवार को मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों, प्रखंड कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, उपायुक्त कार्यालय पर किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य त्रुटि रहित और शत प्रतिशत नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हो। निर्वाचन विभाग झारखंड रांची से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देशानुसार ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 25 जुलाई को 12 बजे से 1 बजे तक #NaamJancho अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने भी वीडियो क्लिप जारी कर सभी मतदाताओं से अपील किया है कि सभी मतदाता अपना नाम मतदान केंद्र पर जा कर या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से या 1950 पर अपना इपिक नंबर डाल कर भेजे या electoralsearch.eci.gov.in पोर्टल पर जाए और अपना नाम जांच कर अपने फोटो के साथ 25 जुलाई को 12 बजे से 1 बजे के बीच चलने वाले अभियान के तहत सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर #NaamJancho के साथ पोस्ट करें और इस अभियान को सफल बनाएं। सुरेंद्र उरांव ने उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टी के प्रतिनिधि को कहा आप भी अपने अपने क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन व 12 बजे से 1 बजे तक चलने वाले अभियान के बारे में बताए। जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदाता जागरूक होकर अपने त्रुटि रहित मतदाता सूची में सुधार करा सकें और मतदान दिवस के दिन निर्भीक एवं भयमुक्त होकर मतदान कर सकें। आगे उन्होंने कहा मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन के दौरान जांच के क्रम में अगर किन्हीं मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो प्रपत्र 6 भरकर, जिन मतदातों की मृत्यु हो गई है या मतदाता का नाम दूसरे जगह भी दर्ज है या सिफ्टेड मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से डिलीट करने के लिए बीएलओ के माध्यम से प्रपत्र 7 भर कर कर सकते हैं। वहीं मतदाता सूची में त्रुटि के सुधार के लिए प्रपत्र 8 भरकर निराकरण किया जा सकता है।

# विद्यालय में अभिभावको के साथ शिक्षको ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत गांव में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारीसाखी में अभिभावकों के साथ शिक्षको ने बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। जहां अभिभावक सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हुए। बच्चों की उज्जवल भविष्य एवं शिक्षा से संबंधित कई जानकारी अभिभावक से शिक्षकों ने जुटाए। वहीं अभिभावकों से बिचार बिमरस के द्वारा बच्चों की भविष्य के बारे में अभिभावक से पूछ ताछ एवं बच्चों की जीवनी की जानकारी अभिभावक से जुटाए। शिक्षकों के द्वारा बताया गया की बच्चों को स्नान कराने एवं कपड़ों को साफ सुथरा करके भेजें । उसके बाद कई अभिभावकों ने शिकायत किया । उन्होंने बताया कि बच्चों को टास नहीं दिया जाता है। सही से पढ़ाया नहीं जाता है। मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक राजकुमार कुमार यादव शिक्षक मुनेश्वर यादव सुरेंद्र तिवारी अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पांडेय एवं सैकड़ो की संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने चतरा उपायुक्त से की मुलाकात



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा उर्फ माइकल ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने किचटो पंचायत में स्वास्थ उपकेंद्र नहीं होने के मुद्दों को लेकर चतरा उपायुक्त को क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए तीन गांव में उप स्वास्थ केंद्र की स्थापना एवं भवन की व्यवस्था कराने की बात कही है। पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए पिपरवार स्वास्थ केंद्र स्थापित करने को लेकर जल्द से जल्द स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजने का बात कही है साथ ही पिपरवार क्षेत्र का दौरा पर आने की बात कही है। उपायुक्त ने भाजपा प्रतिनिधि मंडल से कहा कि आप लोग तीनों सामुदायिक भवन के लिए जगह चिन्हित करें ताकि स्वास्थ्य मंत्रालय को इस काम के लिए जल्द से जल्द भेजा जाय। यह कार्य ईमेल के माध्यम से झारखंड सरकार को भेजा जाएगा। इसके साथ हीं पिपरवार मंडल के ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष ने ज्वलंत मुद्दा जैसे नो एंट्री पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण फूड इंस्पेक्टर ड्रग्स इंस्पेक्टर से कराने की बात कही ताकि आने वाले पीढ़ी और समाज को सुरक्षित रखा जाय।

# नि-शुल्क साइकिल मिलने से छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रोजेक्ट विद्यालय महुआडांड़ परिसर में प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से आए कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंन डांग एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे की उपस्थिति में निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के चेहरे पर साइकिल मिलने की खुशी साफ झलक रही थी। छात्रों का कहना था की साइकिल मिलने से अब उन्हें आने-जाने में ज्यादा समय बर्बाद नहीं करना पड़ेगा। पहले हमें विद्यालय तक पहुंचने के लिए समय से घंटों पहले घर से निकल जाना पड़ता था। और छुट्टी के बाद भी घर पहुंचने में काफी देर हो जाती थी। जिसके कारण घर में पढ़ाई नहीं हो पाती थी।इस अतिरिक्त समय में वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकेंगे। मौके पर उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे ने बताया की प्रखंड के 1050 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण करना है। अभी तक 800 साइकिलें असेम्बल की जा चुकी है, जिन्हें छात्र-छात्राओं के बीच बांटा जा रहा है। बाकी की साइकिल भी जल्द छात्रों को उपलब्ध करा दी जाएगी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंन डांग, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे, प्रोजेक्ट विद्यालय प्रभारी शिक्षिका माधुरी किरण, शिक्षक पंकज कुमार, अमित समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# आगामी विस चुनाव एवं पार्टी के विस्तार को लेकर आजसू पार्टी ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड में 24जुलाई 2024 दिन बुधवार को प्रखंड अध्यक्ष नंदन कुमार की अध्यक्षता में आजसू पार्टी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह उपस्थित हुए। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव एवं पार्टी के विस्तार को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। मौके पर जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार 5 साल अपने लूट के कार्यकाल को खत्म करने वाली है। जनता त्राहिमाम कर रही है। आजसु पार्टी उनके झूठे वादे एवं इनकी कथनी और करनी को जनता के समक्ष रखेगी और उनके लूट तंत्र का पर्दाफाश करेगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष नंदन कुमार ने कहा कि मनिका प्रखंड के अंचल में भ्रष्टाचार का बोलबाला है बिना पैसा दिए कोई काम नही हो रहा है हम गांव गांव में जनसंपर्क करके एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। ताकि आम लोगों कि समस्या का समाधान हो सके। मौके पर छात्र संघ जिला अध्यक्ष अभिजीत सोनू जिला समिति सदस्य विकास साहू प्रखंड अध्यक्ष नंदन कुमार, प्रखण्ड सचिव धनंजय तिवारी, नागेंद्र सिंह, आशीष कुमार यादव, आनंद कुमार, मोहम्मद रफीक अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## प्रस्तावित प्रखंड जोरी में आजसू महिला नेत्री पिंकी कुमारी ने प्रखंड महिला कमेटी के साथ की बैठक



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी ने प्रस्तावित प्रखंड जोरी में कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की।बैठक में प्रतावित प्रखंड जोरी के महिला कमेटी को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत ने कार्यकर्ताओं से कहा कि चूल्हा प्रमुख कमेटी का जल्द से जल्द गठन करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला दीदी की सहभागिता रही। कार्यक्रम में नीतू दीदी, सुमन कुमारी, ललिता देवी, रंजू कुमारी, निर्मला देवी सहित अन्य शामिल हुए। साथ में पैनी पंचायत के अध्यक्ष अक्षय पासवान भी उपस्थित रहे।

## लोजपा जिला पदाधिकारी सम्मान एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय स्थित शहर के कार्निवल में 24 जुलाई 2024 दिन बुधवार को लोक जनशक्ति पार्टी के जिला पदाधिकारी सम्मान एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई।मंच का संचालन किरन चंद्रवंशी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र प्रधान उपस्थित हुए। कार्यक्रम के उपरांत बानपुर में लोक जन शक्ति पार्टी जिला कार्यालय का उद्घाटन लोजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रधान ने फीता काटकर किया।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रधान ने कहा कि संगठन जिलाध्यक्ष राजेंद्र पासवान के नेतृत्व में बेहतर कार्य की शुरुआत हो गई है। संगठन में लोगों को जोड़ने का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। संगठन का मूल उद्देश्यों के साथ लातेहार जिला में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अगामी चुनाव पर कहा की झारखंड में हमारी जहां जहां मजबूती होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष को ध्यानाकृष्ट कराते हुए दावेदारी की जायेगी।जिलाध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष और संघठन से दिए गए निर्देश का पालन करते हुए जन मुद्दों के साथ लोजपा जिला कमेटी कार्यो मे लग गई है।इसका असर आने वाले दिनों में दिखने लगेगा।मौके पर प्रदेश प्रवक्ता उमेश तिवारी वरिष्ठ नेता रवि चौबे प्रदेश सचिव संजीव कुमार दिवेदी समेत जिला कमेटी के अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## अतिक्रमण को हटाने व रास्ता की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जालिम खुर्द पंचायत के ग्राम गोवा के ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने एवं सड़क की मांग को लेकर बुधवार को सैंकड़ों ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में लिखा है कि मॉडल डिग्री कालेज में चारदिवारी का निर्माण कराया जा रहा है जहां हमलोगों को कृषि कार्य के लिए घर से खेतों में जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया है। अगर अभी समय रहते हमलोगों के लिए रास्ता नहीं दिया गया तो आगे चलकर बहुत बड़ी दिक्कतों की सामना करना पड़ेगा।इसलिए हम सभी ग्रामीणों का मांग है कि 10 फुट का रास्ता छोड़कर ही चारदिवारी का निर्माण हो। उपायुक्त को आवेदन देकर आगे यह भी अवगत कराया है कि कॉलेज के बगल में कॉलेज का ही सरकारी जमीन में कुछ लोगों के द्वारा घर बनाकर जमीन को अवैध रूप से कब्जा कर अतिक्रमण किया गया है। जिसे मकान को तोड़कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। दिये गये आवेदन में, रिता देवी एवं मालती देवी वार्ड सदस्य सहित विरजू सिंह, बिफई सिंह, सुरजीत सिंह, वकील सिंह, धनंजय सिंह, राजा कुमार, ओमप्रकाश कुमार, जलेंद्र सिंह, अशोक कुमार, रोशन सिंह, विशाल कुमार, मुना कुमार सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर अंकित है।

## बारीसाखी पंचायत में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बारीसाखी के पंचायत कार्यालय सभा कक्ष में बुधवार को कार्यकारिणी की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षा मुखिया सुमीरा कुमारी ने किया। एवं संचालन पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों के साथ पंचायत सचिवालय में कई चर्चाएं हुई। जहां सुदृढ़ीकरण राशि को सरकार की गाइडलाइन के तहत कार्य करने एवं 15 वीं वित आयोग की राशि से जन उपयोगी योजनाओं को क्रियान्वयन तथा मनरेगा तहत सरकार द्वारा चलाए गए महत्वाकांक्षी योजनाएं को क्रियान्वयन हेतु मुद्दों पर विचार विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से पारित किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती पंचायत समिति प्रतिनिधि परमेश्वर रविदास उपमुखिया मुखिया विकास कुमार पांडे वार्ड सदस्य मनोज रविदास लक्ष्मण रजक विकास कुमार बिक्कू विजय रजक सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## मानव तस्करी के आरोपी को 10 वर्षों की कारावास एवं जुर्माना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे की अदालत ने सत्रवाद 188/2013 की सुनवाई के उपरांत आरोपी शीला देवी को अधिकतम 10 वर्षों की सजा एवं एक लाख रुपया जुर्माना मुकर्रर किया है। श्री दुबे ने खचाखच भरी खुली अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के उपरांत शीला देवी को मानव तस्करी का दोषी पाया था।प्रभारी लोक अभियोजक अशोक कुमार दास के अनुसार मनिका थाना क्षेत्र के कमारू ग्राम निवासी प्रभु भुइंया ने अपनी पुत्री रजंति कुमारी की अपहरण कर दिल्ली ले जाने का आरोप गांव के ही शीला देवी राजेश भुइंया, सोहर भुइंया एवं कलावती देवी के विरुद्ध मनिका थाना कांड संख्या 29/ 13 दायर कराया था। मामला दर्ज होने के बाद अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारी मारियानुष खलखो ने आरोपी शीला देवी पति राजेश भुइंया ग्राम होटवाग के विरुद्ध आरोप पत्र संख्या 110 /2013 दिनांक 15 नवंबर 2013 अदालत में समर्पित किया था। श्री दास ने बताया कि अभियोजन की ओर से सूचक प्रभु भुइंया सहित कुल सात गवाहों की गवाही कलमबद कराई गई थी। श्री दुबे की अदालत ने शीला देवी को भादवि की धारा 370/34 के तहत 7 वर्षो का सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुर्माना एवं जुर्माना नहीं देने की स्थिति में 10 माह का साधारण कारावास, भादवि की धारा 371/34 के तहत 10 वर्षो की सश्रम कारावास एवं 75000 रू जुर्माना ,जुर्माना नहीं देने की स्थिति में 7 माह का साधारण कारावास एवं भादवि की धारा 372 /34 के तहत 7 वर्षो का सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपया जुर्माना तथा जुर्माना नहीं देने की स्थिति में 6 माह का साधारण कारावास की सजा सुनाया है। श्री दुबे की अदालत ने सभी सजायें साथ-साथ चलने एवं कारा में बिताये अवधि को सजा की अवधि से समायोजित करने का आदेश पारित किया है।

# सड़क नही बनी तो विस चुनाव में केंदुआ गांव के ग्रामीण करेंगे वोट का बहिष्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के पुंडरा पंचायत के केंदुआ गांव के ग्रामीण सड़क नही बनने पर विधान सभा चुनाव में वोट का बहिष्कार करेंगे। बुधवार को ग्रामीण सड़क पर उतरकर जमकर विरोध किया है। यह सड़क टूटीलावा एनएच 100 से लेकर केंदुआ गांव तक जाती है। सड़क की लंबाई दो किमी है। पथ जर्जर व गड्ढों में तब्दील है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। बारिश होने पर उक्त पथ पर बने गड्ढो में पानी और कीचड़ का जमाव हो जाता है जिससे सड़क नारकीय बन जाता है। जिससे गांव के लोगो को आवागमन मे कठिनाई हो होती। साथ ही लोगो को चलना दुर्भर हो जाता है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना ग्रस्त होकर घायल हो जा रहे है। स्कूली बच्चों को विद्यालय आने जाने में परेशानी हो रही है। दो पहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहन चालकों चलना मुश्किल हो जाता है। गांव की आबादी लगभग एक हजार है। यहां किसान वर्ग के लोग रहते है जो खेती पर निर्भर है। किसानो को उत्पादित साग सब्जी को बाजार ले जाने में कठिनाई होतीहै। इस सड़क से हरेक दिन पांच सौ लोगो का आना जाना लगा रहता है। ग्रामीण पांच वर्षो से सड़क बनाने की मांग स्थानीय विधायक और सांसद से करते आ रहे है, किंतु ग्रामीणों की सड़क की समस्या का समाधान किसी भी जनप्रतिनिधि अबतक नहीं किया गया। इससे ग्रामीणों में रोष है।

**ग्रामीणों ने क्या कहा**

ग्रामीण उमेश यादव ने कहा कि राज्य अलग हुए 24 वर्ष हो गये है और हमलोग सड़क के लिए तरस रहे है। जबकि इससे पीछे कई गांवों में सड़क बन गये है। विधायक से सड़क बनाने की मांग करते करते थक चुके है। कई बार श्रमदान कर सड़क बनाया गया. लेकिन सड़क बारिश के भेंट चढ़ जाता है। जिससे आवागमन करना आफत हो जाता है। वृद्ध खेदु यादव ने कहा कि इस सड़क पर चलना मुश्किल हो हो गया है। घर गांव में बीमार पड़ने पर इलाज के लिए सिमरिया हजारीबाग जाने में काफी परेशानी होती है. मोहन यादव, मनोज भुइयां, महेंद्र भुइयां, कामेश्वर यादव, प्रेम गंझु, चूरामन राम, राजू धुरवा, सूरज भुइयां, बैजनाथ यादव, युगल यादव, मोहन भुइयां सहित ग्रामीणों ने कहा कि सड़क खराब होने के कारण एक साल पहले एक बच्चा साइकिल से गिरकर मर गया था। साग सब्जियों को बाजारों में ले जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कभी कभार समय से बाजार नही जा पाते और सब्जियां खराब हो जाता है इससे भरी नुकसान होता है। सांसद विधायक वोट के समय वोट मांगने आते है। वादा करके चले जाते है और चुनाव जीतने के बाद भूल जाते है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क नही बनी तो इस बार विधान सभा चुनाव में वोट का बहिष्कार करेंगे और वोट मांगने वाले को खदेड़ देंगे। ग्रामीण ने जिला प्रशासन से डीएमएफटी योजना से सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

**उपायुक्त से प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण कराने की मांग की जाएगी**

मुखिया बिनोद महतो ने कहा कि केंदुआ गांव जाने वाली सड़क बहुत ही जर्जर है। ग्रामीणों को चलना मुश्किल है। कई बार ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर डीएमएफटी योजना से सड़क निर्माण कराने की मांग की गयी है। लेकिन अभी तक सड़क नही बना। इस बार भी होने वाले ग्राम सभा में प्राथमिकता के साथ पहला स्थान में इस सड़क को लेकर डीएमएफटी मद से हर हाल में निर्माण कराने की मांग उपायुक्त से की जाएगी।

## जन आशीर्वाद यात्रा के तहत भाजपा नेता बलवंत पहुंचे लातेहार




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता बलवंत सिंह आज बुधवार को जन आशीर्वाद यात्रा के तहत लातेहार पहुंचे। और सबसे पहले उन्होंने कारगिल पार्क में शहीद स्मारक पर माल्यार्पण का श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद बलवंत सिंह के साथ शामिल दर्जनों कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। मौके पर बलवंत ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा के तहत मनिका विधान सभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से मिलने और उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया जा रहा है।ताकि आने वाले समय मे उसका समाधान किया जा सके।चुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा की पार्टी अगर प्रत्याशी बनाती है।तो निश्चित रूप से एतिहासिक जीत दिलाई जाएगी।मौके पर अन्य कार्यकर्ता समर्थक शामिल थे।

# ज्वलंत जनमुद्दे को लेकर देश के सर्वोच्च सदन में गूंजें हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल

## रेलमंत्री से लगाई गुहार, क्षेत्र के 30 लाख आबादी को दें लम्बी दूरी के रेल परिचालन का सौगात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों की जन आकांक्षाओं और ज्वलंत महत्वपूर्ण जन मुद्दे को लेकर देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा में मोदी सरकार 3.0 के बजट सत्र के जीरो आवर के दौरान बुधवार को गूंजते नज़र आए। लोकसभा के सदन से पहली बार बोलते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सबसे पहले मैं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे इस सर्वोच्च सदन में चुनकर भेजा है। जिसके बाद सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों की आवाज और मांग को रखते हुए कहा कि अध्यक्ष महोदय हजारीबाग और रामगढ़ जिला जी दोनों मिलकर इस लोकसभा क्षेत्र का निर्माण करता है। यहां बहुत सारे माइंस संचालित है। टाटा स्टील का माइंस यहां ऑपरेट होता है, सीसीएल की माइंस ऑपरेट होती है और एनटीपीसी की माइंस यहां ऑपरेट होना शुरू हुई है। कोयल का बहुत आयात परिचालन यहां से हो रहा है लेकिन हमारे जितने स्टेशन हैं यथा हजारीबाग स्टेशन, बरही स्टेशन, बरकाकाना स्टेशन, पतरातू स्टेशन, रामगढ़ स्टेशन इन सभी स्टेशन से लंबी दूरी की पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बहुत कम है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि रेल मंत्री जी सदन में बैठे हुए हैं मैं उनका ध्यान ईश्वर आकृष्ट कराना चाहूंगा कि यह 30 लाख आबादी का क्षेत्र है और यहां से बरकाकाना से रांची तक के कठिन रेल मार्ग होने के वाबजूद पहाड़ों को चीरकर निर्माण किया जा चुका है। मैं आग्रह करना चाहता हूं कि हजारीबाग और रामगढ़ की इन स्टेशनों से लंबी दूरी के पैसेंजर ट्रेन दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलोर, सूरत, कोलकाता, अहमदाबाद आदि गंतव्य स्थानों के लिए परिचालन यथासीघ्र शुरू किया जाय ये अतिमहत्वपूर्ण हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने सरकार से यह भी कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों को ऐसा महसूस होता है कि हमारे यहां रेल लाइन केवल कोयला ढोने के लिए है । इधर लोकसभा में सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाए जाने के बाद सोशल मीडिया पर पूरे लोकसभा क्षेत्र में उनके प्रति सकारात्मक प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोग मनीष जायसवाल को सासंद चुनकर गर्व कर रहें हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की चुनाव प्रचार के दौरान मैंने जनता से वादा किया था की आपकी समस्या को मुखरता से उठाऊंगा। शुरुआत हो गई है और प्रयास जारी रहेगा संकल्प से सिद्धि तक का सफर हजारीबाग लोकसभा वासियों के साथ व आशीर्वाद से जरूर पूरा होगा।



## अधिग्रहित जमीन वापसी को लेकर उपायुक्त के साथ मुखिया सकीबा खातून की हुई बैठक

**रोहित गोस्वामी @ प्रभात मंत्र**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पाण्डु पंचायत मुखिया सकीबा खातून ने झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर पाण्डु क्षेत्र में डुमरी कोल ब्लॉक द्वारा अधिग्रहित जमीन भू रैयतों को वापस कराने की मांग की थी। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को निर्देश दिए कि इस संबध में स्थानीय मुखिया एवं ग्रामीण के साथ बैठक कर भूमि वापसी संबंधित समस्या को खत्म करें। इस निर्देश पर मुखिया सकीबा खातून, सुशील ओझा, रामचंद्र कुमार दास, बालकेश राम, मो बरकत अली अन्य लोग के साथ उपायुक्त के समक्ष बैठक हुई। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा कि गई । नीलांचल आयरन पावर लिमिटेड द्वारा नौकरी के नाम पर फर्जी तरीके से जमीन अधिग्रहित किया गया था । वर्ष 2008 में नीलांचल आयरन पावर लिमिटेड द्वारा जमीन लिया गया था लेकिन आजतक उपरोक्त कंपनी द्वारा खनन कार्य नही किया जा सका। कंपनी द्वारा 3 लाख 85 हजार रुपए दर से प्रति एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया था । कंपनी द्वारा 20 प्रतिशत जमीन अधिग्रहित किया गया है जो खेती योग्य भूमि है और कुछ भाग पर काफी संख्या में मकान बना हुआ है । चर्चाएं खत्म होने के बाद उपायुक्त ने डुमरी कॉल ब्लॉक की भूमि वापस कराने की प्रक्रिया में ला कर भू रैयतों को वापस कराने की बात कही । मौके पर मुखिया सकीबा खातून, रामचंद्र कुमार दास, मो साहबान, मो बरकत एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



## हर्ष अजमेरा ने सदर प्रखंड में जनशक्ति सम्मान समारोह में वार्ड सदस्यों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सेवा सहयोग समिति के द्वारा मुख्य कार्यालय सभागार में जनशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सदर प्रखंड के समस्त पंचायत से वार्ड सदस्य मौजूद रहे, कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए। मौके पर मौजूद रहे समस्त वार्ड सदस्यों ने आत्मीयता के साथ हर्ष अजमेरा का स्वागत अभिनंदन किया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में अपने क्षेत्र में सेवा के प्रति सदैव समर्पित तथा एक नई गाथा को लिखने वाले वार्ड सदस्यों को श्री अजमेरा ने पौधा देकर सम्मानित किया साथ ही उन्होंने एक ऑफिस बैग भी प्रदान किया।

मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि निर्वाचित वार्ड सदस्य, समाजिक और राजनीतिक रूप से प्रथम पायदान पर रहकर विकास में अपनी अहम भूमिका निभाते है। आप सभी के द्वारा सामाजिक स्तर पर आने वाली चुनौतियों तथा उनके समाधान पर शानदार अनुभव मिला। आपके सुझाव और नीतियों के साथ हम सदर विधानसभा को उत्कृष्ट विधानसभा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हजारीबाग सदर की जनता शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसे संकल्पों को साथ लेकर अपना विकास करने के लिए लालायित है। हजारीबाग में एनटीपीसी जैसी कंपनी मौजूद है लेकिन इसके बावजूद हजारीबाग के लोग रोजगार के पलायन करते हैं। स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने की जगह बाहर से लोंगो को वहाँ रोजगार मिल जाता है। अब अपना हक-अधिकार लेने का वक्त आ चुका है।




## बीडीओ ने किया बीएलओ के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारू प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बीडीओ हारून रसीद की अध्यक्षता में बीएलओ के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में मतदाता सूची में निर्धारित समय सीमा के अंदर आवश्यक सुधार पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि जिनकी भी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है उनका नाम मतदाता सूची से जोड़ा जाए। वहीं मतदाता पुनरीक्षण कार्यों को लेकर प्रपत्र 6, 7, 8 मतदाता सूची में नाम जोड़ना, मृत मतदाताओं का नाम हटाना और मतदाता सूची में नाम सही करना है। उन्होंने चुनाव कार्यो में लापरवाही नहीं करने क्या निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थित सभी बीएलओ को अपने काम में लेखा निखार लाते हुए निर्वाचन से संबंधित कामों को राज्य स्तर पर पहचान दिलाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान बीडीओ ने कहा की बीएलओ का काम बहुत महत्वपूर्ण होता है इसलिए इसमें कहीं लापरवाही नहीं दिखनी चाहिए। हमें इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि निचले स्तर पर खड़ा होकर हम लोगों को मतदान के प्रति जागरूक एवं मतदान का हक दिलाते हैं। ऐसे नेक काम में पारदर्शिता की जरूरत होती है ताकि हर युवा मतदाता सूची से जुड़ सके और वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। इस दौरान बीडीओ ने ग्रामीणों से अपील किया। कि जब नए लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाता है तब मतदाता ट्वीट कर जानकारी दे सकते। उन्होंने बताया कि 28और 29 जुलाई ओर 3 अगस्त को विशेष अभियान के तहत सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर रहेंगे। जहां वे मतदाता सूची के संशोधन का कार्य करेंगे। इसके लिए बीएलओ उक्त दोनों दिन 12 से 1 बजे दोपहर तक अपने-अपने बूथों पर कार्य करेंगे। इस मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी रबिन्द्र कुमार,गंगा सागर, आशीष कुमार,पंचायत सेवक, बीएलओ प्रतिमा सिन्हा, मिना सिन्हा,आदि मौजूद थी।



## जेएलकेएम जेबीकेएसएस विष्णुगढ़ प्रखण्ड कमिटी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बुधवार को अतिथि सत्कार होटल विष्णुगढ़ के सभागार में जेएलकेएम (जेबीकेएसएस) प्रखण्ड कमिटी परिचय सह-सम्मान समारोह का आयोजन प्रखण्ड अध्यक्ष कोलेश्वर महतो के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पूर्व जिला परिषद् जय प्रकाश सिंह पटेल, हजारीबाग जिला अध्यक्ष सह उप प्रमुख सरजू साव, केन्द्रीय संगठन मंत्री माही पटेल, केन्द्रीय महामंत्री उमेश कुमार, केन्द्रीय सचिव युवा मोर्चा सनी कुमार, कोषाध्यक्ष पूनम, जिला सदस्य टहल महतो सत्यनारायण महतो, इंजीनियर मुकेश कुमार महतो, प्रखण्ड सचिव प्रेमचंद महतो, गंगाधर कुमार कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, उपाध्यक्ष सुजीत, नन्दलाल, सुरेश महतो, रामचंद्र राम, शैलेंद्र कुमार पाठक, सह सचिव नरेश, कैलाश, अनिल महतो, महामंत्री गुलाब कुमार, संगठन मंत्री विशेश्वर कुमार, महेश राम तूरी, प्रवक्ता महेश कुमार आदि दर्जनों सदस्य उपस्थित हुवे।

### एक नजर

## जिम को लेकर जिले मे निर्धारित हो एसओपी : चंदन सिंह



**हज़ारीबाग़ :** ज़िले में तेज़ी से युवाओं के बीच जिम का प्रचलन बढ़ रहा है,जिम को लगातार रोज़गार का विकल्प मान कर तेज़ी से हर गली मोहल्ले में खोला जा रहा है। आज के परिवेश में युवाओं के साथ बच्चे जिनकी उम्र अठारह वर्ष से कम है बिना किसी प्रशिक्षित जिम ट्रेनर के ही जिम जाना प्रारंभ कर देते हैं। वहीं ग़लत व्यायाम करने,ज़्यादा व्यायाम करने,जिम में बिना प्रशिक्षित ट्रेनर के जिम खुल जाने से देश में लगातार अप्रिय घटनाएँ हों रहीं हैं। इस पूरे मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के चंदन सिंह ने उपायुक्त से आग्रह किया है की ज़िले में संचालित वैसे जिम जिसमें ट्रेनर नहीं हों या वैसे बच्चे जिनकी उम्र जिम जाने की नहीं हो उनपर तत्काल रोक लगाई जाए और ज़िले में जिम को लेकर एस.ओ.पी निर्धारित करने का आग्रह किया है।

## टाटीझरिया में बिजली करंट से महिला की हुई मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़



**हजारीबाग :** भाजपा के स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक नीरज कुमार गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि उन्हे मटवारी बाबू गांव के रहने वाले इंजिनीयर वीरेंद्र प्रसाद से जान का खतरा है। इस संबंध मे उन्होंने आगे कहा है की उनके एक परिचित छोटी महतो ने उन्हें फोन कर सूचना दिखाई वे बाबू गांव में अपना मकान बना रहे हैं जिसमें उनके , पड़ोसी वीरेंद्र प्रसाद उनके दोनों पुत्र व उनके साथ लगभग 40- 50 लोगो ने इनके मकान को बना रहे मजदूर मिस्त्री व वहां उपस्थित इसके भाई महावीर के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी सूचना उन्होंने कोर्रा थाना को दी है। उन्होंने आगे बताया की इस बात की जानकारी मिलने के बाद जब वे कुछ मोहल्लेवासियों के साथ बुधवार सुबह वीरेंद्र प्रसाद से बात करने गये । नीरज गुप्ता ने वीरेंद्र प्रसाद पर आरोप लगाया है की इस दौरान वीरेंद्र प्रसाद ने अपने लाइसेंसी बंदूक का धौंस दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने जिला प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाया है।

## विधायक के प्रयास से बरही के छह सड़को का होगा सुदृढ़ीकरण, प्रशासनिक स्वीकृति मिली



**बरही :** बरही विधायक उमाशंकर अकेला के प्रयास से बरही प्रखंड के पांच व पदमा प्रखंड के एक सड़क का सुदृढ़ीकरण जल्द होना तय हैं। जिसे लेकर प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल चुकी है। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हजारीबाग के लिए अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में छह पथों की सुदृढीकरण की प्रशासनिक स्वीकृति को लेकर पत्र जारी किया गया है। डीएवी पब्लिक स्कूल से कारीमाटी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 2.850 किलोमीटर 157.0635, खोडाहर से केदारूत तक पथ का सुदृढीकरण कार्य 5.100 किलोमीटर 313.290, जी0टी0रोड से पुरहारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण 2.100 किलोमीटर 150.857, डीएवी पब्लिक स्कूल से पडीरमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 2.100 किलोमीटर 111.650, तिलैया से कोल्हुआकला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 6.150 किलोमीटर 400.416, केवला मोड़ से बरदेवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 2.750 किलोमीटर 141.414 स्वीकृत्यादेश की राशि (लाख में) शामिल है। इस बाबत विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। लोगों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ और गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजना से लाभान्वित करवाना उनका उद्देश्य है।

## जिला परिषद की बैठक में उपाध्यक्ष ने बरही की समस्याओं से अवगत कराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** जिला परिषद की बैठक में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बरही प्रखंड की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और समाधान करने की मांग की। बैठक में जिला परिषद के अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष किशुन यादव, सचिव डीडीसी प्रेरणा दीक्षित के अलावा सभी जिला परिषद सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बरही के बुंडू स्थित 11000 वोल्ट के बिजली तार और पोल को अन्यत्र स्थानांतरित करने,बरही विद्युत उपकेंद्र में नए टीआरडब्बलु का निर्माण कराने की मांग की। बैठक में बताया कि बरही के रानीचुआं पंचायत का नरसिंघवा गांव जो रानीचुवां से 12 किमी दूर है। वन विभाग ने पथ की मरम्मती की है लेकिन उसमें पुल पुलिया नहीं बनाया है। 12 किमी कच्ची सड़क में पुल पुलिया बनाने की मांग की। बरही के श्रीनगर गांव में जर्जर बिजली तार को बदलने की मांग उठाई।बरही के विभिन्न गांवों में खराब चापाकल सूख और खराब सोलर जल मीनार की रिपेयरिंग करने की मांग की। संबंधित विभाग ने शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## माण्डू विधानसभा से उम्मीदवारों की फेहरिस्त लंबी, संशय बरकरार



**जीवन सोनी @ प्रभात मंत्र**

**विष्णुगढ़ :** झारखण्ड विधानसभा चुनाव की सरगर्मी अब सर चढ़कर अपना रंग दिखाने लगी है। इससे माण्डू विधानसभा भी अछूता नही है।टिकट बंटवारे के अंतिम चरण में भाजपा, झामुमो, आजसू, जदयू तथा जेएलकेएम (जेबीकेएसएस) के कई प्रत्याशी माण्डू विधानसभा से ताल ठोकने लगे है।भाजपा से टिकट पाने वालों में संभावित प्रबल दावेदारो में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चन्द्रनाथ भाई पटेल,एकीकृत हज़ारीबाग,रामगढ़ के पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत सिन्हा,संघ से करीबी रखने वाले सुशील कुमार महतो,डॉ. रामसेवक तथा खुशी लाल महतो,वहीं एनडीए गठबंधन के सहयोगी दलों में से आजसू से पिछले चुनाव में कम अंतर से हारने वाले तिवारी महतो तथा जदयू से राज्यसभा साँसद,झारखण्ड जदयू प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व माण्डू विधायक के पुत्र दुष्यंत पटेल भी माण्डू विधानसभा से टिकट पाने की रेस में शामिल है। झामुमों से दिवंगत टेकलाल बाबू के पौत्र गौरव पटेल,झामुमों केंद्रीय महासचिव सह राज्य दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा,झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो झामुमो से उम्मीदवार बनने की होड़ में शामिल है।इन उहापोह की स्थिति में वर्त्तमान माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल जो अभी हाल ही में भाजपा से कांग्रेस में गए और कांग्रेस झामुमों का अहम सहयोगी है,जिसकी वजह से माण्डू में इनकीं दावेदारी को भी नकारा नही जा सकता। माण्डू से नई नवेली पार्टी जेएलकेएम(जेबीकेएसएस) परन्तु लोकसभा चुनाव में अपनी मजबूत स्थिति दर्ज करा चुकी है,इसमें भी दावेदारो की लंबी फेहरिस्त है,जिसमे जेएलकेएम(जेबीकेएसएस) हज़ारीबाग जिलाध्यक्ष सरयू साव ,विष्णुगढ़ पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल, मुकेश कुमार महतो (इंजीनियर), जेएलकेएम (जेबीकेएसएस) केंद्रीय सचिव संजय महतो, महिला मोर्चा केंद्रीय सदस्य रूपा महतो, लीलावती देवी, माण्डू से बिहारी महतो,रवि महतो माण्डू विधानसभा से टाइगर जयराम महतो की पसंद बनने को बेचैन है। इन उम्मीदवारों के बीच मे देखना काफी दिलचस्प होगा कि एनडीए गठबंधन, इंडी गठबंधन और जेएलकेएम (जेबीकेएसएस) से शीर्ष नेतृत्व आने वाले विधानसभा चुनाव में इन नामो के बीच या और कोई जिसपे दाव खेलती है।

# केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को सभी ने सराहा

## यह बजट देश को सशक्त बनाते हुए संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा : रुबी साव



**बरही :** संसद में मंगलवार को मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट पेश किया गया वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार 7 वीं बार बजट पेश किया, केंद्रीय बजट में सरकार लोगों को कई बड़ी राहत दी है, बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए रूबी साव ने कहा कि वित्त मंत्री के इस बजट से मिडिल क्लास को ताकत मिलेगी मुद्रा लोन को 10 लाख से बढ़कर 20 लाख किया गया है, जिससे रोजगार सृजन में काफी सहूलियत होगी, बजट में गांव गरीब किसान को आर्थिक विकास को गति मिलेगी, उन्होंने कहा कि बजट में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित होगी, साथ ही आर्थिक विकास की नई गति भी मिलेगी, यह बजट मिडिल क्लास के सशक्तिकरण के लिए है बजट में शिक्षा और स्किल को नया पैमाना मिलेगा, बजट में महिलाओं छोटे कारोबारी को मदद मिलेगी, बजट में किसानों की भी बात की गई है बजट में महिलाओं को बहुत बड़ा तोहफा दिया गया है, महिलाओं के नाम पर प्रॉपर्टी खरीदने पर रजिस्ट्री के दौरान लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी पर राहत देने की घोषणा की गई है, इससे गरीबों को आवास खरीदने के दौरान रजिस्ट्री के लिए स्टाम्प ड्यूटी पर बड़ी राहत मिलेगी, रूबी साव ने कहा कि यह विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बजट है।

## केंद्रीय बजट विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बजट : ममता देवी



**बरही :** संसद में मंगलवार को मोदी सरकार की 3.0 का पहला बजट पेश किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार 7 वीं बार बजट पेश किया । बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए धनवार पंचायत की महिला समाजसेवीका ममता देवी ने कहा कि इस केंद्रीय बजट में सरकार लोगों को कई बड़ी राहत दी है। आम बजट विकास की नई ऊंचाई पर लेकर जाएगा, इससे समाज में सभी वर्गों को लाभ सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित होगी, साथ ही आर्थिक विकास की नई गति भी मिलेगा। यह बजट मिडिल क्लास के सशक्तिकरण के लिए है शिक्षा और स्किल को नया पैमाना मिलेगा। महिलाओं को छोटे कारोबारी एमएसएमई को मदद मिलेगी। इस बजट में किसानों की भी बात की गई है। इस बजट में महिलाओं को उन्होंने बहुत बड़ा तोहफा दिया गया है।महिलाओं के नाम पर प्रॉपर्टी खरीदने पर रजिस्ट्री के दौरान लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी पर राहत देने की घोषणा की गई है। साथ ही गरीबों का आवास की खरीदारी के दौरान रजिस्ट्री के लिए स्टाम्प ड्यूटी पर भी बड़ी राहत दी गई । प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में 3 करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण की घोषणा की गई है। हर दृष्टि कोण से यह बजट विकसित भारत की ओर ले जाने वाला है।

## विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में अहम कड़ी साबित होगा आम बजट : राजेन्द्र प्रसाद



**बरही :** संसद में मंगलवार को मोदी सरकार का 3.0 का पेश पहला केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार 7 वी बार बजट पेश किया है जो लोगों को कई बड़ी राहत दी गई है।बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए धनवार पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि विकसित भारत की ओर ले जाने की यह बजट है, इसमें युवा, गरीब, महिला, किसान के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है, यह बजट अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी, कौशल और रोजगार सृजन की दिशा में बजट प्रभावित है। इस बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। रोजगार सृजन से लेकर अर्थव्यवस्था की मजबूती को प्राथमिकता दी गई है, कहा कि गरीब, युवा, अन्नदाता, और महिला ये चार स्तंभों पर बजट आधारित है। रोजगार प्रोत्साहन के लिए तीन योजनाएं घोषित की गई है,जिससे देश की बेरोजगारी दूर करने में मिल का पत्थर साबित होगा। 2024 का बजट में नए रोजगार और स्वरोजगार देने वाला अवसर है, यह बजट युवा वर्ग के लिए ब्राइट फ्यूचर लेकर आया है,जो विकसित भारत की एक ठोस नींव रखेगा और विकास की नई ऊंचाई पर लेकर जाएगा। कई मायने में संतुलित और महत्वपूर्ण है यह बजट।

## विधान सभा चुनाव 2024 को लेकर सीओ ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में आगामी 2024 विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड अंचल कार्यालय में गोला प्रखंड के विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक किया गया। बैठक में अंचल अधिकारी समरेश कुमार भंडारी ने बैठक का उद्देश्य बताते हुए कहा आपलोग अधिक से अधिक मतदान कराने में भागीदारी निभाएं साथ ही जिनका भी वोटर लिस्ट में अभी तक नाम छुट गया है या किसी भी प्रकार की कोई त्रुटी हो तो उसे दुर किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव महामंत्री जितेंद्र साहु कोंग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी आजसू पार्टी के अंगद महतो झारखंड मुक्ति मोर्चा के सतीश मुर्मु, प्रभाष प्रकाश सिंह आदि शामिल थे।

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन कार्यालय सिरका में शहादत दिवस मना

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन कार्यलय सिरका में शहादत दिवस सिरका शाखा कार्यलय में मनाई गई ।इस मौके पर का. शुशिल कुमार सिन्हा ने सबसे पेहले झण्डातोलन किया और कहा कि आज के दिन 1972 में ठेकेदारों के जुल्म के खिलाफ मजदुरो मे विशाल जुलूस निकाला जिसमे सिरका कोलियरी के प्रबन्धन के आदेश पर रामगढ प्रशासन ने जुलुस पर गोली चालाई परिचतह चार ठेकेदार मजदुर हरियर राम सुदर्शन राम बबनी बेदिया एवं जतुरू उरांव का निधन तत्काल हो गया।फलस्वारुप सिरका कोलियरी में अंतरष्ट्री टिम का आगमन हुआ एवं सिरका कोलियरी में मजदुर के खिलाफ का जायजा लेते हुए भारतीय सरकार को राष्ट्रीयकरण का सुझाव दिया गया जिसके तहत सारे कोलियरी एवं अन्य उद्योग का राष्ट्रीय करण हुआ। इस सभा में निम्नलिखित सदस्य शामिल हुए और शहिदो कि पुष्पांजलि किये। ज्योति मोहन वर्मा एनसी चटर्जी लल्लन के डी सिंह मनराज गोपाल बेदिया राजेश वीरेंद्र सिंह सुकरा उरांव कैलाश गोप नितिन कुमार यादव हरीशरण भिखारी मुखिया विनोद कुमार परवेज आलम सलीम खान दशरथ साव दिलीप सिंह नसीम अंसारी कमल महतो आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ थाना के राहुल कुमार सिंह की आकस्मिक मृत्यु पर शोक सभा आयोजित

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विगत दिनो रामगढ़ जिला के पुलिस पदाधिकारी स0अ0नि0 राहुल कुमार सिंह की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। इस संदर्भ में बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में अजय कुमार (भा0पु0से0), पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा शोक सभा का अयोजन किया गया। इस शोक सभा में जिले के पुलिस उपाधीक्षक (मु0), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़/पतरातु, पुलिस उपाधीक्षक (प्रो0), पुलिस निरीक्षक अंचल पतरातू / गोला/ मांडू एवं जिला के सभी थाना/ओपी प्रभारी के उपस्थिति में 2 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION LATEHAR**
**Notice Inviting Very Short Quotation No-01/2024-25**

Sealed quotation inviting for the work in **Pandit Dindayal Upadhyay Nagar Bhawan Latehar** for non Schedule material from Authorized Contractor, Reputed Shopkeeper, Manufacturer Suppliers, Retailers, Distributor, Dealers and Others for items. They should quote their rate for unit maintain in the table. If they do not deal all of the below maintained item then they are allowed to quote their rate for the part of the item which ever they deal with. The rate should be inclusive of all types of tax, GST, Contractors profit, Overhead charge, Royalty and Carriage.

**Terms & Conditions:-**
1. **The Quotationer shall furnish PAN , GST, Registration Number**
2. **The rate quoted by quotationer shall be final and unconditional**
3. **The undersigned reseves to the right to accept or reject/cancel any or all quotation without assigning any reason thereof.**

**Note :-**
1. **Date of Publication of Quotation : 24.07.2024**
2. **Date / Time of Submission of Quotation : 31.07.2024 At 3:00 PM**
3. **Date/Time of Opening of Quotation : 31.07.2024 At 3:30 PM**
4. **Name & Address of Office Inviting Quotation :**
   **Office Of The Executive Engineer,**
   **Building Construction Department**
   **Building Division Latehar**
5. **Helpline No : 9835316593, 7903256611**

**NOTE :- Date/Time for Receive description of item of Quotation :-**
**From 25.07.2024 to 30.07.2024 between 10:00 A.M. to 5.00 P.M**
For any information/ detailed specification of the work can be seen in the office of the undersigned on any working day between 10.00 A.M. to 5.00 P.M.
**Please see Terms & Condition on Notice Board or** www.jharkhand.gov.in

Executive Engineer,
Building Division Latehar .

PR 330506 Building(24-25)D

**Government of Jharkhand**
**Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-Operative**
**(Agriculture Division)**
**Directorate of Soil Conservation**
2nd Floor, Krishi Bhawan , Kanke Road, Ranchi-834008
e-mail – dirsoiljhr@gmail.com or edjamttc@gmail.com
Contact No.- +917004221564, +919472769373
website – www.jharkhandtenders.gov.in/ or www.jamttc.org or www.sameti.org

| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | NIT NO. | SC/01/2024-25 |
| 2 | Tender Title | Expression of Interest (EOI) are invited For Empanelment of Manufacture or Their Authorized Dealer to Supply Tractors/ Self Propelled Machines / Agricultural Machines/ Implements/ Tools/Items / Pump Sets/ HDPE Pipe etc on subsidy basis to the individual farmers and different type of farmers groups etc. under different programme of the department of Agriculture, animal husbandry & co -operative to be implemented the scheme of the financial year 2023- 24 to 2025 -26 |
| 3 | Tender Fee | Rs. 10,000 (Ten thousand only) (**Online Mode**) |
| 4 | Earnest Money Deposit **(EMD)** | The EMD against Each Machinery & Equipments as mentioned in Annexure -I of this document shall be submitted separately when financial bid will be invited from technically successful bidder. |
| 5 | Name of the advertiser | **Director, Soil Conservation, Jharkhand, Ranchi** 2nd Floor, Krishi Bhawan , Kanke Road, Ranchi-834008 |
| | Floating of online EOI | Date: 23/07/2024 on 05.00 PM |
| 7 | Download of EOI document will start from | Date: 23/07/2024 from 06.00 PM to 13/08/2024 upto 02.30 PM |
| 8 | Pre- Bid Meeting/queries | Date: 31/07/2024 at 12.00 PM (Physical Mode/) Meeting Place-, Place- JAMTTC Conference hall 4th Floor, Krishi Bhawan , Kanke Road, Ranchi-834008 Bidders can raise their queries on Email: **dirsoiljhr@gmail.com** before 31.07.2024 at 12.00 PM |
| 9 | Online Bid submission time period | Date: 24/07/2024 from 12.30 PM to 13/08/2024 upto 02.30 PM |
| 10 | Mode of Proposal Submission | The application forms along with terms and conditions & etc. can be filled with the link available on the website www.jharkhandtenders.gov.in Online application to be uploaded on website. |
| 11 | Date of Opening of Technical bid | Date: 14/08/2024 on 2.30 PM |

Sd/-
**Director, Soil Conservation, Jharkhand, Ranchi**

PR 330583 Agriculture(24-25)D

# रामगढ़ पुलिस ने कुज्जू ओ पी क्षेत्र से 491.65 किलो गांजा किया जप्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** रामगढ़ के कुज्जू ओ पी क्षेत्र के मुरपा के पास से पुलिस के द्वारा 22 बोरा लगभग 491.65 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया। रामगढ़ के नए एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी की। गुप्त गुप्त सूचना के आधार पर नशा तस्करों के द्वारा रांची की ओर से एक लाल रंग का छोटा ट्रक गाडी सं0 P-78BT-9360 में गांजा लोड कर हजारीबाग की ओर जाने वाला है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा अवैध नशा तस्कर के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कुज्जू ओ0पी0 अंतर्गत मुरपा के पास रामगढ से हजारीबाग जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग में सतत् रूप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस बल को देख वाहन चालक भागने का प्रयास करने लगे जिसे छापामारी दल के द्वारा उक्त वाहन को खदेड़कर पकड़ा गया। चालक का नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम तुलसी यादव पिता स्व0 सरदार यादव, पलामू निवासी बताया। चालक से आगे पुछताछ करने पर उक्त वाहन पर अवैध गांजा का परिवहन करने की बात बतायीं गई। अनु0पु0पदा0, रामगढ़ के द्वारा अग्रतर विधिक कार्रवाई करते हुए ट्रक गाड़ी सं0-क्क78क्क्ष-9360 के डाला के अंदर से प्लास्टिक कैरेट के बीच काला रंग के प्लास्टिक से ढका अलग-अलग रंग के कई प्लास्टिक बोरा कुल 22 बोरा बरामद हुआ, जिसके अंदर में भुरा रंग का सेलोटेप से लपेटकर पैक किया गया था तथा छोटा-छोटा पैकेट के अंदर अवैध गांजा मिला जिससे गांजा का गंध आ रहा था। बारी-बारी से सभी 22 बोरा का वजन करने पर कुल वजन 491.65 कि0ग्रा0, प्रयुक्त ट्रक एवं अन्य सामग्रियों को जप्त किया गया। अवैध रूप से गांजा का परिवहन करने के आरोप में उक्त ट्रक के चालक को गिरफ्तार किया गया। काण्ड में शामिल अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध माण्डू (कुज्जू) थाना अंतर्गत काण्ड दर्ज किया गया। पकड़ाये अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।इस छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी कर्मी में परमेश्वर प्रसाद अनु0पु0पदा0,पु0नि0 सुरेश लिंडा,पु0अ0नि0 दिगम्बर पाण्डेय ,पु0अ0नि0 रौशन कुमार,पु0अ0नि0 मनिष कुमार एवं सशस्त्र बल कुज्जू ओ0पी0 एवं अंगरक्षक अनु0पु0पदा0, रामगढ़ शामिल थे।

## झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल व धरना तीसरे दिन भी जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड राज्य अनुसूचिवीय कर्मचारी संघ का बुधवार को तीसरे दिन धरना व हड़ताल संघ के जिला कार्यालय में जारी रहा। समाहरणालय संवर्ग के कर्मियों ने कहा कि सरकार हमारी 9 सूत्री मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करती है तब तक हड़ताल जारी रहेगा। धरना स्थल पर रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी पहुंची । रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी का स्वागत किया गया। इसके बाद कर्मियों के द्वारा मांग पत्र दिया गया जिसमें कर्मियों की मांगे शामिल है। रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने धरना स्थल पर पहुंचकर हड़ताल का समर्थन किया। धरना स्थल पर रामगढ़ विधायक के साथ जिप सदस्य धनेश्वर महतो विमल बुधिया साथ में थे। इस मौके पर मनीष कुमार भीम महतो माशूक अली संजय प्रसाद मो अनवरअंसारी दुर्योधन कुमार विनोद कुमार दास रामचरण करमाली रामप्रवेश सदेश करमाली राकेश कुमार पुलक माथुर सुषमा देवी गंगा चौधरी नीलू कुमारी आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## आउटसोर्सिंग में रोजगार को लेकर हेसाबेडा के ग्रामीणो ने की बैठक

**उरीमारी :** उरीमारी के हेसाबेडा स्थित दुर्गा मंडप में बुधवार को सुबह सात बजे के लगभग हेसाबेडा व रोहनगोडा एवं पिंडरा के ग्रामीणो कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता उरीमारी के मांझी हडाम सीताराम किस्कू ने किया। बैठक के उपरांत सभी ग्रामीण व बुद्धिजीवियों ने एक स्वर में कहा कि उरीमारी आउटसोर्सिंग आशीर्वाद कंस्ट्रक्शन कंपनी में यहां के बेरोजगार युवाओं को रोजगार देना होगा। अन्यथा कंपनी को काम नहीं करने दिया जाएगा। मौके पर मांझी हडाम सीताराम किस्कू ने कहा कि उरीमारी परियोजना अंतर्गत आउटसोर्सिंग खुलने से रोजगार का सृजन हुआ है। और ऐसे में उरीमारी के विस्थापित व बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी कि वजह से दर दर भटकना पड़ता है। वहीं आउटसोर्सिंग आशीर्वाद कंपनी में रोजगार देकर कंपनी इन बेरोजगार युवाओं का भविष्य उज्जवल करने का काम करें। अन्यथा हम सभी ग्रामीण आउटसोर्सिंग का कार्य ठप कर देंगे।

## जेबीकेएसएस के द्वारा राजस्थान में फंसे प्रवासी मजदूर अपना घर करमा रतवे वापस आ गये

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ का प्रतिनिधि मंडल के अथक प्रयास से रामगढ़ जिला के मांडू प्रखंड अंतर्गत करमा रतवे निवासी बुधवार को राजस्थान में फंसे प्रवासी मजदूर अपना घर रतवे वापस आ गये। इस वतन वापसी मे मुख्य रूप से जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य सहदेव महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जेबीकेएसएस का प्रतिनिधिमंडल, रामगढ़ उपायुक्त ,श्रम अधीक्षक तथा कुजू थाना प्रभारी से ही संभव पाया है। करमा रतवे निवासी मेघनाथ करमाली, दीपक शर्मा, सन्नी करमाली , अर्जुन राम तथा झमन महतो को ठीकेदार रवि उर्फ पवन नायक पिता स्वर्गीय चरकु नायक निवास स्थान रामगढ़ के द्वारा पांचो व्यक्ति को काम के बहाने राजस्थान के चौपानकी स्थान पर ले गया था। तथा वहां पर काम करवाया गया ,काम करने के एवज में मजदूरी भी नही दिया गया । उल्टा वहां के कॉन्टैक्टर साकिब अंसारी तथा ठेकेदार सतनाम सिंह के द्वारा मारपीट तथा बंधक बना कर पांचो व्यक्ति का मोबाइल भी छीन लिया था।

## कोतो कब्रिस्तान बाउंड्रीवाल के लिये लाभुक समिति का हुआ चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** ग्राम पंचायत कोतो के मस्जिद कॉलोनी में मुखिया निधि सिंह की अध्यक्षता में एक आवश्यक ग्राम सभा हुई। जिसमें मुखिया निधि सिंह के अनुशंसा पर झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के द्वारा कब्रिस्तान के बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य के लिए सर्वसम्मति से लाभुक समिति का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष वसीम अंसारी,सचिव अफजल हुसैन को चुना गया। मौके पर वरीय कांग्रेसी नेता जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि कब्रिस्तान का बाउंड्रीवाल से सैकड़ों लोगों की भावना जुड़ी हुई है। इस कार्य के लिए हम सभी वर्षों से प्रयासरत थे। कब्रिस्तान में शेड का भी कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।बाउंड्रीवाल के साथ साथ वहां जल्द मास्क लाईट भी लगेगा तब जाकर कब्रिस्तान काफ़ी सुसज्जित लगेगी। मौके पर पंचायत सचिव रणजिता कुमारी, मंसूर अली, वसीम अंसारी, अफ्जल अंसारी, शाहनवाज अंसारी, अब्दुल सलाम, आमिर हुसैन, महताब आलम, सोनी खातुन, सबिना खातुन, रुकसाना बेगम, शबनम बेगम, नुरजंहा प्रवीण व अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा अधिसूचना सं.: सीएटीजी-मिल्कस्टॉल-5-आरएनसी-4, दिनांक: 23.07.2024**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार है: **कैटरिंग यूनिट:** मिल्क स्टॉल-5; **स्टेशन:** राँची। **स्थान:** प्लेटफॉर्म नं. 4/5 (पोल नं. आरएनसी/117 तथआ आरएनसी/119 के बीच)। **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य (अनंतिम):** रु. 47,226; **बयाना राशि:** रु. 12,300; **निविदा की कीमत:** प्रत्येक कैटरिंग यूनिट के लिए निविदा हेतु रु. 2,500 साथ में 18% जीएसटी। **संविदा की अवधि:** 5 वर्ष। (1) सम्पूर्ण बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) होगी। इस निविदा सूचना दिनांकित 23.07.2024 के संबंध में सभी अधिसूचनाएं वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई है। (2) बोली दस्तावेज दिनांक 23.07.2024 से 14.08.2024 तक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा तथा वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। (3) बोलियां दिनांक 23.07.2024 से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में जमा की जा सकती हैं। बोली जमा करने की अंतिम तारीख 14.08.2024 को अपराह्न 03.00 बजे तक है तथा दिनांक 14.08.2024 को अपराह्न 3.30 बजे खोली जाएंगी। **(PR-415)**

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.: EL/C/S/MHX/ETEN/05/24-25**

**1. कार्य का नाम एवं स्थान:** धनबाद मंडल के अंतर्गत बालूमाथ/टीएसएस में बैक चार्जिंग के लिए डिजाइन, ड्राइंग, निर्माण, परीक्षण और बचे हुए अन्य संबंधित कार्यों को चालू करना। **2. अनुमानित कार्य की लागत:** रु. 2,77,77,343.73/- **3. जमा किए जाने वाले वयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य:** NIT के अनुसार एवं रु. शून्य, **4. कार्य पूर्ण करने का समय:** 06 माह, **5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय:** 09.08.2024 दोपहर 12.00 बजे तक, **6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है:** आई.आर.इ.पी.एस वेबसाईट पर **www.ireps.gov.in** पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है।

हिन्दी एवं अंग्रेजी की तुलना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/ साउथ
पू.म.रे./महेन्द्रूघाट/पटना

पीआर/00749/सीओएनएस/ईएलईसी/टी/24-25/36

**GOVT. OF JHARKHAND**
**WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**Office of the Executive Engineer, Advance Planning Division, Ranchi.**
**Email:- ee.adv.plan.div.ranchi@gmail.com**

**Expression of Interest(EOI) – 4th Call (Short Notice Tender) PR 328667**

Inviting Expression of interest (EOI) for Provision of catering service in State Data Cum Training Center, Dhurwa, Ranchi (Main Building & Hostel Building) under Executive Engineer, Advance Planning Division, Water Resources Department, Government of Jharkhand , Ranchi.

EOI Reference No. :- 01/2024-25 Dated :- 24.07.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Provision of catering service in State Data Cum Training Center, Dhurwa, Ranchi (Main Building & Hostel Building) under Executive Engineer, Advance Planning Division, Water Resources Department, Government of Jharkhand, Ranchi. |
| 2. | Cost of Tender document (Rs) | 10,000.00/-(Ten thousand only) |
| 3. | Earnest Money Deposit (Rs) | 1,00,000.00/-(One lakhs only) |
| 4. | Tender Category | Services |
| 5. | Mode of Submission of Tender | Online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 6. | Date of publication of tender on website | **Date :– 26.07.2024 , Time :- 10.00 hrs** |
| 7. | Start date/time for Submission of tender on Website | **Date :– 26.07.2024 , Time:- 10.00 hrs** |
| 8. | Last date/time for Submission of tender on Website | **Date :– 01.08.2024 , Time:- 17.00 hrs** |
| 9. | Technical Bid Opening Date | **Date :– 03.08.2024 , Time:- 13.00 hrs** |
| 10. | Submission of Tender Fee and EMD | (Payment should only be submitted in online mode through e-Procurement portal (WRD Jharkhand vide letter no. 907/,Date-04/10/2023) |
| 11. | Officer Inviting Bids | Office of the Executive engineer , Advance planning Division, Ranchi |
| 12. | Contact No. of procurement officer | **8986790833/ 9199203853/ 7209896807** |
| 13. | Office received hard copy and Bid Security | Address :- 1.EE, Advance planning division, Ranchi. 2.SE Office, Advance planning circle ,Ranchi. 3.CE Office ,Advance planning Ranchi |

NOTE :- 1. Only e-Tenders will be accepted.
2. Further details can be seen on website:- http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
**Executive Engineer,**
**Advance Planning Division**
**WRD Ranchi**

PR 330586 Water Resource (24-25)_D

**विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी,**
**मध्यम सिंचाई परियोजना का कार्यालय, चाईबासा**

**आवश्यक सूचना**

श्री चन्दर महतो पिता–मेघनाथ महतो, उम्र–लगभग 53 वर्श, ग्राम–रेवा, पो0–बिरहू, थाना–खूँटी, जिला–खूँटी, झारखण्ड का मूल निवासी है। श्री महतो, जंजीरवाहक, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, मध्यम सिंचाई परियोजना, चाईबासा से दिनांक 12.06.2022 से अब तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं। श्री महतो को आदेश दिया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सशरीर उपस्थित होकर अपना योगदान दें। अन्यथा क्यों नहीं आपके विरूद्व अनुशासनिक कार्रवाई हेतु विभाग को सूचित किया जाएगा।

विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी,
मध्यम सिंचाई परियोजना, चाईबासा।

**PR.NO.330514 West Singhbhum(24-25):D**

**कार्यालय, परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, (ITDA) सिमडेगा**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.07.2024 को श्री शमशेर आलम, माननीय वरीय, उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) एवं माननीय सदस्य श्री वारिश कुरैशी, झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा दिनांक 25.07.2024 को सिमडेगा जिला का भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 25.07.2024 को पूर्वाहन् 10.00 बजे परिसदन सभाकक्ष में संबंधित समस्याओं पर जन सुनवाई किया जाना है।

अल्पसंख्यक समुदाय समस्याओं की सुनवाई हेतु उक्त तिथि को परिसदन भवन के सभागार में समिति के समक्ष उपस्थित हों ताकि समिति के द्वारा समस्याओं पर विचार किया जा सके।

परियोजना निदेशक,आई0टी0डी0ए0
–सह–जिला कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा

**PR 330504 Simdega(24-25)#D**

**कार्यालयः परियोजना निदेशक ''आत्मा'', खूँटी**
**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण ''आत्मा'', खूँटी**
**Website: www.atmakhunti.co.in email: atmakhunti@gmail.com**

**किसान भाईयों के लिये आवश्यक सूचना**

खूँटी जिला के किसानों भाईयो को सूचित किया जाता है कि जिले में सिंचाई जल के स्रोत मुख्यतः छोटे मौसमी नदी, नाले, झरने तालाब तथा कुएँ इत्यादि में उपलब्ध जल स्रोतों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा सौर उर्जा चालित सिंचाई इकाईयों की स्थापना के लिये ''किसान समृद्वि योजना'' का प्रावधान किया गया है।

❖ **योजना की मुख्यतः विशेषताएँ :–**
1) इस योजना के अन्तर्गत दो तरह की सिंचाई इकाईयों की स्थापना / वितरण का प्रावधान है :–
   A. 5HP सतही सौर उर्जा आधारित पम्पसेट स्थायी सिंचाई इकाई
   B. 2HP सतही सौर उर्जा आधारित पम्पसेट स्थायी सिंचाई इकाई
2) योजना में सरकार निर्धारित न्युनतम दर पर 90 प्रतिशत तक अनुदान देगी एवं 10 प्रतिशत अंशदान लाभुकों द्वारा दिया जाएगा।

❖ **किसान समृद्वि योजना अन्तर्गत सौर उर्जा चालित दो तरह की सिंचाई इकाईयों की स्थापना / वितरण किया जाएगा।**
**A. 5HP सतही सौर उर्जा आधारित पम्पसेट स्थायी सिंचाई इकाई :–**
इसके अन्तर्गत नदी, नाले, तालाब, चेकडैम, बड़े कुएँ जैसे जल स्रोत जहाँ प्रायः सालों भर पर्याप्त मात्रा में सिंचाई जल उपलब्ध रहता है, पर 5HP क्षमता के सौर उर्जा चालित सतही पम्पसेट आधारित छोटे उदवह सिंचाई इकाई स्थापित किये जाएगें। जिनकी सिंचाई क्षमता लगभग 05 एकड़ होगी, इस उदवह सिंचाई इकाईयों की स्थापना एकल / सामूहिक इकाई के रूप में की जाएगी।
**B. 2HP सतही सौर उर्जा आधारित पम्पसेट स्थायी सिंचाई इकाई:–**
इसके अन्तर्गत नदी, नाले, तालाब, चेकडैम, कुएँ जैसे जलस्रोत जहाँ प्रायः सालों भर पर्याप्त मात्रा में सिंचाई जल उपलब्ध रहता है, पर 2HP क्षमता लगभग 01 एकड़ होगी। इस प्रकार की सिंचाई इकाईयों ट्राली के उपर अवस्थित होगी और जो किसानों को व्यक्तिगत स्तर पर उपयोग के लिये प्रदान की जाएगी।

❖ **आवेदक की पात्रता एवं आवेदन की प्रक्रिया :–**
1. कृषक समूह / स्वयं सहायता समूह / FPO/ FPC/Co-Opera VES की ओर से समूह / संस्था के अध्यक्ष / सक्षम पदाधिकारी आवेदन कर सकते हैं।
2. आवेदन किसान / अध्यक्ष / सक्षम पदाधिकारी का आधार / राशन कार्ड का e-KYC होगा।
3. आवेदन में FPO/ FPC/LAMPS/PACS के User Group लाभुकों की विवरणी देनी होगी।
4. किसान / समूह / संस्था यह सुनिश्चित करेंगे कि आवेदकों की भूमि जल स्रोत के पास में ही हो। अन्यथा भूमि निरीक्षण के दौरान आवेदन सही नहीं पाये जाने पर निरस्त किया जा सकता है।

❖ पात्रता :–
1. व्यक्तिगत किसान / कृषक समूह FPO/ FPC/LAMPS/PACS के User Group के सदस्य / शेयर होल्डर–झारखण्ड राज्य का स्थानीय होना चाहिए।
2. कृषक समूह / महिला स्वयं सहायता समूह (JSLPS पंजीकृत)/ FPO/ FPC/LAMPS/PACS का पंजीकृत कार्यालय–झारखण्ड राज्य होना चाहिए।
3. किसान / सदस्य / शेयर होल्डर की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
4. किसान / सदस्य / शेयर होल्डर के पास वैद्य आधार नम्बर होना चाहिए।
5. एक परिवार से एक ही सदस्य पात्र होगें।
6. किसान / परिवार / समूह के सदस्य के पास जल स्रोत एवं जमीन होने का प्रमाण होना चाहिए।
7. आधार लिंक मोबाईल नम्बर होना चाहिए।

❖ **निम्नलिखित श्रेणी के आवेदक इस योजना के पात्र नहीं होगें :–**
1. बटाईदर किसान / परिवार में कोई सवैधानिक पद पर हो / राज्य एवं केन्द्र सरकार / पी0एस0यू0 / सरकारी स्वायत निकायों के सेवारत या सेवा निवृत अधिकारी एवं कर्मचारी / डॉक्टर / इंजीनियर / सी0ए0 / आकिटेक्ट्स / वकील जैसे प्रोफेशनल / सरकारी कर्मी (चतुर्थ वर्गीय कर्मी को छोड़कर) / जिसको अन्य किसी विभाग / संस्था से समरूप सिंचाई योजना से आच्छादित लाभुक एवं उनके परिवार / काली सूची में दर्ज किसान उत्पादक / किसान उत्पादक कम्पनी सहकारी समिति।

❖ **आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज :–**
(क) व्यक्तिगत किसान इस योजना के लिये निम्नलिखित दस्तावेज योजना के पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड करने होगे :–
   (a) जमीन का मालगुजारी रसीद
   (b) वंशावली का शपथ पत्र / JRFRY से अनुबंधित किसान
   (c) आधार कार्ड का फोटो कॉपी
   (d) बैंक पासबुक का फोटो कॉपी
   (e) आधार कार्ड लिंक मोबाईल नम्बर
   (f) आधार लिंक राशन कार्ड नम्बर
(ख) SHG/FPO/ FPC/LAMPS/PACS के लिये निम्नलिखित दस्तावेज योजना के पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड करने होगे :–
   (a) संस्था पंजीकरण का प्रमाण–पत्र
   (b) अध्यक्ष / सक्षम पदाधिकारी का आधार कार्ड तथा आधार लिंक मोबाईल नम्बर
   (c) संस्था के मूल सदस्यों आधार कार्ड का फोटो कॉपी
   (d) जिस भूमि के लिये आवेदन किया है उस भूमि का मालगुजारी रसीद
   (e) संस्था का बैंक खाता

❖ आवेदन एवं लाभुक चयन की प्रक्रिया :–
- पात्र आवेदक अपना आवेदन दिये गये आवेदन प्रपत्र (क, ख एवं ग) में सारी वांछित जानकारी भरेंगे। अलग–अलग प्रकार के आवेदक के लिये अलग–अलग आवेदन प्रपत्र भरे जायेंगे।
- आवेदक आवेदन करने के लिये योजना के पोर्टल से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।
- डाउनलोड आवेदन पत्र को आवेदक द्वारा भरा जाएगा। आवेदन पत्र भरने के उपरान्त ग्राम सभा द्वारा अनुमोदन कराना होगा।
- ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित आवेदन तथा वांछित दस्तावेजों के साथ आवेदक को अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र (CSC) या अन्य केन्द्र में जाकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी तथा आवेदक को प्रज्ञा केन्द्र हेतु निर्धारित सेवा शुल्क का वाहन करना होगा।
- प्रज्ञा केन्द्र द्वारा आवेदकों की सारी जानकारी पोर्टल पर ऑनलाईन भरी जाएगी तथा वांछित दस्तावेजों को भी अपलोड करना होगा। साथ ही आवेदक अपना आधार कार्ड एवं राशन कार्ड आधारित e-KYC करायेंगे।
- ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त आवेदक को रसीद / पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी, जो कि भविष्य में सन्दर्भ सूत्र के लिये इस्तेमाल किया जा सकता है।
- अनुमोदन प्राप्त लाभुकों को 07 दिनों के अन्दर Escrow Account बैंको में खुलवाना होगा। तथा लाभुक अंशदान 10 प्रतिशत राशि Escrow Account में जमा करना होगा।
- प्रखण्डवार लक्ष्य का निर्धारण एवं योजनान्तर्गत 90 प्रतिशत अनुदान की राशि का निर्धारण से संबंधित कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई पूर्ण होते ही प्रखण्ड हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं कृषक अंशदान की राशि से अवगत कराया जाएगा।

योजना के अधिक जानकारी / प्रपत्र हेतु आत्मा खूँटी के वेबसाईट www.atmakhunti.co.in तथा संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक / सहायक तकनीकी प्रबंधक के कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

परियोजना निदेशक ''आत्मा''
खूँटी

**PR 330541 Agriculture(24-25)#D**

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची, गुरुवार, 25 जुलाई 2024



# बजट को किसी ने सराहा तो किसी ने बिल्कुल दिया नकार



बजट में सरकार ने जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए ÷पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियाने शुरू करने की घोषणा की है। इस अभियान से 63 हजार गाँवों के लगभग 5 करोड़ जनजातीय बहन - भाई लाभान्वित होगे। आम बजट 2024 - 25 विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। यह बजट राष्ट्र समेत सभी राज्यों के समावेशी विकास को भी बल प्रदान करेगा। इस जन कल्याणकारी बजट के लिए देश के प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व अभिनंदन है।

**राज सिन्हा**
**विधायक, धनबाद।**



वित्त मंत्री का ये बजट बहुत ही निराशाजनक है जो केन्द्र सरकार की कमजोरी और अस्थिरता का उदाहरण है। पूरा बजट दो राज्यों और दो विशेष राजनीतिक दलों को फायदा देने के लिए है, क्योंकि सरकार को अपनी कुर्सी बचानी है। इसमें मध्यम वर्ग, किसानों, बेरोजगारों और महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं है। भाजपा केवल जनता को छलने का काम कर रही है।

**मुख्तार अहमद**
**(प्रदेश अध्यक्ष)**
**अल्पसंख्यक प्रकोष्ट,टीएमसी।**



केन्द्र सरकार की बजट में युवाओं, बेरोजगारों, किसानों, गरीब और मध्यम वर्गों के लिए कुछ भी नही है।

बड़े उद्योगपतियों को कमाई करने का और बजट में आंध्रप्रदेश और बिहार को केवल पैसे उपलब्ध करवा कर सरकार बचाने का जुगाड़ है। इस बजट मे देश की जनता के साथ छलावा किया गया है।

**शमशेर आलम**
**(प्रवक्ता)**
**झारखंड प्रदेश।**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट पेश किया जो स्वागत योग्य है।

विकास के मद्देनजर आंध्र प्रदेश और बिहार के लिए कई बड़े ऐलान किए गए हैं।

सब कुछ मिला के देखा जाए तो यह बजट मजदूरों, किसानों, युवाओं व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को फायदा देने वाला बजट है।

**उदय प्रताप सिंह**
**(समाजसेवी)।**



देश के वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट आज तक का सबसे निराशाजनक बजट है।

मध्यम वर्गीय परिवार, सीनियर सिटीजन, महिलाएं एवं युवाओं के लिए कुछ भी नहीं दिया गया है। वहीं किसानों के लिए भी कुछ खास नहीं है।

कुल मिला कर यह बजट के नाम पर केवल एक खानापूर्ति है।

**बैभव सिन्हा**
**(सचिव)**
**झारखंड प्रदेश कांग्रेस।**



यह बजट राजनीतिक रूप से पक्षपाती और जन विरोधी है जिसे सत्ता बचाओ बजट भी कह सकते हैं।

खामियों से भरा और जनता को गुमराह करने वाला यह बजट बिल्कुल दिशाहीन है जिसमें कोई दूरदर्शिता नहीं है।

यह किसानों, गरीबों, महिलाओं एवं मध्यम वर्ग विरोधी बजट है।

**सतपाल सिंह ब्रोका**
**(प्रवक्ता)**
**धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में आयकर में राहत मिलने से धनबाद के लोगों में खुशी है। वहीं कुछ ने बजट को सामान्य बताया।

एक ओर सत्ता पक्ष ने इसे सराहा है तो वहीं विपक्ष ने इस बजट को पूरी तरह से नकार दिया है। कहा कि बजट में किसी के लिए कुछ भी नहीं है।

कुल मिला कर बजट के प्रति लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है। किसी को यह बजट काफी पसंद आ रही है तो किसी ने इसे दिशाहीन तक कह दिया।

पक्ष और विपक्ष के लोगों मे जुबानी जंग जारी है।

कोई प्रसंशा करते नही थक रहा है तो किसी को इस बजट मे केवल खामियां ही दिख रही है। कई लोगों को कहना है की इस बजट मे केवल दो राज्यों पर विशेष ध्यान दिया गया है जबकि झारखंड के हाथ खाली ही रहे।

वहीं सत्ता पक्ष का मानना है की इस बजट मे सभी वर्ग का ख्याल रखा गया है और देश के विकास मे यह बजट मिल का पत्थर साबित होगा।

## जन वितरण प्रणाली राशन डीलर सह-कांग्रेस नेता का हुआ निधन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अंतर्गत ग्राम सुग्गासार (कजरो) के जन वितरण प्रणाली विक्रेता राशन डीलर सह- कांग्रेस नेता सहदेव तुरी का राशन वितरण करते समय हार्ट अटेक आने से बुधवार के शाम लगभग 4 बजे अचानक हार्ट अटेक के दौरा आने से PDS दुकान में ही राशन वितरण करने के दरमियान निधन हो गया जिससे पुरे पिंडाटांड पंचायत में शोक का लहर दौड़ गई, वह बहुत अच्छा डिलर था और उसके स्वभाव का चर्चा पंचायत के साथ साथ प्रखंड में भी हुआ करता था जो अचानक राशनकार्ड धारकों को छोड़ कर भगवान के प्यारे हो गए इस शोक संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए मौके पर पिंडाटांड पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विश्वनाथ वर्मा, सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र यादव, जेएमएम नेता विजय वर्मा, रानिखावा राशन डीलर बासुदेव रविदास, राजेन्द्र रजक, वार्ड सदस्य लखन तुरी, सुरेश, मनोज, गौतम, नारायण यादव इत्यादि लोग मौजूद थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय परांचीडीह मे प्रबंधन समिति का किया गया पुनर्गठन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत मलुवाटांड पंचायत के पराँचीडीह गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मे बुधवार को आदेशानुसार प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। यह गठन पर्यवेक्षक रामानंद कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक रामदेव राणा सहित काफी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। नियमानुसार सर्वप्रथम 12 सदस्य का चुनाव किया गया जिसमें प्रवीण कुमार, जितेन्द्र कुमार, मोहन वर्मा, मुकेश वर्मा, चंद्रदेव कुशवाहा, ललन वर्मा, मीना चौधरी, बेबी देवी, पुष्पा देवी, रिंकू देवी, पूनम देवी, हेमंती देवी को चुना गया। सभी सदस्यों द्वारा प्रवीन को अध्यक्ष के रूप मे चुना गया वही उपाध्यक्ष हेमंती देवी और संयोजिका मीना चौधरी को गया। इस प्रबंधन समिति मे विद्यालय को पुनः नया अध्यक्ष मिला। चुनाव के परिणाम के बाद लोग बधाई दे रहे हैं साथ ही उम्मीद है कि विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था और दुरस्त होगा।

## मोहनपुर में जिला परिषद द्वारा स्नान घाट का हुआ शिलान्यास




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बुधवार को गिरिडीह सदर प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर पंचायत के डुमरिया आहरी स्नान घाट का सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य डोली कुमारी के द्वारा किया गया। वही योजना की लागत राशि छह लाख उनासी हजार एक सो रुपए है।जिला परिषद सदस्य डोली कुमारी ने कहा कि घाट और सौंदर्यीकरण कार्य हो जाने से यहां के लोग को लाभ मिलेगा और मोहनपुर पंचायत के विकास के सदन में लगातार आवाज उठाते रहेगे। मौके पर शिलान्यास कार्यकर्म में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य डोली कुमारी, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार राय, रामेश्वर शर्मा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बीरेंद्र राय, अजीत शर्मा, चिरंजीवी पंडित, अर्जुन पंडित, गौतम राणा, घनश्याम पंडित, आकाश विश्वकर्मा समेत ग्रामीण उपस्थित थे ।

# 3.0 आम बजट में समाज के सभी वर्गों-किसान, महिला, गरीब, युवा का ख्याल रखा गया है : प्रो विनीता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह** : आम बजट पर गिरिडीह की प्रो विनीता कुमारी प्रदेश मंत्री भाजपा महिला मोर्चा झारखंड सह स्वतंत्र निदेशक वित्त मंत्रालय जीआईसी भारत सरकार ने मोदी सरकार 3.0 का आम बजट अमृतलाल का अमृत बजट है जिसमें समाज के सभी वर्गों - किसान, महिला, गरीब, युवा सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है।

युवाओं को उनकी शिक्षा, प्रशिक्षण कौशल, एवं रोजगार के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया, इसमें युवाओं को अगले 5 सालों में 4 करोड़ नए रोजगार दिए जाएंगे। कुल मिलाकर यह बजट 2047 में विकसित भारत के सपने की नींव रखेगा और आत्मनिर्भर भारत को साकार करेगा। इसके लिए मैं आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित मंत्री निर्मला सीतारमण जी के प्रति आभार व्यक्त करती हूं।

## आम बजट में किसानों व नौजवानों को मिला झुनझुना : आप

- कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज और दवा मुफ्त होनी चाहिए : शर्मा
- ना नौकरी मिली,ना एमएसपी की गारंटी



आम आदमी पार्टी ने आम बजट पर कडी प्रतिक्रिया दी है। आप के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि बजट में किसानों और नौजवानों को मोदी सरकार ने एक बार फिर झुनझुना थमा दिया । ना नौजवानों को नौकरी और ना ही किसानों को एमएसपी की गारंटी मिली। उन्होंने कहा कि किसानों को ऋण माफी की उम्मीद थी, लेकिन निराशा हाथ लगी। श्री शर्मा ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज और दवा बिल्कुल मुफ्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व के बजट में सात लाख तक कोई टैक्स नहीं , कोई टैक्स नहीं का ढिंढोरा पीटा गया अब 3-7 लाख रू की आय पर 5त्न टैक्स लगाया गयाहै। उन्होंने इस बजट को मध्यम वर्ग को निराश करने वाला बजट करार दिया। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार को गांव में आधारभूत संरचना मजबूत करने की जरूरत है ताकि नौजवानों का पलायन रूक सके , गांवों से नौजवानों का पलायन हो गया है। कहा कि मोबाइल नहीं शिक्षा सस्ता होना चाहिए।

## झारखंड पुलिस जवान खुर्शीद आलम की मिट्टी मंजिल में उमड़ा जनसैलाब, विधायक ने परिजनों को बंधाया ढांढस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी** : टुंडी के लछुरायडीह पंचायत के कोटालडीह गांव निवासी झारखंड पुलिस जवान खुर्शीद आलम उम्र 46 वर्ष का कल मंगलवार को देवघर में अचानक सीने में दर्द के बाद हार्ट अटैक आ जाने से निधन हो गया।आज जब जवान का पार्थिव शरीर कोटालडीह गांव पहुंचा तो परिजनों द्वारा दहाड़ मारकर रोने से पूरा गांव गमगीन सा माहौल हो गया। परिजनों का रोते बिलखते देख पूरा गांव के लोगों का आंखें नम हो गया।

इस दुःख की घड़ी में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ मृतक के पैतृक आवास कोटालडीह पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया एवं कहा कि इस तरह की घटना से बहुत दुखी हूं एवं झारखंड के लिए अपूरिणीय क्षति हुई है।

वहीं गोविंदपुर बीस सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी ने कहा कि खुर्शीद आलम जैसे होनहार पुलिस जवान का असमय निधन होने से मन काफी व्यथित हैं जिसका भरपाई कभी नहीं हो सकता।

आज के इस मिट्टी मंजिल में मुस्लिम समुदाय के अलावा हिन्दू समाज से भी जनसैलाब देखने को मिला और लोगों ने नम आंखों से खुर्शीद आलम को अंतिम बिदाई दी एवं कुशल व्यवहार को लेकर लोगों द्वारा खूब तारीफ की गई। मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, उनके निजी सचिव बसंत महतो, गोविंदपुर बीस सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी, सी आई डी के प्रदेश सचिव मोहम्मद जाहिद हुसैन, झामुमो नेता ऐनूल अंसारी, क्यूम अंसारी, अनवर अंसारी कांग्रेस नेता असद कलीम, समाजसेवी सलाउद्दीन अंसारी, लछुरायडीह मुखिया प्रतिनिधि मनीष साव, कमारडीह मुखिया जयनारायण मंडल, सुखदेव महतो समेत हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## बजट में भारतीय रेलवे को 2,62,200 करोड़ रुपए का मिला आवंटन : रेल मंत्री

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हाजीपुर** : अश्विनी वैष्णव,रेल मंत्री, भारत सरकार द्वारा रेलवे बोर्ड से वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बजट 2024-25 के रेल पर आधारित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय रेलवे हेतु रिकॉर्ड धनराशि रूपये 2,62,200 करोड़ आवंटित की गयी है। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के लिए रेलवे हेतु आवंटित धनराशि से अवगत कराया। रेल मंत्री ने कहा कि जहां 2009-14 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 60 से 65 किमी नई लाइन का निर्माण होता था वहीं 2014 से 2024 के मध्य औसतन प्रतिवर्ष 160 किमी नई लाइन का निर्माण हुआ है। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर इस समर सीजन में लगभग 12 हजार स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया है। पिछले वर्ष लगभग 700 करोड़ यात्रियों ने रेलवे से यात्रा की । उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 तक लगभग 05 लाख लोगों को रेलवे में भर्ती की गयी है। इसी कड़ी में उन्होंने बिहार राज्य के लिए रेलवे हेतु आवंटित धनराशि का जिक्र करते हुए बताया कि यूपीए के कार्यकाल 2004 से 2014 में बिहार में रेलवे के विकास के लिए 1,132 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बढ़ाकर 10 हजार 33 करोड़ रूपये कर दिया गया है, जो कि पिछली सरकार की तुलना में 9 गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना के लिए फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण किया जा चुका है तथा बिहार के 92 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्निमाण किया जा रहा है। बिहार में 79356 करोड़ की लागत से नई लाईन/दोहरीकरण/आमान परिवर्तन की 55 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। रेल मंत्री के प्रेस कॉन्फ्रेंस के पश्चात उपस्थित संवाददाओं को महाप्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल छत्रसाल सिंह ने भी बजट में रेलवे हेतु किये गये प्रावधानों से उन्हें अवगत कराय।

## क्षेत्र भ्रमण के दौरान पूर्व विधायक नागेंद्र महतो आमजनों की समस्याओं से हुए रूबरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर** : विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान गादी पंचायत में राशन वितरण की समस्याओं को लेकर आम जनों से बात किया। आपको बता दें कि विगत माह जन वितरण प्रणाली विक्रेता भूपति महतो की मृत्यु के पश्चात प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा भूपति महतो से संबंधित कार्डधारियों को मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह ग्राम नगलो में जोड़ दिया गया था। जिसमें कार्डधारियों को अप्रैल माह का राशन भी मिला था। परंतु अगले माह उक्त कार्डधारियों को जन वितरण प्रणाली विक्रेता तिलकधारी महतो ग्राम पेशम के पास स्थांतरित कर दिया गया। जिससे गादी पंचायत के ग्राम नगलो, कुरवाटांड़, खेसरो, बसगना से ग्राम पेशम की दूरी लगभग पांच किलो मीटर है। जिससे स्थानीय कार्ड धारियों को राशन प्राप्त करने में काफी दूरी एवं कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस समस्या को लेकर स्थानीय कार्डधारियों ने बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो को अवगत करवाया। इस बीच पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी गिरिडीह से फ़ोन से वार्ता कर राशन कार्डधारियों की समस्याओं को रखा एवं इस समस्या को हल करने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

## पुराना बाजार में 40 दुकानों का छज्जा टूटने के बाद रूका अतिक्रमण हटाओ अभियान, मिली दो दिन की मोहलत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : बुधवार को शहर के पुराना बाजार में 40 दुकानों का छज्जा टूटने के बाद बीच में ही अतिक्रमण हटाओ अभियान रूक गया।

मुनादी के दूसरे दिन भी निगम के अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों की अपील पर छज्जा और शेड हटाने के लिए दो दिन की मोहलत दी है। नगर निगम के फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने कहा की पुराना बाजार की सड़क 40 फीट चौड़ी है, लेकिन अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई है।

नाले के ऊपर दुकानदार चौकी लगाकर अतिक्रमण कर रहे हैं। दुकान के बाहर शेड लगा दिया है। आगे से दिखे जाने पर जुर्माना के साथ साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। पुराना बाजार में पानी टंकी से रेलवे फाटक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। दो दिन बाद फिर चलेगा।

**दुकान के आगे दुकान और ठेला लगाने वालों से होती है वसूली :-**
निगम के अधिकारियों का कहना है कि जब दुकानों के सामने ठेला लगाने वालों से पूछा तो उन्होंने बताया कि दुकान के सामने ठेला लगाने के बाद उन्हें हर दिन 200 से 300 रुपए दुकानदार को देना पड़ता है। फुटपाथ पर छोटी दुकान लगाने वालों से भी दुकानदार रोजाना 400 से 500 रुपए लेते हैं। निगम अब ऐसे दुकानदारों को भी चिह्नित कर रहा है।

**e-Procurement Cell**
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
Ranchi

**e-Procurement Notice**
**( Short Notice)**
**Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Division, BCD, Ranchi-05/2024-25 Date:-22.07.24**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Supply & Installation of Steel Rack & Other Miscellaneous Work in New Jharkhand High court Building at Dhurwa , Ranchi | Rs. 7,63,43,900.00 | 120 (One hundred Twenty days ) |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 29.07.2024 | |
| ii | बिड प्रापित के लिए अन्तिम तिथि/समय | 13.08.2024 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 14.08.2024 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell, Office of the Executive Engineer Special Works Division Building Construction Department Ranchi | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8092415503 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 8092415503 | |

Note:- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders. gov. in
Any Other information can be on Website http:// Jharkhand tenders.gov. in

**Nodal Officer,**
**e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Special Works Division**
**Building Construction Department,**
**,Ranchi .**

PR 330378 Building
(24-25)D

## चलते चलते एक नजर

### एनआईए की टीम ने मैकलुस्कीगंज के जीतेंद्र पांडेय व रोहित के घर पर छापेमारी की



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को सुबह होते ही रांची जिला के अंतर्गत एनआईए की टीम रांची और लातेहार जिले में छापेमारी करने पहुंची थी। रांची जिला अंतर्गत मैकलुस्कीगंज और लातेहार जिला के चंदवा के नजदीक निंद्रा गांव में खबर लिखे जाने तक एनआईए की टीम छापेमारी की थी। बताया जा रहा है कि टेरर फंडिग से जुड़े मामले में यह छापामारी चल रही थी। मैकलुस्कीगंज में भाजपा नेता सुरेंद्र पांडेय के छोटे भाई और ठेकेदार जितेंद्र पांडेय और इसके पांच सौ मीटर दूरी पर रहने वाले रोहित यादव के घर सहित अन्य ठिकानों पर छापेमारी हुई थी। पुलिस की टीम जितेंद्र पांडेय के घर पहुंची तो आस पास के लोगों में हरा हरा वर्दी देखकर नक्सली टीम की संदेह हुई क्यूंकि आज से लगभग 16,17 साल पहले इसी घर के पास नक्सलियों ने सुरेंद्र पांडेय, जितेंद्र पांडेय परिवार को बंधक बना लिया था और मारपीट की गई थी। इसलिए जब हरी वर्दी में नजर आये जवानों को देखकर कौतूहल का विषय बन गया, फिर देखते देखते सब समझ गये कि नहीं ये लोग सभी पुलिस ही हैं और फिर कुछ देर बाद पता चला कि एनआईए की टीम है । वहीं दूसरी ओर पांडेय के घर से कुछ दूरी पर रोहित यादव के घर और निंद्रा गांव स्थित ईट भट्ठे पर एनआईए की टीम पहुंची थी। रोहित यादव पूर्व में टेरर फंडिग के आरोप में जेल जा चुका है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही मैक्लुस्कीगंज में पुल निर्माण करा रहे एक ठेकेदार को नक्सलियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। बताया जा रहा है कि कुछ पैसे और दो मोबाइल जब्त किया गया है, हालांकि अभी तक अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### वनवासी कल्याण केंद्र के निः शुल्क कोचिंग सेंटर निर्माण में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रशासनिक सेवा की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा संचालित निर्माण निशुल्क कोचिंग संस्थान में दसवें सत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रतिभावान और आर्थिक रूप से कमजोर जनजाति एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थी जो जेपीएससी या अन्य राज्य प्रशासनिक सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए यहां पर निशुल्क कोचिंग दी जाती है। इच्छुक विद्यार्थी वनवासी कल्याण केंद्र के प्रशासनिक कार्यालय से फॉर्म प्राप्त करके 20 सितंबर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदकों के लिए लिखित चयन परीक्षा 22 सितंबर को होगी। परीक्षा में सफल विद्यार्थी ही नए सत्र में नामांकन के लिए पात्र होंगे। इस संबंध में वनवासी कल्याण केंद्र के प्रांत प्रचार प्रमुख सुनील सिंह ने बताया कि निर्माण निशुल्क कोचिंग के पिछले 9 सत्रों में अभी तक 300 विद्यार्थियों ने लाभ उठाया है।

# आंखों में बरसात का पानी न जाने दें : डॉ. हेमलता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बूटी मोड़ स्थित लाइफ केयर अस्पताल की पीडियाट्रिक आप्थाल्मालॉजिस्ट डॉक्टर हेमलता भारती ने बताया कि बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा अपनी आंखों का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि बारिश में कंजंक्टिवाइटिस व पिंक आई काफी तेजी से फैलता है। आई में सफेद एक लेयर होता है, उसमें इंफेक्शन होता है। डॉ भारती ने बताया कि कंजेक्टिवाइटिस दो तरह के होते हैं। कंजंक्टिवाइटिस एलर्जी होता है और दूसरा केमिकल होता है। एलर्जी दरअसल बारिश में हमारे यहां काफी तेज हवाएं चलती है। हवाओं के साथ-साथ फूलों के छोटे-छोटे कण, पेड़ के कई छोटे छोटे पार्ट्स जो काफी एलर्जीक होता है,उसके कण अगर आंख में चला जाता है तो वह एलर्जी कंजंक्टिवाइटिस करता है। दूसरा होता है कि स्विमिंग पूल में जो नाहने जाते हैं। ऐसे पुल में बहुत ज्यादा केमिकल्स रहता है। उस पानी के कांटेक्ट में आई आता है। जिस कारण से आंख में दिक्कतें आती है। उन्होंने बताया कि जब आप पानी के कांटेक्ट में आते हैं, कहीं भींग रहे हैं तो कंजंक्टिवाइटिस की समस्या आती है। इसमें आंख लाल हो जाता है। आपका आंख आया है तो यह कंजंक्टिवाइटिस है। ऐसे में आप अपनी आंख को रगड़ के उसमे जो भी गंदगी है, उसमें टच करने से हेल्दी आंख के पास ले जाएंगे तो उस आंख में भी वैसा ही समस्या हो जाएगा। अगर आपको कंजंक्टिवाइटिस हुआ है तो बार-बार अपने हाथ से आई को टच न करें और अपना अलग रुमाल तावल रखें। जो सामान आप इस्तेमाल कर रहे हैं उसे बाकी लोग इस्तेमाल ना करें। दूसरी बात किठुआप जो चश्मा लगाते हैं, आप अपना चश्मा बाकी लोग को शेयर ना करें।

**डार्क ग्लास पहनना चाहिए :** जिसको आंख आया है उस व्यक्ति को डार्क ग्लास पहनना चाहिए। क्योंकि सनलाइट वगैरह में काफी प्रॉब्लम होता है। किसी को रेड आई कंसीडर्स होता है खुद से या मेडिकल स्टोर से मेडिसिन लेकर के गलती से भी इस्तेमाल ना करें। आप अपने नजदीकी डॉक्टर के पास संपर्क करें।

# झारखंड में सशक्त हो रहा बाबूलाल मरांडी की टीम

## नवीन जायसवाल को रघुवर दास के विकल्प के रूप में पेश करने की तैयारी

### रामचंद्र चंद्रवंशी को रिटायर कर आलोक चौरसिया को बनाया जायेगा पलामू प्रमंडल में पिछड़े समाज का फेस

### पलामू-चतरा में कालीचरण तो संथाल में रणधीर सिंह होगे सर्वण का चेहरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड भाजपा में नये लीडरशीप का उभार हो रहा है. राज्य गठन के बाद जब पहली बार बाबूलाल मंराडी के नेतृत्व में सरकार बनी तो 26 माह के बाद मरांडी सरकार को उनके सहयोगियों ने अपदस्थ कर दिया। तब क्राइसिस मैनजमैंट के तहत पार्टी ने अर्जुन मुंडा को आगे कर सरकार बचायी. उसके बाद बागी हो कर मरांडी ने अपनी अलग पार्टी बना ली. लेकिन बदली राजनीतिक परिस्थिति में झाविमों में टीम मरांडी के मजबूत आधार रहे सभी नेता अब उनके साथ भाजपा में हैं. भाजपा में नये लीडरशीप के रूप में उभार ले रहे है. पार्टी के प्रदेश प्रमुख के रूप में बाबूलाल मंराडी का संरक्षण मिलने के कारण पूर्व से स्थापित नेताओं को दरकिनार कर अपने आप को स्थापित करने में सफलता भी हासिल की. मौजूदा जो राजनीतिक स्थिति है, उस पर गौर करने से यह बात स्पष्ट रूप से उभर कर सामने आ रहा है. बाबूलाल मंराडी के बाद अमर कुमार बावरी नंबर टू पर हैं. उन्हें विधायक दल का नेता बनाया गया है. रांची में रिटायरमेंट के दहलीज पर खड़े विधायक सीपी सिंह की जगह नवीन जायसवाल को शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है. इसका संकेत व संदेश उसी वक्त मिल गया था, जब लोकसभा चुनाव के दौरान रांची विधानसभा अंर्तगत आने वाले चुटीया में गृह मंत्री अमित शाह के रोड शो से सीपी सिंह गायब थे और नवीन जायसवाल की सशक्त मौजूदगी थी. रघुवर दास के राज्यपाल बनने के बाद भाजपा के अंदर पिछड़ा समाज के नेता की जगह लेने के लिए भाजपा के अंदर होड मची है. इस दौड में वीरंची नारायण भी हैं लेकिन मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति में वीरंची नारायण पर नवीन भारी पड रहे है. इसलिए इस राजनीतिक चर्चा को बल मिल रहा है. जिस तरह अमर बावरी को दलित समाज के नेता के रूप में प्रोजेक्ट किया जा रहा है तो नवीन को पूरे राज्य के पिछडे नेता के तौर पर प्रोजेक्ट किया जा रहा है. इस टीम के एक और सदस्य आलोक चौरसिया को पलामू प्रमंडल के पिछड़ा समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में सामने लाया जा रहा है. पलामू में पिछडे समाज के नेताओं का लंबा इतिहास रहा है. पूरनचंद, मधु सिंह, अनिल चौरसिया (तीनों स्वर्गीय) रामचंद्र केसरी, रामचंद्र चंद्रवंशी आदि रहे हैं। रामचंद्र चंद्रवंशी राज्य की रघुवर सरकार में मंत्री भी रहे हैं।फिलहाल वह विश्रामपुर से भाजपा के विधायक हैं.लेकिन 2024 में उनके चुनावी समर में उतरने में उम्र आडे आ रही है.



इसलिए वह चाहते हैं कि उनका बेटा ईश्वर सागर चंद्रवंशी राजनीति में उनकी जगह ले. यदि ऐसा होता भी है तो यह आलोक चौरसिया को राजनीतिक फायदा ही पहुंचायेगा. तब निर्विवाद रूप से आलोक पिछडे समाज के नेता के रूप में अपनी धाक जमा लेंगे. क्योंकि तब पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता भी राजनीति में आलोक से जूनियर ही पडेगे. इसी को ध्यान में रख कर टीम बाबूलाल अपनी तैयारी भी कर रहा है. संथाल में सर्वण कोटे से रणधीर सिंह को आगे लाने की तैयारी है. सीता सोरेन के आरोप को संगठन में जिस हल्के तरीके से लिया गया, उससे रणधीर सिंह की दल के अंदर के ताकत को बेहतर तरीके से समझा जा सकता है. टीम बाबूलाल अब पूरी तरह से भाजपा पर काबिज हो रही है. टीम किस तरह से ताकतवर हुई उसका प्रमाण लोकसभा चुनाव के दौरान ही देखने को मिला. जब सुनिल सिंह (चतरा के पूर्व सासंद) को दरकिनार कर कालीचरण सिंह को चतरा का सासंद बना दिया गया. पीएन सिंह को आउट कर ढुल्लू महतो को धनबाद की राजनीति में मोदी लहर में स्थापित कर दिया गया. कभी प्रवीण सिंह मंराडी के किचेन कैबिनेट के सदस्य हुआ करते थे, तो रविंद्र राय भरोसमंद साथी. पर आज की तिथि में बाबूलाल मंराडी ने दोनो को दरकिनार कर दिया है.भले ही आदिवासी बाहुल्य सीट पर मंराडी का जादू नही चला. पर दूसरी तरफ जो उनकी पुरानी टीम है, वह पूरी सक्रियता के साथ अपने वर्चस्व को स्थापित करने में जुटा है.

## बिहार में पेपर लीक होने पर दोषियों को 10 साल तक सजा और एक करोड़ रुपये का लगेगा जुर्माना

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार में जारी विधानसभा के सत्र में नीतीश कुमार की सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। दरअसल, बिहार सरकार राज्य में पेपर लीक और धांधली के खिलाफ विधेयक लाई है।

इस विधेयक को आज बुधवार को ही विधानसभा में पेश किया गया और ये सदन में पास भी हो गया है। विधेयक में पेपर लीक या धांधली में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई के प्रावधान भी किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, पेपर लीक और धांधली पर लगाम लगाने के लिए बिहार की नीतीश सरकार ने विधानसभा में बिहार लोक परीक्षा विधेयक 2024 पेश किया। इस विधेयक में प्रावधान किया गया है कि पेपर लीक या इससे जुड़ी किसी भी गतिविधि में शामिल होने वाले इस कानून के तहत दोषी होंगे। दोषियों को 10 साल तक सजा और एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगेगा। इस कानून के अधीन सभी अपराध संज्ञेय एवं गैरजमानती होंगे। सदन में बिहार सरकार ने एंटी पेपरलीक बिल पर चर्चा करते हुए कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी को रोकने के लिए सख्त कानून बनएंगे। नीट की परीक्षा में जो धांधली हुई है। केंद्र सरकार ने उन गड़बड़ी को रोकने के लिए नियम बनाया। पूरे देश में लागू हो गया है। लेकिन विपक्ष सदन से बाहर चले गए।

# काम करने वाले को वोट दें : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के डंडा प्रखंड के विभिन्न गावों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया। साथ ही शेष समस्याओं का निदान यथाशीघ्र करने की बात कही। मंत्री ने ग्राम डंडा के गढ़ौता टोला में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम कजरमा में देवी धाम के समीप तथा कोरटा बाजार में दुर्गा मंडप के समीप जनसंवाद आयोजित किया। इस कार्यक्रम के दौरान थरिया आदि गावों के 500 से अधिक लोगों ने विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल कराया। साथ ही कोरटा गांव में बहादुर चौधरी के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर हर संभव सहयोग करने की बात कही।

### 500 से अधिक लोग हुए झामुमो में शामिल



### ये लोग हुए पार्टी में शामिल

इस दौरान पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में मुख्य रूप से प्रदीप सिंह, महेंद्र सिंह, रौशन सिंह, दीपक सिंह, विशाल सिंह, सरहु चौधरी, प्रदीप चौधरी, मंदीप चौधरी, प्यारी चौधरी, रामदेव चौधरी, नंदलाल चौधरी, अशोक चौधरी, संतोष चौधरी, कलावती देवी, रामजीत चौधरी, सतेंद्र चौधरी, शिपुजन चौधरी, संजय चौधरी, अमरिका चौधरी, संगीता देवी, शिव ठाकुर, लालमुणि महतो, अनिता देवी, विमला देवी, फुला देवी, सोना देवी, समुद्री देवी, सविता देवी, मीना देवी, काजल देवी, दुखनी देवी, कलिंदा देवी, अमृता देवी, शोभा कुमारी, चंद्रवती कुमारी, हरिचरण चौधरी, मीरा देवी, मंती देवी, राजेश्वर चौधरी, प्रियंका देवी, किरण सिंह, विमली देवी सहित 500 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने जनता का कोई भी कार्य नहीं किया

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की जनता ने किसी को 17 साल, किसी को 10 साल सेवा करने का मौका दिया। लोग झूठ बोलकर लगातार जीतते रहे। परंतु किसी ने जनता का कोई भी कार्य नहीं किया। यहां तक कि क्षेत्र के विकास के लिए मिलने वाला विधायक निधि का भी पैसा खा गया। ये लोग कभी न तो क्षेत्र में विकास कर सकते हैं न ही जनता को अधिकार दिला सकते हैं। ऐसे लोगों को वोट नहीं दें। बल्कि जो व्यक्ति हमेशा आपके बीच रहकर जनता की सेवा कर रहा है, उसे ही वोट दें। ताकि आने वाले समय में क्षेत्र का और बेहतर विकास हो सके।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव 27 और 28 को

**रांची :** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में आइक्यूएसी और हेरिटेज सोसाइटी के तत्वावधान में दो दिवसीय ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन 27 और 28 जुलाई को किया जायेगा। इसमें देश के प्रतिष्ठित संस्थानों और विवि के लोग जनजातीय संस्कृति और विरासत पर प्रकाश डालेंगे। इस संबंध में विवि के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी जनजातीय संस्कृति और उसकी विरासत को सहेजें, संरक्षित करें और नयी पीढ़ी को उससे अवगत करायें। यह दो दिवसीय ट्राइबल हेरिटेज कॉन्क्लेव उसी दिशा में एक प्रयास है, जहां देश के विषय विशेषज्ञ इतिहास, दर्शनशास्त्र, साहित्य, कला, पर्यटन और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आपसी विमर्श और संवाद स्थापित करेंगे, जिससे इस कॉन्क्लेव की समाप्ति के बाद कई सार्थक निष्कर्षों पर पहुंचा जा सके।

## झारखंड विस मानसून सत्र कल से, विस अध्यक्ष ने कहा कि अब तक शून्यकाल के कुल 1346 उत्तर अप्राप्त है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड विधानसभा मानसून सत्र को लेकर अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा, रबीन्द्र नाथ महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में सप्तदश (मानसून) सत्र, 2024 को लेकर विभागों के चरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष ने राज्य के मुख्य सचिव सहित अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मानसून सत्र में कुल 06 कार्यदिवस निर्धारित है। निर्धारित समय से 03 दिन पूर्व, जिन विधायकों को सभा पटल पर रखा जाना है, अथवा किसी प्रकार का विधेयक में संशोधन होना है, उसकी प्रतियाँ सभा सचिवालय को उपलब्ध कराने का विभागों के पदाधिकारियों को निदेश दिये गए। बैठक में पूर्व से लंबित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, शून्यकाल, सरकारी आश्वासन के उत्तर उपलब्ध कराये जाने के संबंध में विचार-विमर्श करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि अब तक शून्यकाल के कुल 1346 उत्तर अप्राप्त है। विभागों के वरीय पदाधिकारी इसे गंभीरता से लें एवं अपने-अपने स्तर से इसके निष्पादन हेतु उचित कार्रवाई करें। इसी प्रकार आश्वासन समिति के 363 आश्वासन एवं निवेदन समिति के 750 निवेदनों के उत्तर भी अप्राप्त है। इन सारे अप्राप्त प्रश्नों के उत्तर का निपटारा भी शीघ्र करने का भी निदेश दिये गए। अध्यक्ष ने मानसून सत्र के दौरान पदाधिकारी दीर्धा में वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने गृह विधाग को सत्र के दौरान सर्तकता बरतते हुए पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति के साथ विधि व्यवस्था को सुनिश्चित करने का भी निदेशें दिए। सड़क दुर्घटना के मध्येनजर विधान सभा एवं हाई कोर्ट के बीच के मुख्य सडक पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू नियमित करने हेतु बैठक में कहा, एवं सत्र के दौरान पर्याप्त चिकित्सकों की व्यवस्था के अलावे आवश्यक जीवन रक्षक दवा व एम्बुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। विधान सभा परिसर में सौर उर्जा से संचालित पैनलों को दुरूस्त करने तथा इलेक्ट्रीक मीटरों को व्यवस्थित ढंग से अधिष्ठापित करने की निदेश भी उर्जा विभाग के वरीय पदाधिकारियों को अध्यक्ष ने दिए।बैठक में मुख्य सचिव, एल खियांग्ते, झारखण्ड विधान सभा के प्रभारी सचिव, सैयद जावेद हैदर, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड, अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव, गृह विभाग, वंदना दादेल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, सुनील कुमार, सचिव, भवन निर्माण विभाग डा मनीष रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची, चन्दन कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त, अमित कुमार एवं विभागों के अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारियों के अलावे हरेन्द्र कुमार साह, उप सचिव, झारखण्ड विधान सभा उपस्थित रहें।

# सांसद ने भवनाथपुर में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने का मामला उठाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार का राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोशन के तहत अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने से संबंधित मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार का राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोशन के तहत अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। उक्त संबंध में एनआईसीडीसी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक भारत सरकार के द्वारा उपायुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर उक्त भूमि पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के संबंध में 6 बिन्दुओं पर प्रतिवेदन मांगा था। विदित है कि उपायुक्त गढ़वा ने उक्त बिन्दुओं पर झारखंड सरकार को प्रतिवेदन समर्पित कर दिया है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना से झारखण्ड राज्य के आर्थिक जांचे में परिवर्तन संभावित है एवं राज्य का संतुलित विकास में इसका बहुत बड़ा योगदान होगा एवं उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार उपलब्ध हो पाएगा जिससे गढ़वा जिला अकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकल सकेगा एवं राज्य के अन्य विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़ा होगा। सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार से मांग करता हूॅ कि झारखंड सरकार से बातचीत कर उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना हेतु अग्रतर कार्यवाई कराने की कृपा की जाय। साथ ही साथ यह भी आग्रह है कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोशन लि0 की टीम भेजकर उक्त जमीन एवं बोकारो स्थित सेल की जमीन का कंपारेटिव इवेल्यूएशन भी करा लिया जाय।

**भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता का गुंडागर्दी चरम पर**

# विधायक के गुंडागर्दी के खिलाफ झारखंड कुम्हार समन्वय समिति ने फूंका पुतला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर टीवी टावर निवासी रविन्द्र प्रजापति के पुत्र विजय प्रजापति को पांकी के भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता द्वारा बेरहमी से पिटाई करने के विरोध में बुधवार को झारखंड कुम्हार समन्वय समिति पलामू जिला इकाई ने छहमूहान पर विधायक श्री मेहता का पुतला फूंका। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि विगत 3 जुलाई को मेदिनीनगर टीवी टावर निवासी रविन्द्र प्रजापति के पांकी के विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता अपने गुंडों के साथ उनके दुकान-मकान में निधड़क घुस गए। चोरी का आरोप लगाते हुए वे घर के महिला सदस्यों से मारपीट व दुर्व्यवहार किए। साथ ही पुरुष मेंबर को बेरहमी से पिटाई की। विधायक श्री मेहता ने गुंडागर्दी दिखाते हुए दुकान का ताला बंद कर रविन्द्र



प्रजापति का बेटा विजय प्रजापति को थाना ले गए। पलामू जिले के थानों में मुकदमा दर्ज नहीं होने पर विधायक शशि भूषण मेहता अपना प्रभाव वाले रांची जिला के ओरमांझी थाना में अपनी बेटी सिम्मी मेहता से मुकदमा दर्ज करवा कर जेल में में डलवा दिया। वक्ताओं ने कहा कि घर परिवार के लोग न्याय के लिए दर दर भटक रहे हैं। दबंग विधायक की गुंडागर्दी चल रही है। विधायक शशिभूषण मेहता के धमकी से आशंका है कि विजय प्रजापति का वे हत्या करवा दे सकते हैं। या मॉब लिंचिंग के शिकार बना सकते हैं। झारखंड कुम्हार समन्वय समिति पलामू कोर कमिटी ने निर्णय लिया है कि पांकी विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्याय मिलने तक संगठन लड़ेगी। बेबुनियाद झूठे आरोप का सरकारी एजेंसी से जांच हो और विधायक के अपराधिक चरित्र का पर्दाफाश हो। श्व5 मौके पर ललन प्रजापति, त्रिपुरारी प्रजापति, परमेंद्र प्रजापति, अनूप प्रजापति संतोष, रवींद्र, उदय, संजीत, ईश्वरी, श्यामनारायण, सुधीर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अपने हाथ में कानून लेने का अधिकार किसी को नहीं : अविनाश देव



झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि चाहे कोई भी व्यक्ति हो, कानून किसी को भी अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। अगर रविंद्र प्रजापति का बेटा विजय प्रजापति कोई गलती किया ही था तो उसके लिए विधायक को कानून की शरण में जाना चाहिए था। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं कर कानून को अपने हाथ में लेते हुए उसके घर में घुस गए। उसके साथ मारपीट की, जो बेहद नींदनीय घटना है। उन्होंने कहा कि विधायिका लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ होता है। ऐसे में विधायक शशि भूषण मेहता को रविंद्र प्रजापति के बेटे के साथ नहीं करना चाहिए था। उन्होंने जो भी किया वह पूरी तरह से गलत है। समाज उनके द्वारा किए गए गलती के खिलाफ पूरी तरह से एकजुट है और निर्णायक लड़ाई लड़ने के मूड में है।